


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 जम्मू-कश्मीर में हुए सभी घोटालों की जांच होगी, अडाणी रिश्वत मामले पर......

'उनके जैसे और प्रधानमंत्री चाहिए : लाइव लॉयड 11



वर्ष : 12 | अंक : 218 | पटना, शनिवार, 23 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# विधानसभा उपचुनाव के आज आएंगे नतीजे, मतगणना की तैयारी पूरी



पटना। बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आज यानी शनिवार को आएंगे। जिसके लिए चुनाव आयोग की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई। इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ में हुए उपचुनाव को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइल माना जा रहा है। सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जाएगी। इमामगंज में एनडीए, महागठबंधन और जन सुराज के उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है। एनडीए ने यहां से जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी को उम्मीदवार बनाया था, जबकि महागठबंधन से रोशन मांझी उम्मीदवार थे। वहीं जन सुराज ने जितेंद्र पासवान को उम्मीदवार बनाया था। बेलागंज विधानसभा सीट पर जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र यादव की साख दांव पर है, तो वहीं दूसरी तरफ राजद का किला भेदने के लिए नीतीश कुमार की जेडीयू पूरी जोर आजमाइश कर रही है। इधर, पहली बार चुनाव लड़ रही प्रशांत किशोर की जन सुराज ने एंट्री लेते ही चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। रामगढ़ विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। यहां आरजेडी से अजीत सिंह, बीजेपी से अशोक सिंह, बसपा से पिंटू यादव और जन सुराज से सुशील सिंह कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं। रामगढ़ में जातीय समीकरणों के साथ-साथ माई समीकरण भी पूरी तरह से बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। तरारी विधानसभा में बीजेपी प्रत्याशी विशाल प्रशांत और माले प्रत्याशी राजू यादव के बीच कांटे का टक्कर है। इस बीच प्रशांत किशोर की जन सुराज की एंट्री ने मुकाबले को रोचक बना दिया है।

## झारखंड व महाराष्ट्र विस चुनाव का परिणाम आज

पटना। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को आएंगे। महाराष्ट्र में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट) का गठबंधन महायुति राज्य में सत्तासीन है। इनका मुकाबला शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) तथा कांग्रेस के गठबंधन महा विकास अघाड़ी से है। महाराष्ट्र को लेकर जो भी एग्जिट पोल्स सामने आए हैं उसमें महायुति गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है, लेकिन कइयों ने महाविकास अघाड़ी और महायुति में कांटे की टक्कर की बात भी कही है। एग्जिट पोल्स कुछ भी कहें लेकिन सत्ता का ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो पुख्ता तौर पर नतीजों के बाद ही साफ होगा। बता दें कि महाराष्ट्र में कुल 288 सीटें हैं और बहुमत के लिए 145 सीटों की जरूरत है। वहीं, झारखंड की बात करें तो यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में कांग्रेस के गठबंधन की सरकार सत्तारूढ़ है। विधानसभा चुनाव 2024 में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन तथा जनता दल यूनाइटेड व लोक जनशक्ति पार्टी के साथ मिलकर लड़ा। झारखंड की कुल 81 सीटों के नतीजों से पहले तमाम न्यूज चैनलों और सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल आ चुके हैं। झारखंड में सिर्फ एक्सिस माय इंडिया ने अपने एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत मिलता दिखाया है। बता दें कि झारखंड में कुल 81 सीटें हैं और बहुमत के लिए 41 सीटों की जरूरत है। 15 राज्यों की 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों के लिए गिनती शनिवार को होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसा : कार में सवार पांच युवकों की मौत

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर कार के ट्रोले की चपेट में आने से उसमें सवार पांच युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि देर रात करीब पौने बारह बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंबेरी से देबारी की तरफ गलत साइड जा रही एक कार को सामने से तेज रफ्तार से आए ट्रोले ने चपेट में ले लिया। हादसे में कार में सवार देलवाडा निवासी हिम्मत खटीक 32, बेदला निवासी पंकज नंगारची 24, गोपाल नंगारची 27, सीसारमा निवासी गौरव जीनगर 23 एवं एक अन्य युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### भागलपुर में जिंदा जलकर एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

पटना। बिहार के भागलपुर में पीरपैंती प्रखंड के अठनिया दियारा में दर्दनाक हादसा हुआ। यहां तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया, जिसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक, अठनिया दियारा में गौतम यादव अपनी पत्नी वर्षा देवी 30 वर्ष, एक बेटा प्रत्युष कुमार 7 वर्ष और बेटी ज्योति कुमारी 4 वर्ष के साथ घर में सोए हुए थे। इस बीच, गुरुवार देर रात घर में आग लग गई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि गहरी नींद मे रहने के कारण गौतम यादव की पत्न ी, बेटी, बेटा घर से निकल नहीं पाए पाए, जिससे तीनों की जलकर मौत हो गई, जबकि गृहस्वामी गौतम यादव किसी तरह आग के बीच से निकलने में कामयाब रहा। ग्रामीणों ने जख्मी गौतम यादव को रेफरल अस्पताल में इलाज करने के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरपैंती थाना पुलिस, बीडीओ, सीओ सहित अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे। पीरपैंती के थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। कहा, अभी तक आग लगने की वजह साफ नहीं हो पाई है। हम आग लगने की वजह का पता लगा रहे हैं, इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है और एक शख्स गंभीर रूप से झुलस गया है, जिसका इलाज कराया जा रहा है। इसके बाद राहत एवं बचाव कार्य का सिलसिला शुरू किया गया।

## मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग की 6199 योजनाओं का किया कार्यारंभ एवं उद्घाटन

# ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और होगा सुगम : नीतीश



- बोलें- पथों एवं पुलों की निगरानी व मेंटेनेंस सुनिश्चित हो
- योजनाओं पर 8837.77 करोड़ रुपये होंगे खर्च

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को1 अणे मार्ग स्थित संकल्प से ग्रामीण कार्य विभाग की 8837.77 करोड़ रुपये लागत की 6199 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से कायार्रंभ एवं उद्घाटन किया। इसके अंतर्गत 6509.93 करोड़ रुपये लागत की 4390 योजनाओं का कायार्रंभ तथा 2327.84 करोड़ रुपये लागत की 1809 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कई पथों एवं पुलों का उद्घाटन के साथ-साथ शिलान्यास किया गया है इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और सुगम होगा। उन्होंने आज के इस कायार्रंभ और उद्घाटन कार्यक्रम के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को बधाई देते हुये कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि जिन योजनाओं का कायार्रंभ किया गया है उन सभी पथों एवं पुलों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वैसे सभी पथों एवं पुलों जिनका उद्घाटन आज किया जा रहा है उन सभी पथों का नियमित निरीक्षण करते हुये उनका सतत मेंटेनेंस सुनिश्चत करें ताकि उसकी गुणवत्ता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग के अन्य सभी पथों एवं पुलों की सतत निगरानी करते हुये उनका नियमित मेंटेनेंस भी सुनिश्चित करें।

### ये रहें मौजूद :

कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य मंत्रीअशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख सह विशेष सचिव भगवत राम सहित ग्रामीण कार्य विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### 1809 योजनाओं का हुआ उद्घाटन

आज उद्घाटन की गई योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 983 करोड़ रुपये की लागत से 763 पथों, कुल लंबाई 947 किलोमीटर एवं 4 पुलों कुल लंबाई 435 मीटर का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 1 हजार 113 करोड़ रुपये की लागत से 972 पथों कुल लंबाई 1,904 किलोमीटर की मरम्मती करायी गयी है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना अंतर्गत 92 करोड़ रुपये की लागत से 33 पथों कुल लंबाई 104 किलोमीटर का पुनर्निर्माण, सुदृ ढ़ीकरण व चौड़ीकरण कराया गया है। राज्य योजना अंतर्गत 139 करोड़ रुपये की लागत से 5 पथों कुल लंबाई 6 किलोमीटर एवं 36 पुलों कुल लंबाई 1,614 मीटर का निर्माण कराया गया है।

### 4390 योजनाओं का सीएम ने किया कार्यारंभ

कायार्रंभ के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 1 हजार 824 करोड़ रुपए की लागत से 1,472 पथों कुल लंबाई 1,571 किलोमीटर एवं 5 पुलों कुल लंबाई 304 मीटर का निर्माण किया जाना है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 2 हजार 350 करोड़ रुपए की लागत से 2.306 पथों कुल लंबाई 4,148 किलोमीटर की मरम्मती करायी जानी है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना अंतर्गत 1 हजार 739 करोड़ रुपए की लागत से 442 पथों कुल लंबाई 1,701 किलोमीटर एवं 01 पुल कुल लंबाई 27 मीटर का पुनर्निर्माण, सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण का कार्य कराया जाना है। राज्य योजना अंतर्गत 597 करोड़ रुपए की लागत से 30 पथों कुल लंबाई 73 किलोमीटर एवं 139 पुलों कुल लंबाई 5,993 मीटर का निर्माण कराया जाना है। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को हरित गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई।

## बिहटा : सड़क हादसे में चार बच्चों की दर्दनाक मौत

### तेज रफ़्तार ट्रक ने टेम्पों में मारी टक्कर, मचा हड़कंप

प्रात : किरण



पटना। राजधानी से सटे बिहटा में भीषण सड़क हादसे में चार बच्चों की मौत हो गई। वहीं, आठ बच्चे और टेम्पो ड्राइवर की हालत गंभीर है। शुक्रवार दोपहर सभी बच्चे टेम्पो में बैठकर सनराइज स्कूल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। सभी बच्चे दूसरी से पांचवीं क्लास के थे। सभी की उम्र सात से 10 साल के बीच की है।

### बिहटा से कन्हौली की तरफ लौट रहे थे बच्चे

इधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया और हंगामा करने लगे। लोग ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इसके बाद पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया। मामले की जांच करने के लिए दानापुर डीएसपी टू पंकज मिश्रा दलबल के साथ पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को लेकर टेम्पो में बैठाकर ड्राइवर बिहटा से कन्हौली की तरफ आ रहा था। इसी दौरान बिहार की ओर जा रहे ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। इसमें चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री ने बच्चों की मौत पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बिहटा के विशुनपुरा में ट्रक और ऑटो की टक्कर में तीन बच्चों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है और मैं इससे मर्माहत हूँ। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उनका आरोप है कि भारी वाहनों की तेज रफ्तार और सड़क पर सुरक्षा के इंतजामों की कमी के कारण यह हादसा हुआ. ग्रामीण दोषियों पर सख्त कार्रवाई और प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

# राजस्व सेवा के 139 अधिकारियों के वेतन पर रोक

### मंत्री बोलें- किसी भी सूरत में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं



पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने तत्काल प्रभाव से राजस्व सेवा के वैसे अधिकारियों का वेतन रोकने का आदेश दिया है, जिनकी सेवा पुस्तिका विभाग में उपलब्ध नहीं है। इनमें राजस्व अधिकारी, अंचल अधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुदेशक और प्रभारी पदाधिकारी बंदोबस्त पद के अलावे अपर समाहर्ता, भू-हदबंदी स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। इससे संबंधित एक पत्र संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय की तरफ से सभी समाहर्ता, सभी बंदोबस्त पदाधिकारी, निदेशक- चकबंदी, निदेशक- भू अर्जन और निदेशक भू अभिलेख और परिमाप को दिया गया है। वैसे अधिकारी जिनकी सेवा पुस्तिका विभाग में उपलब्ध नहीं है उनकी संख्या 139 है। इनमें सबसे बड़ी संख्या 11 है जो पूर्वी चंपारण जिले की है जबकि राजधानी पटना के 8 अधिकारियों का वेतन रोकने का आदेश निर्गत किया गया है। पूर्व में 5 बार विभाग द्वारा इस संबंध में पत्र लिखा गया था लेकिन अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरते जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। वेतन रोकने का आदेश इसी माह से लागू होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि यह निर्णय उस सूचना के मद्देनजर लिया गया है जिसमें राजस्व सेवा के अधिकारियों द्वारा उनपर अधिरोपित दंड को सेवा पुस्तिका में दर्ज नहीं करने के संदर्भ में प्राप्त हुई थी। विभाग का स्पष्ट मत है कि भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विभाग के लंबित मामलों के समय पर निपटारा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। बताया कि राजस्व विभाग के अधिकारी अपनी सेवा पुस्तिका अपने पास रखते थे। मंत्री ने कहा कि पद संभालने के बाद अधिकारियों को चेतावनी दिया था कि आम जनता या रैयत को परेशानी नहीं होनी चाहिये। इसके बावजूद लगातार शिकायत मिलने पर 37 अंचल अधिकारियों को दंडित किया गया है। साथ ही 89 अंचल अधिकारियों को दंड देने और कार्रवाइ के लिए संचिका लंबित है और जांच चल रही है।

# कानून व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं : शाह

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में दिल्ली में कानून व्यवस्था की समीक्षा की और कहा कि राजधानी की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अनेक वरीष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सूत्रों ने बताया कि श्री शाह ने कहा कि अपराध के विरुद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है इसलिए दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिल्ली पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत जवाबदेही है कि हर एक दिल्लीवासी खुद को पुर्णतः सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें देख दिल्लीवासियों में सुरक्षा का भाव और अपराधियों में भय का भाव पैदा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को नागरिक सुरक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेष कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाना चाहिए और बच्चों, महिलाओं तथा वरीष्ठ नागरिकों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

**संबोधन** — प्रधानमंत्री ने गुयाना की संसद के एक विशेष अधिवेशन को किया संबोधित

# मोदी ने गुयाना को दिया, लोकतंत्र प्रथम-मानवता प्रथम का मंत्र




प्रात : किरण

जॉर्जटाउन/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुयाना को मौजूदा विश्व में आगे बढ़ने के लिये लोकतंत्र प्रथम-मानवता प्रथम का मंत्र देते हुए कहा कि इससे सबको साथ लेकर सबका विकास करते हुए मानवता का हित करना संभव होता है। श्री मोदी गुयाना की संसद के एक विशेष अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के प्रयासों के बीच, हमें आज वैश्विक परिस्थितियों पर भी लगातार नजर रखनी है। जब भारत और गयाना आजाद हुए थे, तो दुनिया के सामने अलग तरह की चुनौतियां थीं। आज 21वीं सदी की दुनिया के सामने, अलग तरह की चुनौतियां हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद बनी व्यवस्थाएं और संस्थाएं, ध्वस्त हो रही हैं, कोरोना के बाद जहां एक नई वैश्विक व्यवस्था की तरफ बढ़ना था, दुनिया दूसरी ही चीजों में उलझ गई, इन परिस्थितियों में,आज विश्व के सामने, आगे बढ़ने का सबसे मजबूत मंत्र है-लोकतंत्र प्रथम–मानवता प्रथम। लोकतंत्र प्रथम की भावना हमें सिखाती है कि सबको साथ लेकर चलो,सबको साथ लेकर सबके विकास में सहभागी बनो। मानवता प्रथम की भावना हमारे निर्णयों की दिशा तय करती है, जब हम मानवता प्रथम को अपने निर्णयों का आधार बनाते हैं, तो नतीजे भी

### पीएम 31 द्विपक्षीय बैठक अनौपचारिक बातचीत में हुए शामिल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन देशों की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान विश्व नेताओं के साथ 31 द्विपक्षीय बैठकों और अनौपचारिक बातचीत में भाग लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन राजनयिक बैठकों में नाइजीरिया में वहां के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक, ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 10 द्विपक्षीय बैठक तथा मोदी की गुयाना यात्रा के दौरान हुई नौ द्विपक्षीय बैठकें शामिल थीं। ब्राजील में मोदी ने इस देश के नेताओं के अलावा इंडोनेशिया, पुर्तगाल, इटली, नॉर्वे, फ्रांस, ब्रिटेन, चिली, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। अधिकारियों ने बताया कि इंडोनेशिया के नेता प्रबोवो सुबियांटो, पुर्तगाल के लुइस मोंटेनेग्रो, ब्रिटेन के केअर स्टॉर्मर, चिली के गेब्रियल बोरिक और अर्जेंटीना के जेवियर माइली के साथ उनकी पहली द्विपक्षीय बैठकें हुईं। मोदी ने ब्राजील में सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मिस्र, अमेरिका और स्पेन के नेताओं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और कार्यपालकों के साथ अनौपचारिक बातचीत और अलग-अलग बैठकें कीं। इनमें यूरोपीय संघ की उर्सुला वॉन डेर लेयेन; संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस; विश्व व्यापार संगठन की नगोजी ओकोन्जो-इवेला; विश्व स्वास्थ्य संगठन के टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसस; और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की क्रिस्टलीना जॉर्जीवा और गीता गोपीनाथ के साथ मुलाकात शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि गुयाना में मोदी ने गुयाना, डोमिनिका, बहामास, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, बारबाडोस, एंटीगुआ और बारबुडा, ग्रेनेडा और सेंट लूसिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

# सुकमा मुठभेड़ में कमांडर सहित 10 नक्सली ढेर

### जनवरी से अब मुठभेड़ में 257 नक्सली मारे गए



सुकमा/एजेंसी। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कोन्टा के भेज्जी इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक स्वयंभू माओवादी कमांडर समेत 10 नक्सली मारे गये। सुरक्षा बलों ने मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों के जवानों ने घटना स्थल से तीन स्वचालित राइफल, एक एके47 इंसास, एसएलआर रायफल सहित कई आधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के थाना भेज्जी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोरजागुड़ा, दंतेश्वरमपुरम, नागराम, भंडापदर के जंगलों एवं पहाड़ी में शुक्रवार सबेरे से चल रहे मुठभेड़ में अब तक दस नक्सली मारे गए हैं। मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिया गया है। राज्य में इस वर्ष सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में अब तक 107 नक्सली मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला रिजर्व गार्ड की टीम नक्सलियों की घेराबंदी और तलाश के लिए निकली थी। जवानों को सूचना मिली थी कि कई नक्सली ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे हैं। बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी कार्रवाई में 10 नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा,बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट आया है। उन्होंने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है।

### राजनाथ ने जापान और फिलिपींस के रक्षा मंत्रियों के साथ बैठक की

नई दिल्ली। आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए लाओस गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जापान और फिलिपींस के रक्षा मंत्रियों के साथ बैठक में रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की है। श्री सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, वियनतियाने लाओस में जापान के रक्षा मंत्री जनरल निकतानी के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। मुझे विश्वास है कि हमारी साझेदारी स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित इंडो पैसिफिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने फिलिपींस के रक्षा मंत्री के साथ भी बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने पोस्ट किया , फिलिपींस के रक्षा मंत्री गिल्बर्टो टेओडोरो के साथ अच्छी बैठक हुई। फिलिपींस हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसिफिक विजन में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। भारत फिलिपींस के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने और विस्तारित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### पैक्स चुनाव में बनाए गए 39 बूथ

फतुहा। प्रखंड के सभी 15 पैक्स के चुनाव के लिए कुल 39 बूथ बनाए गये हैं जिसमें 8 बूथ संवेदनशील घोषित किए गये हैं। वैसे सभी बूथ संवेदनशील माना गया है। बीडीओ सुनील कुमार ने बताया कि जेठुली, डुमरी व रुकुनपुर पैक्स में एक-एक प्रत्याशी के नामांकन होने के कारण इन पैक्स में चुनाव नहीं होंगे तथा इनके प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित किए जाएंगे।

### काली मंदिर में भैरव अष्टमी पर हुआ धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी (प्राकि)। भैरव अष्टमी पर दो दिनों का अनुष्ठान मंगल तालाब स्थित दीरा पर प्राचीन श्मशानी काली मंदिर में हुआ। इसका आरंभ वैदिक पूजन से हुआ। मंदिर के पुजारी आचार्य शशिकांत मिश्र की देखरेख में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में पचांग पूजन, गणेश पूजन, नवग्रह पूजन के बाद पांच ब्राह्मणों के द्वारा दुर्गा पाठ किया गया। आचार्य शशिकांत ने बताया कि दो दिनों के अनुष्ठान में शनिवार को बाबा भोले शंकर, हनुमान जी, भगवती काली व भैरव नाथ का रुद्राभिषेक होगा। पूजन, हवन, नैवेद्य अर्पित के बाद आरती होगा। शाम से भंडारा का आयोजन किया गया है।

### एक युवक की गोली मारकर हत्या

दानापुर। नगर के अंतर्गत दियारा क्षेत्र के सारण जिला अंतर्गत अकिलपुर थाना क्षेत्र के हरशामचक में अपराधियो ने घेरकर एक व्यक्ति को ताबडतोड़ गोली मार कर भाग निकले। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के हाबसपुर के मुल निवासी रामबाबू राय के पुत्र उदय राय 45 वर्षीय के रूप में किया गया। दानापुर के शाहटोली स्थित घर पर भी चीख पुकार मच गया। बदमाशो ने उदय को पांच गोली मारी। सूचना पर शाहपुर एवं अकिलपुर पुलिस मौके पर पहुंची। अकिलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है चार दिन से उदय राय दियारा के हाबसपुर स्थित घर पर रह रहे थे। बताया कि शुक्रवार की सुबह उदय राय अपनी पत्नी गुडिया देवी व बहन के साथ बाइक से हाबसपुर से दानापुर अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में बदमाशो ने हरशामचक में पहले से रहे करीब आधा दर्जन बदमाशो ने उन्हे घेर लिया। बदमाशो ने बाइक रोकवा कर ताबडतोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें उनके सर पीट व पैर में गोली लगी। गोली लगते ही वे गिड़ पड़े जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। मृतक उदय राय पतलापुर पंचायत से मुखिया के चुनाव लडे थे। जिसमें मात्र 35 वोट से वे पराजय हो गये थे। उपमुखिया वे रह चुके थे। अकिलपुर पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे पूर्व की दुश्मनी बताया जा रहा है। वे हाबसपुर से हरशामचक पहुचंते ही बदमाशो ने उन पर फायरिंग कर दी। जिससे उन्हे पांच गोली लगी।

### महिला के साथ मारपीट सिर फोड़ा, प्राथमिकी दर्ज

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के दाऊदपुर मुहल्ले में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित व्यक्ति ने शुक्रवार को मसौढ़ी थाना में चार लोगों को नामजद करते हुए लिखित शिकायत की है।पुलिस को दिए गए आवेदन में वादी संतोष दास ने बताया शुक्रवार को सुबह चाय पीकर आ रहे थे, उसी समय राजेश्वर दस उसकी पत्नी व दो पुत्र शनि व जीतू है।आया और गाली गलौज करने लगा विरोध किए जाने पर लोहे के सरिया से मारकर मेरा सिर फोड़ दिया।जिससे बुरी तरह जख्मी हो गए।

# हादसे के बाद लगातार जाग रहा है एनएमसीएच प्रशासन

## पुलिस केस व लावारिस शव को डॉ की सूचना पर जल्द निस्तारित नहीं करती पुलिस

● 15 नवंबर की सूचना प्राप्त करने के बाद शव की सुरक्षा व अन्य प्रक्रिया पुलिस की थी जिम्मेदारी

पटना सिटी, आनंद केसरी

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जिकल आईसीयू में गोली लगने से घायल व इलाजरत फंटूश कुमार की मौत के बाद अस्पताल प्रशासन खुद अपनी कर्मियों को आदेश पत्र जारी कर सुधारने में लगा है। 22 नवंबर को जारी पत्र में अस्पताल के विभिन्न विभागों के पुलिस केस से संबंधित शव एवं लावारिस लाश को अस्पताल स्तर से चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराए गए सूचना के आधार पर तेजी से निस्तारण करने के संबंध में पत्र जारी किया गया है। अस्पताल के अधीक्षक के द्वारा इसके पूर्व भी एक पत्र 19 नवंबर को पत्रांक 4608 जारी कर इमरजेंसी, आईसीयू और इंडोर में भर्ती मरीज की मौत पर संबंधित सक्षम चिकित्सक के द्वारा मौत की पुष्टि करने के साथ ही अविलंब शव का निस्तारण करने के लिए वैधानिक प्रक्रिया अपनाने को लेकर आदेश जारी किया था। वहीं अधीक्षक के द्वारा निलंबित की गई दो नर्स अब भी अपनी गलती बताने और निलंबन मुक्त करने की गुहार लगा रही हैं। 22 नवंबर, 24 को ज्ञापांक 4648 में अधीक्षक ने माना है कि 15 नवंबर 24 को सर्जिकल आईसीयू में मरीज की मौत के बाद दो बार पुलिस टीओपी द्वारा सूचना लौटा देने के बाद तीसरी बार सूचना प्राप्त की गई है। यह एक गंभीर विषय है। शव को अस्पताल



पत्रांक 4648

प्रेषक,
अधीक्षक
नालन्दा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना।

सेवा में,
प्रभारी पदाधिकारी, टी.ओ.पी.
नालन्दा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना।

पटना, दिनांक 22/11/24

विषय- अस्पताल के विभिन्न विभागों के पुलिस केस से संबंधित शवों एवं लावारिस शवों को अस्पताल स्तर से चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराये गये सूचना के आधार पर त्वरित निस्तारण करने के संबंध में।

महाशय,
उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि अधोहस्ताक्षरी को अस्पताल के विभिन्न विभागों से ऐसी सूचनाएँ प्राप्त हो रही है कि पुलिस केस से संबंधित शवों एवं लावारिस शवों को अस्पताल स्तर से चिकित्सकों के द्वारा पुलिस पंजी पर भेजे गये मृत्यु की सूचना उपरान्त भी आपके स्तर से प्राप्त करने में अनावश्यक विलम्ब किया जाता है तथा नाना प्रकार के आधार बनाकर सूचना लानेवाले कर्मियों को वापस भेज दिया जाता है। जिसका उदाहरण है दिनांक 15.11.2024 को सर्जिकल आई.सी.यू. में शव को दो बार आपके टी.ओ.पी. द्वारा लौटा देने के बाद तीसरी बार में सूचना प्राप्त की गई, जो एक गंभीर विषय है। शव को अस्पताल के वार्ड में पड़े रहने से अन्य मरीजों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शव को वार्ड के अंदर रहने से संक्रमण की प्रबल संभावना बनी रहती है, जो मरीजहित में नहीं है।
विदित हो कि पुलिस केस से संबंधित शवों तथा लावारिस शवों को सूचना प्राप्त करने के उपरान्त शव की सुरक्षा एवं अन्य वैधानिक प्रक्रिया की जिम्मेवारी पुलिस की होती है।
अतः अस्पताल के पुलिस केस से संबंधित शवों तथा लावारिस शवों के बारे में सूचना भेजे जाने के उपरान्त तत्क्षण सूचना प्राप्त करते हुए विभागों में रखे शव को अविलम्ब पुलिस प्रक्रियात्मक कार्रवाई करते हुए उसे वार्ड से हटाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि अस्पताल में अन्य मरीजों को सुगमतापूर्वक निर्बाध व्यवस्था के तहत ईलाज में व्यवधान उत्पन्न न हो सकें।

विश्वासभाजन
अधीक्षक
नालन्दा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना।

ज्ञापांक 4648 पटना/दिनांक 22/11/24

के वार्ड में पड़े रहने से अन्य मरीजों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही सबसे बड़ी समस्या शव को वार्ड के अंदर रहने से संक्रमण की प्रबल संभावना बनी रहती है। यह कहीं से भी मरीज के हित में नहीं है। विदित होकर पुलिस केस से संबंधित और लावारिस शवों को सूचना प्राप्त करने के बाद शव की सुरक्षा एवं अन्य वैधानिक प्रक्रिया की जिम्मेदारी पुलिस की होती है। ऐसे में अस्पताल के पुलिस केस से संबंधित तथा लावारिस शवों के बारे में सूचना भेजे जाने के बाद तत्क्षण उसे प्राप्त करते हुए विभाग में रखे गए शव को अविलंब पुलिस प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करते हुए उसे वार्ड से हटाने की दिशा में तेजी से कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। इससे अस्पताल में अन्य मरीजों को सुगमतापूर्वक निर्बाध व्यवस्था के तहत इलाज में व्यवधान नहीं हो सकेगा। अधीक्षक ने यह पत्र तब जारी किया, जब अस्पताल के विभिन्न विभागों से ऐसी सूचना मिल रही है कि पुलिस केस से संबंधित शव एवं लावारिस शवों को अस्पताल स्तर से चिकित्सकों के द्वारा पुलिस पंजी पर भेजे गए मृत्यु की सूचना के बाद भी पुलिस के स्तर से प्राप्त करने में अनावश्यक देर की जाती है। साथ ही अनेक प्रकार के आधार बनाकर सूचना देने वाले कर्मियों को सूचना रिसीव करने के बजाय वापस भेज दिया जाता है। अधीक्षक ने पत्र की प्रतिलिपि स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, डिविजनल कमिश्नर, डीएम, एसएसपी, आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष, नालंदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, एनएमसीएच के उपाधीक्षक के साथ ही विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष सहित अन्य जिम्मेवार पदाधिकारी व कर्मियों को भेजा है।

# एनएच -30 के रानीपुर पैजाबा के पास चाय-नाश्ता की दुकान में घुसा हाइवा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राष्ट्रीय उच्च पथ 30 के रानीपुर पैजाबा के पास तेज रफ्तार से आ रहा हाइवा अनियंत्रित हो गया। इस दौरान वह एक परचून और चाय-नाश्ते की दुकान में घुस गया। इस घटना में दो मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं हाइवा ट्रक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह हादसा शुक्रवार को अपराह्न में हुआ। दरअसल एक हाइवा तेज गति से आ रहा था। इसी दौरान चालक का स्टेयरिंग पर से नियंत्रण समाप्त हो गया। वह सड़क किनारे रहे चाय नाश्ते और परचून की दुकान में जाकर धक्का मार दिया। इस कारण से वहां दुकान के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि हाइवा ट्रक का अगला हिस्सा को भी खासा नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद हाइवा ट्रक का चालक भागने में सफल रहा। लोगों ने जब इसकी सूचना बाइपास ट्रेफिक थाना की पुलिस को दी। तब मौके पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची ट्रेफिक के एएसआई अजय कुमार पहुंचे। उन्होंने घटना का निरीक्षण किया। हाईवे ट्रक का पंजीयन संख्या देखने के बाद दुकानदार और बाहर लगे दो मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ कर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। घटना के बाद जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क किनारे से हटाया गया है और पुलिस उसे जब्त कर अपने कब्जे में ले ली है। स्थानीय लोगों का कहना था कि सड़क पर दो ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में हाइवा चालक का संतुलन बिगड़ गया और इसी कारण से यह घटना हो गई।

### बिहार के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके उतराधिकारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर किया गया आयोजन

दानापुर। नगर के अंतर्गत बिहार एवं झारखंड सब एरिया के तत्वावधान में बिहार रेजीमेंट केंद्र और बिहार रेजीमेंट अभिलेख ने द्वारा से बिहार के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके उतराधिकारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित विशेष आउटरीच कार्यक्रम का का प्रथम चरण शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। इसके साथ दूसरे चरण की शुरूआत हो गया। 10 नवंबर से 30 नवंबर तक चलने वाली इस कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए बिहार रेजीमेंट अभिलेख ने 2 सदस्यों वाली 4 टीमों का गठन किया है। ये टीमें बिहार के 8 जिलों मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, वैशाली, समस्तीपुर, छपरा, सिवान, बक्सर और आरा के 24 स्थानों पर कैंप लगाकर समस्याओं का निवारण कर रही हैं। प्रथम चरण में मुजफ्फरपुर, वैशाली, छपरा, बक्सर और आरा में कैंप लगाए गए। इस चरण में कुल 391 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 148 शिकायतें बिहार रेजीमेंट से संबंधित थीं, जबकि 243 अन्य रेजीमेंट के पेंशनभोगियों की थीं। इनमें से 243 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।

# गए थे रिश्तेदार की शादी में, चोरों ने बैंककर्मी के घर को खंगाल डाला

## मेहंदीगंज थाना क्षेत्र की घटना, पहुंची डॉग स्क्वायड की टीम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के दीपनगर स्थित बैंक कॉलोनी में चोरों ने बैंक कर्मी के मकान को पूरी तरह से खंगाल दिया है। चोरों ने जेवरात के साथ ही करीब 70 हजार नगद भी ले उड़ा। पीड़ित के द्वारा इस संबंध में थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस सीसीटीवी को खंगालने के साथ ही डॉग स्क्वायड की टीम को घटनास्थल पर बुलाई है। बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा दीप नगर रोड नंबर 5 के पूरब बैंक कॉलोनी स्थित बैंककर्मी सुरेश राम के घर से करीब 15-20 लाख रुपए का ज्वेलरी एवं 70 हजार रुपए नगद चोरी कर इलाके में दहशत मचा दिया। गौरतलब है कि पूरा परिवार मुजफ्फरपुर रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में भाग लेने को 21 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे गया था। इसका फायदा चोरों ने उठाया।





चोरों ने आगे वाला लोहे के ग्रिल का दरवाजा और किवाड़ के साथ ताला तोड़कर आसानी से घर में घुस गया। घर में किसी व्यक्ति के मौजूद नहीं रहने से निर्भय होकर आराम से विभिन्न कैमरे में रहे गोदरेज अलमीरा के लॉक को तोड़कर और दीवान के अंदर भी उलट-पुलट कर सामान को तीतर भीतर कर दिया इस दौरान जो भी ज्वेलरी आइटम और नगद हाथ लगा, उसे लेकर वह अल सुबह चलता बना। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोग दरवाजा और किवाड़ टूटा देखा, तो चोरी की संभावना प्रतीत हुआ। इसके बाद मोबाइल से कॉल कर पीड़ित परिवार को सूचना दिया। इसके बाद आनन-फानन में सभी अपने घर सुबह करीब 9.30 बजे पहुंचे। गृह स्वामी और एसबीआई के अंटाघाट शाखा में डिप्टी मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि घर में सारा सामान तीतर भीतर हो रखा था चोरों ने पहले आगे का ग्रिल तोड़ा इसके बाद लकड़ी के दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। गोदरेज के अलमारी का लॉक भी तोड़ डाला।इसके बाद जेवरात में एक मंगलसूत्र, आठ अंगूठी, दो चेन, दो नेकलेस, तीन डायमंड रिंग, दो कान का झुमका, दो मांगटीका, दो सोने का नथ, छह चांदी का पायल और 70 हजार नगद ले गया। वहीं घटनास्थल पर मेहंदीगंज थाने की पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन की पुलिस आसपास में रहे सीसीटीवी को भी खंगालने का काम किया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुला कर काम कराया गया है। दोनों माध्यम से मिले इनपुट के आधार पर चोरों की पहचान कर रही है। पीड़ित बैंक में कार्यरत हैं। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि हम सभी मुजफ्फरपुर रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गए थे। सुबह चोरी की घटना की जानकारी मिली।

# विद्युत विभाग ने काटी 31 घरों की बिजली

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी विद्युत कार्य प्रमंडल के पादरी की हवेली विद्युत कार्यालय से जुड़े बकाएदार घरेलू उपभोक्ताओं के घरों की बिजली काटने का अभियान शुरू किया गया है। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता राजकुमार सिंह ने बताया शुरू किए गए अभियान में 31 उपभोक्ताओं के घरों की बिजली काटी गई है। इन उपभोक्ताओं पर एक लाख 17 हजार की राशि बकाया थी। हालांकि शुक्रवार को अभियान के बाद विभाग ने एक लाख 61 हजार की राशि राजस्व के तौर पर वसूल कर ली है। सहायक अभियंता ने बताया कि जिनकी बिजली काटी जा रही है, वहां पर स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।

# बिहार के विकास के लिए कृतसंकल्पित है एनडीए सरकार : अरविन्द



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि बिहार में कनेक्टिविटी की क्रांति द्वारा एनडीए सरकार में बिहार भी एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को बल दे रहा है। एनडीए सरकार में बिहार कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व स्तर पर विस्तार द्वारा एक दूसरे से आसानी से जुड़ रहा है। बेहतर सड़क नेटवर्क से बिहार के विकास की रफ्तार बढ़ाते हुए एनडीए सरकार में 3,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ है। वहीं शिलान्यास हुई परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग 20 के बख्तियारपुर-राजौली खंड और राजौली से हल्दिया के मार्ग चौड़ीकरण से झारखंड और बिहार के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी और नवादा जिले को लाभ होगा।जहानाबाद शहर में मुथेर से गोल बगीचा मार्ग चौड़ीकरण परियोजना से जहानाबाद शहर के भीतर यातायात सुगम होगी। श्री अरविन्द ने कहा है कि चाकंद से गया शहर और दोमुंहान के सड़क चौड़ीकरण से पटना और बोधगया के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। नवादा शहर में राज्य मार्ग 8 पर आरओबी, नालंदा में मेजर ब्रिज और पूलियां के निर्माण से आवाजाही आसान होगी। जबकि एनडीए सरकार बिहार को विकासशील एवं प्रगतिशील राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। विभिन्न परियोजनाओं से बिहार को काफी लाभ होगा बेहतर सड़क नेटवर्क के जरिए आर्थिक और सामाजिक विकास गति में तेजी आएगी। मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकुशल नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए कृतसंकल्पित है एनडीए सरकार।

# प्रकाश पर्व की तैयारी में लगा तख्तश्री कमेटी, कार्यालय कर्मियों के साथ विमर्श

पटना सिटी , प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जनवरी में होने वाले प्रकाश पर्व की तैयारियों में प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब जुट गया है। कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह की अध्यक्षता व महासचिव इंद्रजीत सिंह के संचालन में शुक्रवार को कार्यालय से जुड़े कर्मचारियों के साथ विमर्श किया गया। इसमें अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, पपिंदर सिंह, कैशियर देवेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, महाकांत राय के साथ अन्य मौजूद थे। वरीय उपाध्यक्ष व महासचिव ने बताया कि संगत के आने पर रिहाइश, लंगर, सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रकाश पर्व को लेकर प्रबंधक कमेटी के पदधारकों और सदस्यों के साथ संगत की बैठक भी जल्द आयोजित की जाएगी। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी और लोगों को कार्य की जिम्मेवारी भी सौंपी जाएगी। प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए आने वाले संगतों को अधिक सुविधा मिल सके, इस पर भी विचार किया गया। हालांकि विचार-विमर्श में इस बात पर जोर दिया गया कि जिस तरीके से छठ, दशहरा, ईद, बकरीद, कुंभ मेला के दौरान विशेष स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाता है, उसी तरह से रेल प्रशासन भी दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर जल्द ही पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत की ओर से ट्रेनों के आने और वापसी के संबंध में घोषणा करे, ताकि संगत ट्रेनों में आरक्षण ले सके। विदित हो कि फिलहाल पंजाब की ओर से पटना साहिब आने और लौटने के लिए महज दो ट्रेन की ही सुविधा है। एक 3005/06 पंजाब मेल डेली और दूसरा अकाल तख्त है, जो सप्ताह में दो दिन ही चलती है। पटना साहिब स्टेशन पर भी एक्सीलेटर या लिफ्ट लगाने की दिशा में अब तक काम शुरू नहीं किया जा सका है, जबकि पिछले प्रकाश पर्व पर ही इसे लगाए जाने की घोषणा की गई थी।

# खेतीबाड़ी कृषि क्लिनिक योजना अंतर्गत चयनित 40 प्रशिक्षुओं का भ्रमन कार्यक्रम का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारत सरकार के अधीन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, पटना (सी.आई.पी.एम.सी.) द्वारा शुक्रवार को बिहार राज्य कृषि विभाग द्वारा आयोजित खेतीबाड़ी कृषि झक्लिनिक योजना अंतर्गत चयनित 40 प्रशिक्षुओं का भ्रमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय प्रभारी, वी.के.गुप्ता पौधा संरक्षण अधिकारी (पादप रोग विज्ञान),सी.आई.पी.एम.सी पटना ने प्रशिक्षुओं का स्वागत किया तथा वनस्पति संरक्षण,संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, की रूपरेखा एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को रबी काल का गेंहू की फसल में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन पर प्रशिक्षण व्याख्यान और राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एन.पी.एस.एस.) एप्प की कार्यशैली व उपयोग एवं सभी प्रशिक्षुओं का स्काउट आई.डी. बना कर प्रदान किया गया और उसके बाद आई.पी.एम. सेवा केंन्द्र वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय की इंटर्नशिप सम्बंधित जानकारी दी गई। तत्पश्चात सभी प्रशिक्षुओं को कार्यालय का जैव प्रयोगशाला का भ्रमण कराया गया जिसमे उनको कार्यालय द्वारा उत्पादन किये जा रहे होस्ट कल्चर कोरसईरा और विभिन्न प्रकार के जैव परजीवी जैसे की ट्राईकोग्रामा जाति के अंड परजीवी, अंड और लार्वा परजीवी चेलोनोमस ब्लैकबौर्नी और पैथोजेन ट्राईडरमा जाति, बुवेरिया जाति , मेटारिज़ियम जाति आदि सजीव प्रदर्शन के साथ प्रशिक्षण दिया गया।

# अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार की अध्यक्षता में सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारियों के साथ की गई राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। हरजोत कौर बम्हरा, अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार की अध्यक्षता में सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न योजना में आवंटित राशि के विरुद्ध व्यय, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण हेतु नई भूमि, मनरेगा एवं आई॰सी॰डी॰एस॰ के अभिसरण एवं विभिन्न योजनाओं से आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति, सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों के रूप में उत्क्रमण, केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, आंगन एप के माध्यम से क्षेत्रीय पदाधिकारियों का निरीक्षण, पोषण ट्रैकर, सेविका/सहायिका की रिक्ति महिला पर्यवेक्षिका के पद पर नियोजन की स्थिति पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि समाज कल्याण विभाग अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 6 साल तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रयत्नशील है,




जिसमें जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, बाल ९वकास परियोजना पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस बैठक में अपर मुख्य सचिव महोदया द्वारा महिला सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारियों को एक पक्ष के भीतर वन स्टॉप सेंटर को सभी उपकरणों/ सामग्रियों/ सभी सुविधाओं के साथ सुसज्जित करने, सदर/ रेफरल अस्पताल के निकट वन स्टॉप सेंटर हेतु नई भूमि खोजने के साथ-साथ लैंगिक विभेद तथा कार्य स्थल पर महिलाओं यौन-उत्पीड़न से संबंधित प्रावधान/नियमों की जानकारी दी गई। औरंगाबाद, अरवल, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर एवं पूर्णियां के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी से वन स्टॉप सेंटर हेतु शयन गया, समस्तीपुर एवं कैमूर जिले में अभी तक वन स्टॉप सेंटर हेतु यथाशीघ्र जगह चिन्हित करने के लिए निदेश दिया गया। सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारियों को विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों/ मापदंडों के अनुरूप बेहतर तरीके से कार्य करने की हिदायत अपर मुख्य सचिव द्वारा दी गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि विभागीय योजनाओं में व्यय करने के संबंध में भोजपुर, लखीसराय, सिवान एवं प० चंपारण जिलें का अच्छा प्रदर्शन रहा जबकि शिवहर, सिवान, सहरसा, सीतामढ़ी, किशनगंज, जमुई कैमूर एवं पूर्णियां का प्रदर्शन निम्नतम रहा। आँगन पोर्टल के माध्यम से आंगबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण में मधुबनी, अररिया, गोपालगंज, अरवल, लखीसराय एवं पटना जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा एवं मधेपुरा, किशनगंज, कटिहार, मुंगेर, खगड़िया, कटिहार, मधेपुरा, गोपालगंज एवं प० चंपारण का प्रदर्शन खराब रहा। इसी तरह प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के अंतर्गत लाभुकों के आच्छांदन में कैमूर, शेखपूरा, बांका, वैशाली, खगड़िया जिलों का अच्छा प्रदर्शन रहा एवं रोहतास, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, कटिहार एवं पूर्णिया जिलें का प्रदर्शन निम्नतम रहा। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दी जा रही सेवाओं की स्थिति में बांका, कटिहार, वैशाली एवं शेखपूरा जिले का प्रदर्शन राज्य में अच्छा रहा व सीतामढ़ी, औरंगाबाद, पूर्णिया, नवादा एवं सहरसा जिले निम्नतम प्रदर्शन रहा। निम्नतम प्रदर्शन वाले जिलों को अपर मुख्य सचिव द्वारा सचेत करते हुए एक पक्ष में प्रदर्शन सुधारने की हिदायत दी गई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले की सराहना भी की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव महोदया द्वारा बताया गया कि नियोजन सरकार की उच्च प्राथमिकता में है अतएव महिला पर्यवेक्षिकाओं का नियोजन नवंबर माह के अंत तक एवं सेविका/ सहायिका के रिक्त पद पर नियोजन आगामी दिसम्बवर तक अवश्य कर लें। इस बैठक में श्री कौशल किशोर, निदेशक, आई०सी०डी०एस०, श्री राजीव वर्मा, निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम के साथ सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम तथा आई॰सी॰डी॰एस॰ निदेशालय के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### तख्तश्री माता गुजरी का प्रकाश पर्व मनाया गया

पटना सिटी, दशमेश पिता साहेब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की मां माता गुजरी जी का 400वां साल जन्म शताब्दी तख्तश्री पटना साहिब में मनाया गया। इस दौरान दरबार साहिब में कीर्तन और प्रवचन का आयोजन किया गया। कथावाचक के साथ ही प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने माता गुजरी जी के जीवन से जुड़े पहलुओं को संगतों के समक्ष रखा। बताया गया कि माता गुजरी का जन्म करतारपुर में हुआ था। उनके पिता लाल चंद जी और मां विशन देवी थी। दो भाई मेहर चंद जी व कृपाल चंद्र जी की लाडली बहन माता गुजरी थीं। उनका जन्म 1624 में और विवाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के साथ 1633 में हुआ था। जब नवम पातशाह पूरब की यात्रा में निकले थे, तो माता गुजरी भी उनके साथ थीं। इस दौरान गुरु तेग बहादुर जी ने माता गुजरी जी को पटना साहिब में सालिस राय जौहरी की हवेली में रिश्तेदार व सहयोगियों के साथ छोड़कर आसाम की यात्रा पर निकल गए थे। इसी दौरान बालक गोविंद राय का यहां प्रकाश हुआ था। माता गुजरी ने अपने चारों पुत्रों को धर्म और संस्कृति में निपुण कर शिक्षा दी थीं। इस दौरान दरबार साहिब में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, तख्त श्री कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह एवं अन्य मौजूद थे।

# अनीसाबाद से पटना एम्स तक 1000 करोड़ की लागत से बनेगा एलीवेटेड रोड, एनएच 98 भी होगा फोर लेन



● पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव ने केंद्र सरकार के प्रति जताया आभार, कहा मेरी ड्रीम प्रोजेक्ट को मिली स्वीकृति

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर : गोपाल विद्यार्थी केंद्र सरकार ने अनीसाबाद गोलम्बर से पटना एम्स तक एलीवेटेड रोड निर्माण एवं एनएच 98 को फोर लेन बनाने की स्वीकृति दे दी है बीते दिन गया में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितीन गडकरी ने इसकी घोषणा की है।

इसे पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक तोहफा बताते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि अनीसाबाद गोलंबर से पटना एम्स तक 1000 करोड़ की लागत से बनेगा एलिवेटेड सड़क तथा पटना औरंगाबाद एन एच 98 भी फोर लेन सड़क का निर्माण से फुलवारीशरीफ सहित पूर्वी पटना से आने वाले लोगों को भीषण जाम से मुक्ति मिलेगी। बता दें कि तत्कालीन सांसद राम कृपाल यादव ने पिछले साल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को इस बाबत पत्र लिख कर व मिलकर अनुरोध किया था। लोकसभा में शून्य काल में भी इस मामले को उठाया था।

श्री यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से एलिवेटेड सड़क और एन एच 98 फोर लेन सड़क निर्माण की स्वीकृति देने के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी के आभार प्रकट किया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार के पथ निर्माण मंत्री और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को बधाई देते कहा कि गांधी सेतु और दीदारगंज से आने वाली भारी वाहनों की पटना शहर से बाहर निकलने एक मात्र सड़क यही है। पटना एम्स में भी मरीजों की भारी संख्या आती है, जिन्हें रोड क्रॉस करने में हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रही है।

कई बार दुर्घटना में कई लोगों की जान भी गई है। श्री यादव ने कहा कि एलिवेटेड रोड पटना एम्स से पाटली पथ और पटना औरंगाबाद फोर लेन भी जुड़ जाएगा। गांधी सेतु, अनीसाबाद पटना एम्स एलिवेटेड रोड, पाटलीपथ, गंगा पथ पटना का इनर रिंग रोड साबित होगा। लोगों को इससे काफी लाभ होगा और राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था जाम फ्री और सुचारू रूप से चलेगी।

# 50 स्थलों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का होगा निर्माण : मंगल

- बोलें- नये भवन बनाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु राज्य के 50 स्थलों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। जिससे राज्य की जनता को त्वरित इलाज में और लाभ मिलेगा। जिन स्थलों पर निर्माण कार्य किए जाएंगे उनमें औरंगाबाद का कुटुम्बा, बांका का बौंसी, अमरपुर, कटोरिया, भागलपुर का नाथनगर, पीरपैंती, सुल्तानगंज, भोजपुर का संदेश, जगदीशपुर, दरभंगा का मनीगाछी, गया का डुमरिया, गया (चाकन्द), जमुई का झाझा, जहानाबाद का सिकरिया, घोसी, कटिहार का अमदाबाद, कैमुर का रामगढ़, मधेपुरा का उदाकिशुनगंज, मुरहो, मधुबनी का मधेपुर, मुंगेर का सदर प्रखंड मुजफ्फरपुर का सकरा, नालन्दा के चंडी, अस्थावां, नवादा का कौआकौल, पटना का दानापुर समेत 50 स्थलों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति विभाग ने दे दी है। श्री पांडेय ने कहा कि हाजीपुर में 15 वीं वित्त आयोग के हेल्थ ग्रांट से 30 शय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु भी प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी। राज्य के प्रखंड स्तर पर जहां भूमि उपलब्ध हैं, वहां भी नये भवन बनाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य प्रणालियां वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त करने में भी एक आवश्यक भूमिका निभाती हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, से लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने व उसका लाभ लेने में आसानी होती है। श्री पांडेय ने कहा कि ये केंद्र मुख्य रूप से निम्न आय वाले क्षेत्रों के लोगों की सेवा करते हैं। बीमा रहित या कम बीमा वाले लोगों की भी सेवा में भी सहायक होता है। इन केंद्रों पर सुरक्षित पेयजल और बुनियादी स्वच्छता की सुविधा का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। इन केंद्रों के माध्यम से स्थानिक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण भी किया जाता है। यहां पर क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़ों का संग्रह किया जाता है। स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सुविधाएं होती हैं। यहां पर स्वास्थ्य कर्मियों की शिक्षा और प्रशिक्षण की व्यवस्था होती है।

# सदन के शांतिपूर्ण संचालन में सार्थक सहयोग करने पर सहमति

## विप सभापति ने शीतकालीन सत्र से पूर्व बुलाई सर्वदलीय बैठक



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधान परिषद् का शीतकालीन सत्र सोमवार यानी 25 नवम्बर से शुरू हो रहा है, जो कि शुक्रवार, 29 नवम्बर तक चलेगा। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने शीतकालीन सत्र से पहले शुक्रवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जिसमें सभी दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में शीतकालीन सत्र (208वें) के सुगम एवं सफल संचालन पर चर्चा की गई। सभापति ने सभी दलों के नेताओं से आगामी सत्र के कुशल, सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु सार्थक सहयोग देने की बात कही। नेता, विरोधी दल राबड़ी देवी ने अपेक्षित सहयोग करने का भरोसा दिया। इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्य सचेतक विरोधी दल अब्दुल बारी सिद्दिकी, सचेतक सत्तारूढ़ दल रीना देवी, बिहार विधान परिषद् के सदस्य प्रमोद कुमार, भूषण कुमार, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा बिहार विधान परिषद् के सचिव अखिलेश कुमार झा, निदेशक आफताब हबीब उपस्थित थे।

# कई दलों से आए नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

पटना। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी और विधान सभा में दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के समक्ष मधेपुरा के विभिन्न दलों के प्रमुख नेताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में कोशी नव निर्माण मंच के परिषदिय अध्यक्ष संदीप यादव, पूर्व प्रमुख, मुरलीगंज के पूर्व प्रमुख भाजपा नेता मनोज कुमार साह, पूर्व पार्षद विजय कुमार यादव, प्रखंड राजद के पूर्व अध्यक्ष रमन कुमार सिंह, भाजपा नेता सतीश कुमार एवं राजद के पूर्व नेता अमित कुमार कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी आस्था दिखाते हुए शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कोशी क्षेत्र में संदीप यादव के जुड़ने से पार्टी को मजबूती मिलेगी जिससे आने वाले समय में पार्टी जनहित में और बेहतर काम करेगी। कांग्रेस में शामिल होने के बाद कोशी नव निर्माण मंच के अध्यक्ष संदीप यादव ने कहा कि राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में काम करने का मौका मिलना अहम है।

# अदानी पर लगे आरोपों की जेपीसी से हो जांच : अखिलेश

## बोलें-अदानी ग्रुप को केंद्र सरकार का संरक्षण प्राप्त



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सेबी की अमेरिकी समकक्ष एजेंसी प्रतिभूति विनिमय आयोग के द्वारा अदानी ग्रुप पर आरोप लगाए जाने से ये स्पष्ट होता है कि 2020-2024 तक कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार लगाएं जा रहे अदानी ग्रुप पर आरोपों में सच्चाई है और उसके द्वारा सौर बिजली अनुबंधों को प्राप्त करने में 2000 करोड़ रुपए की रिश्वतखोरी की जांच को लेकर अमेरिकी जांच ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गलत तरीके से ठेके लेने की कोशिश विभिन्न भारतीय राज्यों में की गई और सस्ते दर की बिजली को महंगे दर पर बेचने की कोशिश कर उपभोक्ताओं को लूटने का भी प्रयास किया गया। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि अडानी अमेरिका गए और वहां के शेयर मार्केट में लिस्टेड कंपनी अज्यूर पावर के साथ साठ-गांठ किया जिसमें प्लान बना कि भारत में सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट बनाए जायेंगे और उसके नाम पर अमेरिका के लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाये गए व उनसे 25 हजार करोड़ रुपए उठाये गए। लेकिन भारत में सोलर एनर्जी के ठेके पाने में दिक्कत आने लगी क्योंकि बिजली की दर महंगी थी और कोई भी सरकार लेने के लिए तैयार नहीं थी जो पैसे अमेरिका के लोगों से बटोरे गए थे उसी में से लगभग 2200 करोड़ रुपए की घूस भारत में विभिन्न राज्यों के प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। जब इस मामले में अमेरिका में सुनवाई हुई और वहां की एफबीआई और मार्केट रेगुलेटर एसईसी ने जांच की तो भारत में घूस का और अमेरिकी इन्वेस्टर्स से उगाही गई रकम के धोखाधड़ी का मामला सामने आया। जिसपर अब अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की ग्रैंड ज्यूरी ने अडानी के खिलाफ आरोप लगाते हुए वारंट जारी किया है, यह जांच पिछले 2 साल से चल रही है और इस जाँच में यह भी सिद्ध हुआ है कि अडानी ने भारत के मार्केट रेग्युलेटर सेबी से भी झूठ बोला था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान में झूठ और घूस देने के मामले की जांच अमेरिका में चल रही है लेकिन केन्द्र सरकार के साए में गौतम अडानी भारत में बिल्कुल सेफ हैं। अदानी को मदद केंद्र की सरकार दे रही है। केंद्र सरकार के द्वारा देश के अंदर गौतम अदानी सहित अदानी ग्रुप के लोगों की गिरफ्तारी नहीं की जा रही है क्योंकि उनको सरकारी संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस पार्टी संयुक्त संसदीय जांच समिति के माध्यम से इस मामले की जांच की मांग करती है। संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी, विधान सभा में दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, संगठन प्रभारी ब्रजेश पांडेय, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ,ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल ,प्रवक्ता आनंद माधव, ज्ञान रंजन, सौरभ सिन्हा , डॉ संजय यादव ,डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, शिशिर कौंडिल्य, निधि पांडेय सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# अशोक धाम को विकसित करने पर पर्यटन विभाग का विशेष जोर

## शिवगंगा तालाब का होगा विकास एवं सौन्दर्यीकरण

- 18 माह में सभी कामों को किया जाएगा पूरा : मंत्री
- सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु 14 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय स्थित प्रसिद्ध अशोकधाम को विकसित करने पर पर्यटन विभाग का विशेष जोर है। धाम में शिवगंगा तालाब का पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य किया जाएगा। विभाग द्वारा शिवगंगा तालाब के विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु 14 करोड़ 03 लाख, 59 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सह लखीसराय के विधायक विजय कुमार सिन्हा के सुझाव पर पर्यटन विभाग द्वारा लखीसराय जिलान्तर्गत अशोक धाम में शिवगंगा तालाब के विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु राशि की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के अन्तर्गत शिवगंगा तालाब का विकास एवं घाट का विकास व सौन्दर्याकरण इत्यादि कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना को बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा औपचारिक प्रक्रियाओं के उपरांत आगामी 18 माह में पूर्ण किया जायेगा। तालाब के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य के बाद यहां श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी और उन्हें यहां आकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी।

# एनडीए शासन में शिक्षा की स्थिति काफी दयनीयः राजद

## सरकार की सारी घोषणाएं केवल कागजी



पटना। राजद शासनकाल में खुले विद्यालयों को एनडीए शासनकाल में बंद कर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक शिक्षकों के पद खाली दो दिन पहले सक्षमता पास शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने के समय यह दुष्प्रचार किया गया था कि राजद शासनकाल में शिक्षा की बदतर स्थिति थी, शिक्षकों के पद खाली थे और न एक भी विद्यालय खोला गया। इस दुष्प्रचार को चुनौती देते हुए मैंने सरकार से मांग की थी कि दो दिनों के अन्दर शपथ पत्र के साथ राजद के शासनकाल में शिक्षा की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया जाए पर दो दिन हो गये सरकार द्वारा कोई जवाब नहीं मिला। इसीलिए आज मैं एनडीए सरकार के कार्यकाल में शिक्षा की दुर्यव्यवस्था पर एनडीए सरकार का ब्लैक पेपर जारी करने को मजबूर हुआ हूं।राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन, डॉ उर्मिला ठाकुर एवं मृत्युंजय तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के एनडीए सरकार पर शिक्षा को रसातल में पहुँचा देने का आरोप लगाया है। एनडीए शासन में शिक्षा की स्थिति वहाँ पहुँच गई है जहाँ से पटरी पर लाने में वर्षों लग जायेंगे। इतने दिनों से केवल राजद के खिलाफ दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह किया गया है, जबकि हकीकत काफी चैंकाने वाली है। एनडीए सरकार के पास वही उपलब्धियां हैं जो 2015 और 2022 में महागठबंधन सरकार के शासनकाल में हुआ। एनडीए सरकार की सारी घोषणायें केवल कागजी, दिखावटी और बनावटी है। इससे बुरा और क्या हो सकता है कि राजद शासनकाल में जिन विद्यालयों को खोला गया था एनडीए सरकार उसे बंद कर रही है। महागठबंधन सरकार के कार्यकाल को छोड़कर एनडीए सरकार द्वारा एक भी नियमित शिक्षक की बहाली नहीं की गई। शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए राजद सरकार द्वारा नियमित 6,88,157 शिक्षकों के अतिरिक्त 1,96,000 शिक्षा-मित्रों की नियुक्ती की गई जिन्हें नियोजित शिक्षक कहा जाता है। महागठबंधन सरकार बनने के बाद तत्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी के दबाव पर लगभग 1,22,000 शिक्षकों की नियुक्ति रिकार्ड 70 दिनों के अन्दर की गई है। एनडीए सरकार बने हुए लगभग नौ महीने हो गये हैं और शिक्षकों के शेष रिक्तियों के विरूद्ध अभी तक एक भी नियुक्ति नहीं हुई है। राजद प्रवक्ताओं ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल सुर्खियाँ बटोरने वाली घोषणायें करने भर से है जिसकी वजह से शिक्षा का बुनियाद हीं बिल्कुल खोखला हो चुका है।संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, भाई अरूण कुमार, निर्भय अम्बेदकर एवं प्रमोद कुमार राम उपस्थित थे।

# बालू माफियाओं और भ्रष्ट पदाधिकारियों की संलिप्तता की होगी जांच : विजय

## हेलिकॉप्टर से की जायेगी बालू घाटों की औचक निगरानी



पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि खान एवं भूत्तव विभाग में व्याप्त भष्ट्राचार को दूर करने के लिए कई कार्य किये जा रहे है। विभाग को खनन अधिकारियों एवं संवेदकों के मिलीभगत की जानकारी लगातार प्राप्त हो रही है। विभाग सभी मामलों पर समीक्षा कर कार्रवाई करेगा। भष्ट्राचार और राज्य को राजस्व की हानि पहुँचाने वाले किसी भी हाल में बख्शे नहीं जायेंगे। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि खनन गतिविधियों को पारदर्शी बनाने के लिए इसे आमजनों से भी जोड़ा गया है। आम नागरिकों से प्राप्त हो रही सूचनाओं पर नियमित रुप से कार्रवाई की जा रही है। आमजनों के पहचान को गुप्त रखा जा रहा है। ऐसे आम नागरिकों बिहार योद्धा पुरस्कार से सम्मानित करने की भी योजना है। आमजनों से शिकायत प्राप्त करने हेतु विभाग द्वारा एक व्हाट्सएप नंबर 9472238821 भी जारी किया गया है। इस नंबर पर कई शिकायते प्राप्त हो रही है जिसपर विभाग इंज्ञान लेकर कार्य कर रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नेतृत्व में एनडीए की सरकार खनन उद्योग के राजस्व संग्रह को बढ़ाने एवं एक उभरता हुआ उद्योग बनाने का प्रयास कर रही है। विगत 10 महीनों में सरकार के प्रयास से राजस्व संग्रह को लगभग दोगुना किया गया है। श्री सिन्हा ने आगे बताया कि खनिज लदे वाहनों के जाम में फसने/ यांत्रिक गड़बडी के कारण वाहन चालकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए एक हेल्पलाईन नंबर 0612-2215360 जारी किया गया है। इस नंबर पर वाहन मालिक अपनी समस्या से विभाग को अवगत करा सकते है। विभाग वास्तविक समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लेगा। श्री सिन्हा ने बताया कि शीघ्र ही हेलिकॉप्टर के माध्यम से बालू घाटों की निगरानी की जायेगी, जिससे वास्तविक स्थिति और स्पष्ट होगी। दोषी पदाधिकारी और संवेदक किसी भी हाल में बख्शे नहीं जायेंगे।

# एनडीए सरकार ही कर सकती है बिहार का विकास : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार की मदद से बिहार विकास की नयी इबारत लिख रहा है। विकास की इस बयार से नकारात्मक राजनीति करनेवाले विपक्षी दलों के नेताओं की नींद उड़ गयी है। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को बोधगया में 3700 करोड़ रुपये की लागत से छह प्रमुख सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने बिहार के लोगों का सम्मान करते हुए यह बता दिया कि बिहार को विशेष दर्जा नहीं मिला, तो क्या हुआ बिहार के लिए उनके हृदय में विशेष स्थान है। केंद्र सरकार ने बिहार को विशेष पैकेज से भी बड़ा पैकेज दिया है। श्री मिश्र ने कहा कि गडकरी ने जिन सड़क योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है, इससे विकास की गाड़ी और तेज रफ्तार से दौड़ेगी। कहा कि ये सड़क परियोजनाएं न केवल गया और आसपास के इलाकों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएंगी।

# सभी चार सीटों पर जीत दर्ज करेगा एनडीए : सहनी

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में नीतीश सरकार ने गढ़े नए कीर्तिमान



पटना। सूबे के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि बिहार विधानसभा उप-चुनाव में जनता ने गोलबंद होकर एनडीए के पक्ष में मतदान किया है। सभी 4 विधानसभा सीटों पर हमारी जीत पक्की है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड में भी एनडीए गठबंधन का पलड़ा भारी है। मंत्री शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान मंत्री ने आगे कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम को फिजूलखर्ची बताना विपक्ष की ओछी मानसिकता को उजागर करता है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में नीतीश सरकार ने नए कीर्तिमान गढ़े हैं। पंचायती राज एवं नगर निकायों में 50 फीसदी आरक्षण और सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी आरक्षण देकर हमारे नेता ने आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया है। इससे पहले मंत्री मदन सहनी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अनीसाबाद गोलंबर से पटना एम्स तक बनेगा एलिवेटेड सड़क

## पीएम मोदी ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र को दिया एक और तोहफा : रामकृपाल



पटना। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और तोहफा दिया है। अनीसाबाद गोलंबर से पटना एम्स तक 1000 करोड़ की लागत से बनेगा एलिवेटेड सड़क तथा पटना औरंगाबाद एन एच 98 भी फोर लेन सड़क का निर्माण होगा। इससे फुलवारीशरीफ सहित पूर्वी पटना से आने वाले लोगों को भीषण जाम से मुक्ति मिलेगी। शुक्रवार को गया में केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी घोषणा की है। उक्त बातें पूर्व शनिवार को केन्द्रीय मंत्री सह पाटलिपुत्रा के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव द्वारा जारी बयान में कही गई है। बताया गया है कि निवर्तमान सांसद राम कृपाल यादव ने पिछले साल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को इस बाबत पत्र लिख कर व मिलकर अनुरोध किया था। लोकसभा में शून्य काल में भी इस मामले को उठाया था। श्री यादव ने एलिवेटेड सड़क और एन एच 98 फोर लेन सड़क निर्माण की स्वीकृति देने के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी के प्रति दिल से आभार प्रकट किया है। श्री यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार के पथ निर्माण मंत्री और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को बधाई देते कहा कि गांधी सेतु और दीदारगंज से आने वाली भारी वाहनों की पटना शहर से बाहर निकलने एक मात्र सड़क यही है। पटना एम्स में भी मरीजों की भारी संख्या आती है, जिन्हें रोड क्रॉस करने में हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रही है। कई बार दुर्घटना में कई लोगों की जान भी गई है। श्री यादव ने कहा कि एलिवेटेड रोड पटना एम्स से पाटली पथ और पटना औरंगाबाद फोर लेन भी जुड़ जाएगा। गांधी सेतु, अनीसाबाद पटना एम्स एलिवेटेड रोड, पाटलीपथ, गंगा पथ पटना का इनर रिंग रोड साबित होगा। लोगों को इससे काफी लाभ होगा और राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था जाम फ्री और सुचारू रूप से चलेगी।

# ऊर्जा के क्षेत्र में महिला सदस्यों ने किया है बेहतर प्रदर्शन : सचिव

- विद्युत भवन में महिलाओं की सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन
- बोलें-ऊर्जा विभाग महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए प्रतिबद्ध

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




विद्युत भवन के मुख्य सभागार में महिला एवं बाल विकास निगम के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के सम्बंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में निगम के प्रतिनिधियों द्वारा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा महिला सुरक्षा से सम्बंधित प्रावधानों पर जानकारी दी गयी। इस कार्यशाला में बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं ऊर्जा विभाग की महिला कर्मियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में कार्य स्थल पर यौन हिंसा के विरूद्ध अपेक्षित कार्रवाईयों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक महिला एवं बाल विकास निगम हरजोत कौर बम्हरा ने किया। इस पर ऊर्जा विभाग के सचिव ऊर्जा पंकज कुमार पाल ने सभी कर्मियों को एक महीने के अंदर इस ऑन लाईन कोर्स को पूरा करने का निदेश दिया। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों में महिला कर्मियों एवं अधिकारियों ने बिहार के बिजली सुधार के व्यापक अभियान में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विद्युत उत्पादन, वितरण एवं संचरण तीनों प्रक्षेत्रों में पुरूष कर्मियों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर कार्य किया है। राज्य सरकार के किसी भी संगठन की तुलना में ऊर्जा परिवार की महिला सदस्यों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी एवं अनुषंगी कम्पनियों ने महिला कर्मियों की संख्या लगभग 2000 है। राज्य विद्युत प्रणाली के परिचालन एवं अनुरक्षण, परियोजना क्रियान्वयन, राजस्व संग्रहण, वित्त एवं लेखा, आईटी तथा मानव संसाधन एवं प्रशासन में भी महिलाओं का उत्कृष्ट योगदान है। सचिव ने बताया कि ऊर्जा विभाग एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड के आंतरिक समिति की अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया कि ऊर्जा विभाग एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड के अंतर्गत महिलाओं की सुविधा एवं उनके सम्मान तथा सुरक्षा के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। बिहार के ऊर्जा परिवार की महिला कर्मियों ने न केवल सशक्तिकरण का एक नया मॉडल प्रस्तुत किया है, बल्कि यहाँ का सुरक्षित माहौल एवं बेहतर कार्य संस्कृति ने राज्य के अन्य संगठनों को भी नयी राह दिखाई है। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड महेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी निलेश रामचन्द्र देवरे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल पर यौन-उत्पीड़न के विरूद्ध लघु फिल्म दिखाये गये। अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग ने ऊर्जा विभाग, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं अनुषंगी कम्पनियों के सभी कर्मियों को कार्यस्थल पर यौन-उत्पीड़न प्रतिबंध पर ऑन लाईन कोर्स करने का सुझाव दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, बरौनी सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई-निविदा सं. **ई.एल.एसबी.जे.यू._Aux_05** हेतु खुला ई-निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित हैः **(1) कार्य का नाम तथा स्थानः** तीन वर्षो के लिए ईएलएस/बीजेयू में टीओएच/आईओएच के दौरान इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के सहायक मोटर्स की ओवरहालिंग, मात्रा=112 लोकोमोटिव। **(2) कार्य का अनुमानित लागतः** 1,36,18,167.36 रू. (एक करोड़ छत्तीस लाख अठारह हजार एक सौ सड़सठ और छत्तीस पैसे मात्र)। **(3) अग्रधन राशिः** ₹ 2,18,000.00, **(4) निविदा शुरू होने की तारीख और समयः** 20/11/2024 **(5) बोली-पूर्व बैठक की तिथि और समयः** NA **(6) बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 16/12/2024, 11:30 Hrs. **(7) वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध हैः** **https://www.ireps.gov.in** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज उपरोक्त वेबसाइट से देखे जा सकते हैं। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

**वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेल, बरौनी**

पीआर/01562/एसईई/ईटीआरएस/टी/24-25/32



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

**ऑन लाईन (ई-निविदा) (दानापुर मंडल (इंजी. विभाग)** भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्ल्यू.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन-लाइन (ई-निविदा) आमंत्रित करते हैं।

**निविदा सूचना संख्या : डब्ल्यू-7/ई-टेन्डर/12/ओपेन/दानापुर/2024-25**

**क्रमांक : 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/2/दानापुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्ण ट्रैक नवीनीकरण (सीटीआर/पी), स्वीकृत कि.मी. पर डाउन लाइन में 437.425 से 441.402, 454.045 से 454.774, 461.29 से 463.00, 463.00 से 469.500, 470.00 से 471.00, 476.00 से 479.600, 471.00 से 476.00 (कुल 22.516 ट्रैक पैकेट कि.मी.।, **अनुमानित निविदा राशि :** 4,68,95,827.83, **बयाना की राशि:** 3,84,500/-

**क्रमांक : 2, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियन्ता/2/दानापुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत टीएसआर (पी) स्वीकृत कि.मी. 499 से 510.93=11.93 टीकेएम अप लाइन में, टीएफआर स्वीकृत कि.मी. 488.865 से 510.500=21.635 पर डाउन लाइन में और टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस), (JAJ-363A) (JMU-55/A, 58B, 58A) (L-53B), (MKA-51B, 5A, 57B, 61B), (PHK-60B, 61A, 51B, 53B, 58A, 61B, 62A), (BARH-59B, 5B), (BKP-52B), (TKBG-51B, 54B, 51A, 52B, 53B, 54A), (KWO-51A, 53B, 55B, 56A, 51B, 56B) = 33 set & (FS+CS+CMS) (RDUM- 57A, 57B, 60A, 60B, 55A, 54A, 71, 63B, TAL-55A, 55B, 54A) = 11 set, **अनुमानित निविदा राशि :** 2,99,90,279.13, **बयाना की राशि:** 3,00,000/-

**क्रमांक : 3, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियन्ता/2/दानापुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत थ्रू रेल नवीनीकरण (टीआरआर/पी), स्वीकृत कि.मी. पर डाउन लाइन में 371.70 से 373.00, 373/100 से 377.400, 378.700 से 390.800, 390.900 से 391.900, 393.100 से 405.800 और 31.300 ट्रैक कि.मी. 379.500 से 382.00, 466.00 से 469.610, 469.880 से 479.800 से 479.298, **अनुमानित निविदा राशि :** 5,31,24,597.13, **बयाना की राशि :** 4,15,600/-

**क्रमांक : 4, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** सहायक मंडल इंजी./मुख्यालय/दानापुर के अन्तर्गत बिहटा-दानापुर, एलिवेटिड कॉरिडोर के निर्माण के लिए संरचना के स्थानांतरण के संबंध में एसएसई/कार्य/कॉलोनी/दानापुर, एसएसई/डब्ल्यूएसएफ/दानापुर, एसएसई/सिग्नल एवं टेलीकॉम/निर्माण/दानापुर, एसएसई/सिग्नल एवं टेलीकॉम/दानापुर, एएसएसई/रेलपथ/निर्माण/दानापुर, एएसएसई/कार्य/निर्माण/दानापुर, आर ई कार्यालय/दानापुर, क्वार्टर्स एवं घनश्याम बालिका स्कूल/दानापुर इत्यादि के सेवा भवन और भंडारों का निर्माण (दो पाकेट प्रणाली), **अनुमानित निविदा राशि :** 38,75,19,379.86, **बयाना की राशि:** 20,87,600/-

**क्रमांक : 5, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक भवन में कॉमन शौचालयों, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि की बड़ी मरम्मत। **अनुमानित निविदा राशि :** 1,27,76,584.36, **बयाना की राशि :** 2,13,900/-

● **निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 10.12.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। ● **वेबसाईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1.** निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: **http.//www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। **2.** विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेबसाईट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/01551/डीएनआर/इंजी./टी/24-25/112



**जल संसाधन विभाग**

बिहार सरकार

शोध एवं प्रशिक्षण प्रमण्डल-2, शोध भवन, खगौल, पटना

अल्पकालीन पुर्ननिविदा

आमंत्रण सूचना सं0- 18/2024-25

(आईटम रेट टेण्डर)

1. कार्य का विवरणः- राज्य/राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि (रू0 में) (ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन मोड में भुगतेय) | बीड कागजात का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय) | BELTRON को Online देय बीड प्रोसेसिंग फिस (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना परिक्षेत्राधीन विभिन्न कार्यालयों हेतु उपकरण/सॉफ्टवेयर (Microsoft Office, Autocad & Staad Pro आदि) का क्रय/अधिष्ठापन। | 24,800/- | 5000/- | 590/- | 1तीन माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन आमंत्रित करने की तिथि | :- | 20.11.2024 |
| 2 | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि एवं समय | :- | दिनांक 29.11.2024 से 05.12.2024 समय 3:00 बजे अपराह्न तक। (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 3 | प्री बीड मिटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | :- | दिनांक 30.11.2024 को अधीक्षण अभियंता, शोध एवं प्रशिक्षण अंचल, खगौल, पटना के कार्यालय कक्ष में 03:30 बजे पूर्वाह्न । |
| 4 | टेक्निकल बीड खोलने की तिथि एवं समय | :- | दिनांक 05.12.2024 समय 3:30 बजे अपराह्न (वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) |
| 5 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय | :- | सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जाएगी (वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) |
| 6 | निविदा खोलने का स्थान | :- | www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 7 | निविदा की वैद्यता की अंतिम तिथि | :- | 120 दिन। |
| 8 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, शोध एवं प्रशिक्षण प्रमण्डल-2, खगौल, पटना। |

इसे विस्तृत रूप में बेवसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar / www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
शोध एवं प्रशिक्षण प्रमण्डल-2,
खगौल, पटना

PR. No. 013009 (WRD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

न इंजेक्शन से करें नशा, न सूई करें साझा, नशा करे परेशान तो OST है समाधान।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# जिलाधिकारी ने पैक्स चुनाव 2024 को लेकर की समीक्षात्मक बैठक

## शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराए जाने हेतु दी आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार 22 नवम्बर को पैक्स निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निश्चित समय पर पूरा करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अंतर्गत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के साथ बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने पैक्स निर्वाचन 2024, को लेकर विस्तृत समीक्षा के क्रम में मानव प्रबंध,कोषांग कार्मिक कोषांग से मतदान दलों का गठन, गस्ती दंडाधिकारी, सेक्टर दंडाधिकारी, पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित कार्मिकों को अभिरक्षित रखना, प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग से मास्टर ट्रेनर की मदद से मतदान कर्मी हेतु कार्य योजना एवं प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करना, मत पेटिका से निर्वाचन हेतु प्रशिक्षण देने के संबंध में, प्रशिक्षण में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों यथा टेबल कुर्सी पंखा जनरेटर विद्युत व्यवस्था फ्लेक्स का मुद्रन लेखन सामग्री पर जल दैनिक मजदूरी इत्यादि, वाहन प्रबंधन कोषांग से संभावित 238 मतदान केंद्रों के लिए जिला स्तर पर वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन करना तथा सभी श्रेणी के वाहनों को सूची तैयार कर उसके अधिग्रहण हेतु नोटिस तमिला करना, आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन अपराध कोषांग से आचार संहिता के उल्लंघन एवं निर्वाचन अपराध के मामलों को पंजीकृत करना तथा सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त शिकायतों का त्वरित जांच करना तथा जांच प्रतिवेदन के आलोक में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करना मत पेटिका,सामग्री कोषांग से मत पेटिका के आवश्यक मरम्मति ग्रीजिग रंगाई आदि सुनिश्चित करना तथा निर्वाचन में प्रयुक्त किए जाने वाले विभिन्न सामग्रियों का आवश्यकता का आकलन करना हेल्पलाइन एवं मीडिया कोषांग एवं जिला नियंत्रण कक्ष से निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देने के लिए जनसंपर्क कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करना, प्राधिकार निर्धारित समय के अनुसार मीडिया ब्रीफिंग करना उन्हें आवश्यक आंकड़े तथा सूचना उपलब्ध कराना तथा अधिकार के निदेशकों का प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई करना व्यय लेखा कोषांग से सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन में लेखा संबंधी अभिलेखों के विषय में जानकारी देना, अभ्यर्थियों द्वारा दिए जा रहे हैं व्यय पर नजर रखने तथा रेंडम जांच करना विधि व्यवस्था कोषांग से पुलिस वालों की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन करना तथा अनुमंडल से विधि व्यवस्था से संबंधित समन्वय बनाए रखना मतपत्र कोषांग से तथा शिकायत अनुश्रवन एवं वोटर हेल्पलाइन कोषांग से मतदाताओं को मतदान केंद्र संबंधी सूचना देना, नाम जोड़ने हटाने एवं संशोधन संबंधी जानकारी देना तथा विभिन्न प्रकार के शिकायत सुझावों को पंजी में दर्ज करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी महोदया ने पैक्स निर्वाचन 2024 के अवसर पर शुक्रवार 22 नवंबर 2024 से पैक्स निर्वाचन संपूर्ण प्रक्रिया संपन्न होने तक समाहरणालय तथा अधीनस्थ कार्यालय एवं एवं जिला अंतर्गत तकनीकी तथा गैर तकनीकी विभागों के जिला स्तरीय एवं क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारी ,पर्यवेक्षकों द्वारा मुख्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया । इसके अलावा उन्होंने बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार बिहार पटना के धतन निर्देशों का अक्षरसः अनुपालन करने का निर्देश दिया ।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा बेसीन : समस्या और समाधान पर राष्ट्रीय विमर्श हेतु बैठक आयोजित

मुजफ्फरपुर । मझोलिया स्थित अनील प्रकाश के आवास पर डा विजय जयसवाल की अध्यक्षता में एक बैठक आहुत की गई । जिसमें गंगा मुक्ति आंदोलन एव नदी बचाओ अभियान एव साथी संगठन के द्वारा 28,29 एवं 30 नवम्बर को तीन दिवसीय ह्लगंगा बेसीन समस्या और समाधानः राष्ट्रीय विमर्शह्लकार्यक्रम के आयोजन पर विचार-विमर्श किया गया। उक्त तीन दिवसीय गंगा बेसीन राष्ट्रीय विमर्श के सफल आयोजन के लिए विजय जयशवाल की अध्यक्षता में तैयारी समिति का गठन किया गया । आज की बैठक में मो इसरायल मंसुरी पूर्व मंत्री ,मो अली अनवर पूर्व राज्य सभा सांसद, नरेश कुमार सहनी,अनील गुप्ता, अरविन्द वरुण, अनील कुमार अनल,लक्षणदेव प्रसाद सिह, कृष्णमोहन,विरेन्दर राय,तारकेश्वर प्रसाद सिंह, मोमीन खातुन,संगीता सुभाषिणी, संतोष सांरग,रेणु पासवान,अजय कुमार रंजीत राम,काशीनाथ सहनी,अर्जुन कुमार शामिल हुए।

### दो बाईकों की आमने सामने की टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल

गिद्धौर। गिद्धौरह्नजमुई एनएच पर राजश्री इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के निकट शुक्रवार को दिन में दो बाइक सवार की आमने सामने की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजीव कुमार साव उर्फ पिंकू,रंजीत कुमार रावत,राजकुमार यादव एवं अन्य ग्रामीणों के सहयोग से दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की पहचान गिद्धौर प्रखंड के पतसंडा पंचायत निवासी पल्लव कुमार पाण्डेय एवं कोल्हुआ पंचायत के महुलीगढ़ निवासी कैलाश पंडित के रूप में हुई है। इस दुर्घटना में पल्लव के पैर और चेहरे पर चोट आई है। वहीं कैलाश पंडित के सर में चोट है। दोनों घायलों की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया गया, जहां दोनों इलाजरत हैं और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

### संवेदक संघ ने जिला में किया एक बैठक आयोजित



मधुबनी मधुबनी जिला के एक निजी होटल में जिला के संवेदक संघ का बैठक का हुआ आयोजन बैठक में संवेदक संघ ने सरकार के स्पष्ट दिशा निर्देश नही होने की वजह से काफी चिंता जाहिर किया क्यो कि खजौली रैक पॉइंट पर संवेदक का मटेरियल उतारने के उपरांत कार्यरत जगह पर ले जाने के दौरान खजौली डीएसपी के द्वारा एक नंबर बिल रहने के बावजूद भी संवेदक के गाड़ी का गलत तरीके से चालान काटकर 800000 से अधिक की वसूली की एवं संवेदक की गाड़ी चालक को चेताया भी दिया गया जिसको संवेदक संघ ने जम के विरोध किया संवेदक संघ का मानना है कि सरकार मटेरियल गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए एक दिशा निर्देश जारी करे जिससे पुलिस विभाग के द्वारा परेशानी ना हो साथ ही ग्लोबल संवेदक जल संसाधन विभाग के द्वारा दिया गया है जिसका संवेदक संघ ने घोर विरोध जाहिर किया है।

## जनता दरबार में डी एम ने कई मामलों का किया समाधान, दिये निर्देश



प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा। जिलाधिकारी राजीव रौशन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता के दरबार में परिवादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में 1 बजे अपराह्न से आए हुए परिवादियों की शिकायतों का निष्पादन करने हेतु हर संभव प्रयास करते हैं। जिलाधिकारी ने आज जनता के दरबार में 52 से अधिक मामलों की सुनवाई किया और और कई मामलों का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को कहा कि शिकायतों को निष्पादन में सर्वोच्च प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें। जनता दरबार में समाज ,भूमि विवाद, आदि के मामलों का निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया।साथ ही अन्य मामलों को शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से भी निर्देश दिए।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार,अपर समाहर्ता नीरज कुमार दास,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था-सह-जिला-आपूर्ति राकेश रंजन, उप निदेशक जन संपर्क सत्येंद्र प्रसाद, पूजा कुमारी आईटी सहायक एवं अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर श्री श्री 108 श्री सीताराम नाम ग्यारह दिवसीय महायज्ञ का होगा आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी जयनगर के पवित्र पावन मा कमला नदी के तट पर स्थित पर्णकुटी राम जानकी मंदिर परिसर में विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर श्री श्री 108 श्री सीताराम नाम ग्यारह दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा।इसी को लेकर पत्रकारो को जानकारी देते हुए महंथ बालक दास ( नागा )सियाराम शरण ने कहा कि विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर श्री श्री 108 श्री सीताराम नाम ग्यारह दिवसीय महायज्ञ का आयोजन कमलापुल के पर्णकुटी राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजन होने जा रहा है।यह कार्यक्रम 5 दिसम्बर से 15 दिसंबर तक आयोजन किया जायेगा। धार्मिक अनुष्ठान आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दिया गया है। अनुष्ठान में 5 दिसम्बर के सुबह में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी। महायज्ञ भजन कीर्तन विशेष पूजा पाठ भंडारा समेत अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। उन्होने जयनगर समेत श्रद्धालुओ को धार्मिक अनुष्ठान और महायज्ञ को सफल बनाने में तन मन धन से सहयोग करने की अपील किया है। श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ेगी।

## विकास निर्माण योजनाएं में मिट्टी युक्त बालू के प्रयोग पर अबिलम्ब रोक लगाने कि मांग : भाकपा-माले

प्रात : किरण, संवाददाता




मधुबनी जयनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार एवं पंचायती राज पदाधिकारी अमीत अभय मिश्रा को दिए गए आवेदन पत्र पर में भूषण सिंह प्रखंड सचिव भाकपा माले जयनगर ने जनशिकायत के आलोक में कहा है की जयनगर प्रखंड के अंतर्गत करीब करीब कुछ कार्यो को छोड़ कर सभी ग्राम पंचायतो में प्रखंड एवं पंचायतो से संचालित होने वाली सड़क, नाला, पुल पुलिया, चाहरदीवारी सहित विभिन्न प्रकार के अन्य विकास निर्माण कार्य योजनाए में अधिकांश योजनाए में स्थानीय मुन्हारा नदी की बालू निर्माण कार्यो में प्रयोग किया जा रहा है। मुन्हारा नदी की बालू मिट्टी युक्त होने के कारण निर्माण कार्य बहुत कम दिनों में ही टूट-फुट जाता है जो बहुत बड़ी अनियमितता के साथ-साथ अपराध व वितीय लुट है। दूसरी ओर निर्माण स्थल पर निर्माण कार्य चालू होने से पूर्व स्थल पर आम लोगों को जानकारी हेतु एवं विभागीय पारदर्शिता के ख्याल से निर्माण स्थल पर कार्यो से संबंधित बोर्ड नही लगाया जाता है। जिसका मूल्य करीब 3500 रूपया है निर्माण स्थल पर निर्माण से संबंधित बोर्ड नही लगने के कारण आम लोग योजना व विभागो से अनभिज्ञ तथा भ्रमित हो रहे है जिसके कारण पूर्व में एक ही निर्माण कार्यो पर अन्य विभाग के द्वारा अवैध तरीके से लाखों रूपया का निकासी किया जा चूका है। हमारी पार्टी उक्त अनियमितता व सुनोयोजित लुट की तीव्र निंदा करते हुए प्रखंड एवं ग्राम पंचायतो से संचालित होने वाले निर्माण योजनाए में मुन्हारा नदी की मिट्टी युक्त बालू की प्रयोग पर रोक लगायें और अनियमितता में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने व प्रखंड एवं ग्राम पंचायतों से संचालित होने वाली सभी निर्माण कार्य स्थलों पर कार्य से संबंधित बोर्ड लगाने और बोर्ड में योजना व विभाग का नाम लागत राशी तथा संबंधित कनीय अभियंता एवं विभाग के पदाधिकारियो का नाम व मोवाईल नम्बर अंकित करने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायती राज पदाधिकारी से किया गया है। यह जन हित की मांग है ।

## तिरहुत स्नातक चुनाव में भाकपा ने किया गोपी किशन का समर्थन




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी गोपी किशन के समर्थन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चारों जिला में बदलाव का लहर चल रहा है। स्नातकों की समस्याओं को सदन में मजबूती से उठाने के लिए महागठबंधन ने गोपी किशन को प्रत्याशी बनाया है। गोपी किशन योग्य तथा शिक्षित है। ये स्नातकों की समस्याओं को सदन के अन्दर तथा बाहर उठाने के लिए कृत संकल्पित है। चारों जिला में इनके पक्ष में आंधी चल रही है। इनकी जीत को सुनिश्चित करने के लिए स्नातकों में एक नया उत्साह जगा है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधानपार्षद प्रो० संजय कुमार सिंह ने कहा कि तिरहुत क्षेत्र के शिक्षकों का महागठबंधन प्रत्याशी गोपी किशन को अपार समर्थन मिल रहा है। प्रेस वार्ता को पूर्व विधायक केदार प्रसाद, महागठबंधन प्रत्याशी गोपी किशन, भाकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह, भाकपा जिला सचिव रामकिशोर झा, नगर सचिव रंजन महतो, सुनील ठाकुर, अवधेश पासवान, नवल किशोर पाण्डेय शामिल हुए।

## भूमि विवाद निवारन के लिए डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिये निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा। जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में भूमि विवाद के मामले का ससमय सुनवाई कर निपटारा करने को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि जमीन विवाद संबंधित समस्याओं को निवारण के लिए प्रत्येक शनिवार को संबंधित थानों में थाना अध्यक्ष एवं अन्चलाधिकारी बैठक बुलाकर भूमि विवाद समस्याओं का निवारन करना सुनिश्चित करें। आज बैठक से कई थाना अध्यक्ष अनुपस्थित पाए गए जिसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया। भूमि विवाद की समस्याओं को ऑनलाइन भी एंट्री करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश संबंधित थाना अध्यक्ष को दिया गया।साथ ही सभी मामलों को पोर्टल पर प्रविष्टि करने का निर्देश दिए। उन्होंने भूमि विवाद के संबंध में कहा कि प्रोफाइल (पोर्टल) को ठीक से बनावें, जिससे भूमि विवाद के मामले को निष्पादन करने में कोई कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने सभी थानाऔर अंचल से भूमि विवाद के संबंध में विस्तृत फीडबैक लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि विवाद कि समस्याओं को निवारण में सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक में अपर समाहर्त्ता (राजस्व) नीरज कुमार दास,उप निदेशक जन-सम्पर्क सत्येंद्र प्रसाद, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध प्रदीप कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## योजना सरकारी संस्थान में दाखिला होने पर 20 हजार पॉलिटेक्निक नर्सिंग के लिए दस हजार मिलेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर गिद्धौर प्रखंड के सभी आठ पंचायत में अब तक श्रम अधीक्षक विभाग से 5776श्रमिकों का निबंधित हो चुका है बता दे की निमंत्रित कामगारों के पुत्र व पुत्री को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता भी मिलेगी इस बारे में जानकारी देते हुए श्रम पदाधिकारी ने कहा कि न्यूनतम एक वर्ष की सदस्यता पूर्ण होने पर निबंध निर्माण कामगारों के पुत्र एवं पुत्री को आईटीआई आईआईएम तथा एम्स आदि जैसे सरकारी उत्कृष्ट संस्थानों में दाखिला होने पर पूरा ट्यूशन फीस विभाग से मिलेगा जबकि बीटेक अथवा समकक्ष कोर्स के लिए सरकारी संस्थान में दाखिला होने पर न्यूनतम 20 हजार सरकारी पॉलिटेक्निक नर्सिंग या समकक्ष डिप्लोमा कोर्स के अध्ययन के लिए एक मुफ्त 10 हजार सरकारी आईटीआई या समकक्ष के लिए एक मुफ्त 5 हजार देने का प्रावधान किया गया है।बता दे की निर्माण कार्य में नीम कोटि के असंगठित कामगार आते हैं। जिनमें में भवन निर्माण एवं सड़क निर्माण कार्य करने वाले अकुशल कोटि के कामगार राजमिस्त्री, हेल्पर ,बढई, लोहार, पेंटर ,भवन में बिजली एवं संकलन कार्य करने वाले इलेक्ट्रीशियन, भवन में फर्श फ्लोर टाइल्स का कार्य करने वाले मिस्त्री, तथा उसके सहायक सेट रिंग एवं लोहा बांधने का कार्य करने वाले गेट ग्रिल एवं बिल्डिंग का कार्य करने वाले कंक्रीट मिश्रण करने वाले, कंक्रीट मिक्सर मशीन चलाने वाले तथा कंक्रीट, मिक्स को चलाने वाले महिला कामगार जो सीमेंट द्वारा मिक्सर ढोने का कार्य करती है। रोलर चालक सड़क पुल एवं वार्ड निर्माण कार्य में लगे मजदूर सड़क पुल बांध भवन निर्माण कार्य में विभिन्न आधुनिक यंत्रों को चलाने वाले मजदूर बांध पुल सड़क या भवन निर्माण कार्य में लगे चौकीदार भवन निर्माण में जल प्रबंधन का कार्य करने वाले प्लंबर फाइटर इत्यादि एट निर्माण एवं पत्थर तोड़ने के कार्य में लगे मजदूर रेलवे टेलीफोन हवाई अड्डा इत्यादि के निर्माण में लगे कामगार इसमें शामिल है।

## बिहार विधान परिषद सदस्या ने किया लक्ष्मी पासवान स्मृति सभागार का शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा ।मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत बिहार विधान परिषद सदस्या कॉ शशि यादव के ऐच्छिक कोष से शोषित-पीड़ित-वंचित समाज की मुक्ति के दुर्धर्ष योद्धा कॉमरेड लक्ष्मी पासवान की स्मृति में कॉ लक्ष्मी पासवान स्मृति सभागार का विधिवत शिलान्यास। इस अवसर पर आयोजित शिलान्यास समारोह में मुख्य वक्ता के बतौर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिहार विधान परिषद सदस्या तथा भाकपा माले नेत्री कॉमरेड शशि यादव ने कहा कि हमारी पार्टी ने हमारे ऊपर जो जबावदेही सौंपी है, उसे मैं पूरी करूंगी।मुझे जो विकास के लिए फंड मिला है उसका सदुपयोग लम्बे अर्से से उपेक्षित इस महाविद्यालय को सिंचने में करूंगी।बिहार के गरीब-गुरबों के बच्चों को शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मैं हमेशा संघर्ष करूंगी।कॉ लक्ष्मी पासवान के सपनों को साकार करने के लिए उनके नाम पर स्मृति सभागार का निर्माण एक मिल का पत्थर साबित होगा।भाकपा माले के वरिष्ठ नेता कॉ आर के सहनी ने कहा कि यह कॉलेज शुरू से उपेक्षित रहा है और इसी कॉलेज को कॉ लक्ष्मी पासवान ने अपनी क्रांतिकारी राजनीतिक गतिविधि का केन्द्र बनाया था।यह महाविद्यालय आज तक वित्तीरहित का दंश झेला रहा है। जिला सचिव कॉमरेड बैद्यनाथ यादव ने कहा कि मैं भी इसी कॉलेज का छात्र रहा हूं और कॉमरेड लक्ष्मी पासवान से प्रेरणा ग्रहण कर क्रांतिकारी विचारधारावाली पार्टी भाकपा माले का सदस्य बना तथा आज जिला सचिव हूं। कॉ लक्ष्मी पासवान स्मृति सभागार के शिलान्यास से मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मोके पर जसम के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुरेंद्र प्रसाद, डॉ दयानाथ यादव, डॉ नवलकिशोर यादव, डॉ रामनन्दन राय, डॉ जयप्रकाश सिंह ,डॉ श्याम यादव, डॉ ईश्वरचंद्र यादव, डॉ संतोष कुमार यादव, कॉ अभिषेक कुमार, कॉ अशोक पासवान, कॉ विनोद सिंह, कॉ शनीचरी देवी,कॉ साधना शर्मा सहित कतिपय लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव इन्द्रजीत कुमार यादव ने की स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो जीवतराम यादव ने दिया तथा कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ रामबाबू आर्य ने किया।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिला पदाधिकार अभिलाषा शर्मा ने जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार 22 नवम्बर को जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर सुदूर क्षेत्र व दूर-दराज क्षेत्र से आए फरियादियों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने आम जनों की समस्याओं को गौर से सुना और मौके पर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया तथा कुछ मामलों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। विदित है कि जिलाधिकारी महोदया प्रत्येक शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित कर आमजनों की समस्याओं को सुनते हैं। जिलाधिकारी ने जनता दरबार जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि बंटबारे, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, पैक्स बूथ, रैयति भूमि का निबंधन, अनुग्रह भुगतान,खतियान, दखल-कब्जा, जमीन की नापी, इंदिरा आवास योजना , विकलांग पेंशन, विवादित भूमि पर जबरन कार्य, चयन प्रक्रिया, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, अनुज्ञप्ति रद्द,नियुक्ति, राशि-गबन, रास्ता अवरुद्ध, मारपीट, बासगीत पर्चा, पक्की नली गली, बिजली चोरी, आंगनवाड़ी, गैर मजरूआ एवं अन्य से सम्बंधित मामले आए। जिलाधिकारी महोदया ने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और इस पर यथोचित कार्रवाई की। जिलाधिकारी महोदया ने इस अवसर पर कहा कि जनता को कठिनाइयों से उबारना ही उनका मुख्य मकसद है। सरकार की हितकारी योजनाओं का लाभ नामित वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा के साथ काम करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्त्ता सुभाषचंद्र मंडल,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## जिलाधिकारी ने दीपशिखा सिंह द्वारा की गई मांगो का लिया संज्ञान, महिला सुरक्षा के लिए दिए सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी महिला विकास मंच की अध्यक्ष दीपशिखा सिंह की पहल पर डीबी कॉलेज,जयनगर और आसपास के क्षेत्र में महिला सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दो को लेकर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। दीपशिखा सिंह ने डीबी कॉलेज,जयनगर के पास छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस पड़ाव बनाने की मांग की। इसके साथ ही कॉलेज और विद्यालयों के आस-पास छुट्टी के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और अनियमित रूप से चलने वाले ओवरलोडेड ई-रिक्शा पर रोक लगाने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने सुझावो को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागो को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला परिवहन पदाधिकारी को डीबी कॉलेज,जयनगर के गेट के पास बस पड़ाव स्थापित करने के लिए कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल और अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर से समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को छात्राओं और महिलाओ की सुरक्षा के लिए विद्यालयो के पास छुट्टी के समय पुलिस गश्त बढ़ाने का आदेश दिया गया। साथ ही जिला परिवहन विभाग को अनियमित रूप से संचालित ई-रिक्शा के परिचालन को नियंत्रित करने और ओवरलोडिंग रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया गया।महिला विकास मंच और जिलाधिकारी के प्रयासों ने क्षेत्र में महिला सुरक्षा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। यह निर्णय छात्र-छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कदम न केवल महिलाओ और छात्राओ को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि प्रशासन और नागरिकों के बीच सहयोग का उदाहरण भी स्थापित करेगा।

## जंगल मे घायल अवस्था मे मिले युवक की चार दिन के बाद हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बीते शुक्रवार से लापता होंने के बाद थानाक्षेत्र के भदवरिया गांव में मंगलवार की शाम को गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर जंगल मे घायल अवस्था मे मिले विनोद टुडू उर्फ बिनो की मौत शुक्रवार को हो गई। मृतक की पत्नी ने पूर्व में पति के गायब होने में देवर सुरेंद्र टुडू, गौतनी पाणमनी हांसदा, चन्द्रमण्डी थानाक्षेत्र के सिजुआ गांव में रहने वाली ननद सुनीता टुडू और उसके पति मनोज हांसदा को नामजद बनाया है। घटना की जानकारी थाना को दिया गया जिसके बाद थानाध्यक्ष संजय कुमार, एसआई कुंज बिहारी दलबल के साथ मृतक के घर पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जमुई भेज दिया। दर्ज आवेदन के आधार और मृतक की पत्नी के बयान पर पुलिस हर एक बिंदुओ पर छानबीन की प्रक्रिया में जुट चुकी है। बताते चले कि मृतक की पत्नी ने पूर्व में बताया था कि बीते शुक्रवार की सुबह घर से शौच करने के लिए घर से निकला था और फिर वह वापस घर नही लौटा था तो उसकी पत्नी एवं अन्य परिजनों ने खोजबीन किया था लेकिन कुछ पता नही चला और मंगलवार की दोपहर को खोजबीन के दौरान घायल अवस्था मे गांव से सटे जंगल ने बेहोश पड़ा मिला जिसके बाद डॉक्टर ने सरकारी अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जिसके बाद उसे गुरुवार को परिजनों ने घर लेकर चला आया।

## हम जमीन पर जितने मजबूत होंगे उसका फायदा संगठन ज्यादा मिलेगा : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर( दरभंगा ) ।पार्टी संगठन और शक्ति केंद्र को जमीन पर और शक्तिशाली बनाने के लिए युद्धस्तर पर करेंगे काम ।शनिवार को शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक के दौरान संजय सिंह पप्पू सिंह ने अपने संबोधन में कहा। संगठन पर्व चुनाव हेतु बेनीपुर विधानसभा का बैठक प्रभारी संजय सिंह पप्पू सिंह के नेतृत्व में आशापुर में हुआ। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि हर बूथ, हर गली, हर गांव, हर मोहल्ले में संगठन को मजबूत बनाए जाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा ।हम जमीन पर जितने मजबूत होंगे उसका फायदा संगठन को उतना ज्यादा मिलेगा ।शक्ति केंद्र प्रमुख को संगठन विस्तार के लिए जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंक देनी होगी ।जो लोग निष्क्रिय हैं उनके बदले में सांगठनिक कार्यों में अभिरूचि दिखाने वाले कार्यकताओं को अवसर देना चाहिए। मन की बात, बूथ कमेटी से लेकर सोशल मीडिया पर भी संगठन के कार्यों का प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है। व्हाट्सएप ग्रुप के लिए भी प्रभारी बनाए जाने चाहिए। पप्पू सिंह ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कामकाज के बारे में और उनकी योजनाओं के बारे में घर घर बताने की आवश्यकता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 23 नवंबर, 2024



# शौचालय निर्माण में अनियमितता, निर्माण कार्य में तीन नंबर ईट का किया जा रहा प्रयोग

## ग्रामीणों ने कहा निमार्णाधीन शौचालय में मापदंडों कि हो रही अनदेखी

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर शिक्षा विभाग द्वारा प्रखंड भर में चल रहे प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के क्षतिग्रस्त भवन, वर्ग कक्ष का मरम्मती करण एवं स्कूलों में चारदीवारी का निर्माण एवं डीलक्स शौचालय निर्माण करवाने का आदेश अधिकारियों को दे रखा रखा है।और शिक्षा विभाग द्वारा लाखों लाख रूपय खर्च कर प्रखंड के दर्जनों विद्यालयो में इसकी कवायद भी शुरू कर दी गई है। लेकिन शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मी ही विभाग द्वारा चलाए जा रहे इन योजनाओं में सेंधमारी कर सरकारी राशि के बंदर बांट करने में लगे हुए है। ताजा मामला प्रखंड के रतनपुर पंचायत अंतर्गत कैराकादो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैराकादो में चल रहे डीलक्स शौचालय निर्माण कार्य को देख कर लगाया जा सकता है। विभागीय जेई और संवेदक आपस में सांठ गांठ कर स्कूल परिसर में चल रहे शौचालय निर्माण कार्य में तीन नंबर ईट का धड़ल्ले से प्रयोग कर रहे है।शुक्रवार को संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में तीन नंबर ईट लगाए जाने का विरोध कैराकादो वासियों ने किया है।बावजूद इसके निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है। विभागीय मापदंडों को ताक पर रख कराए जा रहे निर्माण कार्य पर कैराकादो वासी सहित स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने असंतोष जाहिर किया है।समाजसेवी बिनोद पासवान ,मनोज मंडल, सत्येंद्र मंडल, बबन मंडल, राजू मांझी रंजीत यादव, सोनू यादव ,सरवन यादव, वासुदेव यादव, राजू यादव ने आक्रोशित हो बताया की विद्यालय परिसर में लाभग पांच लाख से अधिक कि राशि खर्च कर छात्र छात्राओं के लिए आधुनिक डीलक्स शौचालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन विभागीय जेई और उनके द्वारा नियुक्त संवेदक स्टीमेट में घाल मेल कर जैसे तैसे शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण कर सरकारी राशि कि बंदरबांट करने में लगे हुए है।जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है।जबकि कई बार हम ग्रामीणों द्वारा चल रहे निर्माण को विभागीय मापदंड के अनुसार करवाने कि बात संवेदक से कही गई है।लेकिन संवेदक जैसे तैसे निर्माण कार्य को पूर्ण करने में लगे हुए।ग्रामीणों ने शौचालय निर्माण कार्य बरती जा रही अनियमितता के जांच कि मांग जिले के वरीय पदाधिकारियों से की है। विभागीय मापदंडों के अनुसार ही विद्यालय परिसर में शौचालय का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। अगर संवेदक के द्वारा तीन नंबर ईट का प्रयोग किया जा रहा है तो हम चेक कर लेते हैं। निर्माण कार्य को देख लिया जाएगा। पंकज कुमार गुप्ता,जेई,शिक्षा विभाग गिद्धौर।






## संक्षिप्त खबरें

### मुढ़ैरी गोली कांड की जांच सीआईडी से कराने से दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा : ग्रामीण

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पैक्स चुनाव भय मुक्त करने के लिए हवेली खड़गपुर प्रखंड में प्रशासनिक तैयारी जहां पूरी तरह सजग और सक्रिय है वही मुढ़ैरी पंचायत के गोलीकांड के नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अथक प्रयास कर रही है घटना 17 नवंबर की रात की बताई जा रही है लेकिन घटना में ग्रामीणों से पूछे जाने पर इस संवाददाता को बताया कि पैक्स चुनाव में रेखा देवी और कैलाश बिन्द के बीच पूर्व से किसी प्रकार का दुश्मनी नहीं है वही ग्रामीणों ने बताया कि 17 नवंबर की रात की घटना में गोली की आवाज आसपास की ग्रामीणों ने नहीं सुना है ग्रामीणों का कहना है कि टैक्स चुनाव को प्रभावित करने के लिए और कैलाश बिना को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिया गया है जबकि इसके पहले रेखा देवी के जाति के लोगों ने पैक्स मतदाता सूची से 250 मतदाताओं का नाम कट गया था लेकिन स-समय पुनः मतदाता सूची में काटे गए मतदाता का नाम जोड़ा गया है हकीकत यह है कि जिस बच्चों को गोली लगी है और कुछ बच्चों का नाम जो प्राथमिकी में दी गई है वह 5 नवंबर के क्रिकेट खेल मैदान से ही विवाद प्रारंभ हुआ है। जिससे कैलाश बिन्द को कुछ लेना देना नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि पैक्स चुनाव में विवादों से मतदाताओं को कोई लेना-देना नहीं है

### बनझुलिया मुसहरी के पास से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को थाना पुलिस ने किया जब्त

गिद्धौर। गिद्धौर थाना क्षेत्र के बनझुलिया मुसहरी के पास से मुख्य सड़क से अवैध बालू लोड कर झाझा की ओर ले जा रहे एक ट्रैक्टर वाहन को गिद्धौर थाना पुलिस ने जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पतसंडा पंचायत में बालू अवैध उत्खनन की जानकारी गिद्धौर थाना पुलिस को मिली। जिसको लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना अध्यक्ष सर्वजीत कुमार एसआई अजुन कुमार एवं पुलिस के जवान बनझुलिया मुसहरी के पास से जा रहे अवैध बालू ट्रैक्टर को रुकने का इशारा किया तो चालक ने झाझा की ओर भागते हुए ट्रैक्टर वाहन को खड़ा कर भाग गया थाना पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। वहीं थाना पुलिस द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले गिद्धौर थाना ले आयी। इधर गिद्धौर थाना अध्यक्ष सर्वजीत कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के बनझुलिया मुसहरी के पास एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की जानकारी मिली थी। जिस पर मेरे नेतृत्व में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। वहीं ट्रैक्टर वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### पटेश्वर नाथ मंदिर के पास अपराधियों ने एक को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

जमुई/ लक्ष्मीपुर । मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेश्वर नाथ मंदिर जाने के रास्ते में शुक्रवार की सुबह 6:00 बजे के लगभग एक व्यक्ति को गोली मारकर फेंक देने का मामला सामने आया है। घायल व्यक्ति का हाथ पैर गमछा से बंधा हुआ पाया गया है। पुलिस को सूचना मिलने पर घायल व्यक्ति को कब्जे में लेकर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जहां घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे पटना रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान लक्ष्मीपुर थाना अंतर्गत मड़ैया पंचायत के धरवा गांव निवासी असर्फी यादव के पुत्र बच्चू यादव के रूप में की गई है। वहीं घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा और आधार कार्ड बरामद किया है। घटना की जानकारी जंगल के राहगीरों ने मुखिया रणधीर यादव को दी। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया रणधीर यादव और लक्ष्मीपुर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गुलाबी यादव घटना स्थल पर पहुंचकर इसकी सूचना मोहनपुर थाना और लक्ष्मीपुर थाना को दूरभाष पर दी। सूचना मिलते ही लक्ष्मीपुर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और लाश को कब्जे में ले लिया।

# सशस्त्र सीमा बल चरकापत्थर द्वारा एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई / सोनो : 16 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल चरका पत्थर के द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । एसएसबी कमांडेंट मनीष कुमार के निर्देशन में आयोजित शिविर में चरका पत्थर सी समवाय अंतर्गत आने वाले गांवों में पानीचुआं , सुराडीह, निमियाटांड़, पहाड़पुर तथा बरमोरिया आदि गाँव से बड़ी संख्या में वृद्ध महिला और पुरुषों के अलावा छोटे छोटे बच्चे अपना इलाज कराने पहुंचे ।शिविर में मौजूद 16 वीं वाहिनी के चिकित्सक डॉ0 मनीष कुमार खंडेलवाल के द्वारा बड़ी संख्या में मरीजों की विभिन्न प्रकार के शारीरिक जांच और रोगों का इलाज कर निःशुल्क दवाईयां वितरण की गई। आयोजित शिविर में चरका पत्थर कैम्प के प्रभारी श्यामल कुमार सरकार के साथ अन्य जवानों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे। ज्ञात हो कि एसएसबी चरका पत्थर के द्वारा नक्सल प्रभावित चरका पत्थर थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले निर्धन और गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करने वाले लोगों को हमेशा कैम्प लगाकर विभिन्न प्रकार के सामग्रियों का वितरण करना , चिकित्सा शिविर लगाकर मरीजों का निःशुल्क इलाज कर ओषधीयाँ वितरण करना , स्कुली बच्चों को खेल कुद में भाग दिलाकर उसके हौसले को बुलंद करने के लिए खैल सामग्रियों का वितरण करना , पैयजल आपुर्ति के लिए हैंडपंप लगाना , ग्रामीणों को आय का श्रोत के लिए सिलाई सेंटर खोलना आदि लगातार जारी हे । इधर स्थानीय जन प्रति निधियों सहित आम बुद्धि जिवियों ने एसएसबी द्वारा लगातार आयोजित कार्यक्रम पर उन्हें बधाई दी है ।

# संदिग्ध स्थिति में हुई दैनिक मजदूर की मौत, शव को बेंगलुरु से लाया गया गांव



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] दैनिक मजदूर की संदिग्ध स्थिति में हुई मौत के बाद शव को थानाक्षेत्र के खुरीपरास गांव लोगों की मदद से लाया गया जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मजदूर बेंगलुरु में काम के दौरान हुई मौत । मृतक के दामाद ने आगे बताया कि जब हमलोगों को सूचना मिला था तो उस वक्त मेरे ससुर को बेंगलुरु ले जाने वाले मजदूर का ठेकेदार सोनो थानाक्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी दिनेश मंडल एम्बुलेंस से शव को भेजवा दिया और उसके बाद जब उससे सम्पर्क किया जा रहा है तो वह स्पष्ट रूप से बात नही कर रहा है। वही शव को देखकर जहां पूरे परिवार में कोहराम मच गया है तो वही गांव के लोगों में घटना को लेकर मायूसी छाए हुए हैं। मृतक की पहचान 50 वर्षीय बाल्मीकि पासवान के रूप में हुई है। दो माह पूर्व अपने परिवार के भरण पोषण के लिए मकान निर्माण कार्य मे दैनिक मजदूरी के बाल्मीकि गया था जहां से पांच दिन पूर्व 5 मंजिला मकान से गिरने की खबर परिजनों को मिला। घटना को मृतक के दामाद चरघरा के रहने वाले पंकज पासवान ने बताया कि जब 5 दिन पहले ससुर के बारे में मुंशी ने फोन कर जानकारी दिया कि चक्कर खाकर अचानक नीचे गिर गया जिसके बाद घर से साला और एक अन्य परिजन बेंगलुरु गया जहां मेरा ससुर अस्पताल में भर्ती था लेकिन उनसे मिलने नही दिया जा रहा था ।दो दिन पहले उसकी मौत हो गई जिसके बाद शव को घर लाया गया तो पाया कि गर्दन के पास चोट है और सरिया से छेद किया हुआ है। मृतक का दो पुत्र है। घटना के बाद दोनो पुत्रो पर परिवार के भरण पोषण को लेकर जिम्मेवारी भी बढ़ गया है।

# बाबा झुमराज मंदिर की विकास के लिए तीन दिन की पुजा में यात्रियों से मिली तीन लाख रुपये की सहयोग राशि



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई / सोनो : अगहन मास शुभारंभ के प्रथम शुक्रवार को बाबा झुमराज धाम बटिया मे तकरीबन 20 हजार से अधिक यात्रियों ने बाबा झुमराज की पिंडी पर फुल बेलपत्र , अच्छत , जनेऊ आदि चढ़ाकर पुजा अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं पुर्ण होने की मिन्नते मांगी। इधर धार्मिक न्यास पार्षद पटना के द्वारा गठित नई कमेटी सदस्यों द्वारा यात्रियों की सेवा में दिन भर रहे । पाकेटमारों से सावधान रहने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए दिनभर माइकिंग के जरिये एनाउंसमेंट की जाती रही । इधर कार्यालय परिसर में बैठे कमेटी के सचिव राकेश कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष लल्लू प्रसाद बरनवाल तथा उपाध्यक्ष आशीष बरनवाल सीसीटीवी कैमरे पर निगरानी बनाये रहे । धार्मिक न्यास पार्षद पटना द्वारा गठित नये कमेटी सदस्यों ने सिर्फ तीन पुजा में यात्रियों से मिलने वाली सहयोग राशि को तीन लाख रुपये के करीब बताया गया है । इस प्रकार हर महिने में कुल 13 दिन बाबा की पुजा नियमानुसार की जाती है, इन 13 दिन की पुजा मे औसतन 13 लाख रुपये और एक वर्ष मे कार्तिक मास को छोड़ कुल 143 दिन बाबा की पुजा अर्चना की जाती है। नये कमेटी मे यात्रियों से होने वाली आय के हिसाब से प्रति वर्ष एक करोड़ 43 लाख रुपए की सहयोग बाबा मंदीर की निर्माण के लिए होती हे । उपाध्यक्ष आशीष बरनवाल ने बताया कि बीते 14 वर्षों पुर्व से धार्मिक न्यास पार्षद पटना द्वारा कमेटी का गठन किया गया है , इन 14 वर्षों में तकरीबन 20 करोड़ रुपये श्रद्धालुओं द्वारा सहयोग राशी एवं बड़े बड़े दान दाताओं द्वारा मंदिर निर्माण के लिए अलग से गुप्त दान के रूप में करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंदिर निर्माण के लिए पुर्व कमेटी सदस्यों को प्राप्त हुई होगी । नई कमेटी के सचिव राकेश कुमार सिंह ने यात्रियों से होने वाली आय पर बताया कि मुझे सिर्फ तीन दिन की पुजा मे तकरीबन तीन लाख रुपये की आय हुई है , जिसे मे पारदर्शिता के साथ लोगों को दिखाया , साथ ही इस आय के द्वारा हमारे कमेटी के सदस्य मिलकर मंदिर का विकास कैसे किया जाता है वह लोगों दिखाऊंगा । साथ ही में पुराने कमेटी सदस्यों पर चर्चा नही करना चाहता। लेकिन एक बात तय है कि पुराने कमेटी की सदस्यों द्वारा करोड़ों रुपये की राशि घोटाला की गई है ।

# लड़की के बॉयफ्रेंड ने अपहरण की घटना को अंजाम दिया: ग्रामीण

प्रात : किरण, संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। अपराध और तस्करी के मामले में हत्या और अपहरण के अनगिनत घटनाओं से पुरे मुंगेर प्रमंडल की जनता भयाक्रांत है पिछले दिनों जिस तरह हत्या और गोलीबारी की घटनाएं मुंगेर प्रमंडल में प्रतिवेदिय हो रही है यह मुंगेर प्रमंडल के पुलिस के लिए जहां चुनौती बन गई है वहीं बिहार सरकार की सुशासन को अपराधियों ने घत्ता बता रहा है गंगटा थाना क्षेत्र के मोहली गांव निवासी मोहन सिंह के पुत्र सौरभ कुमार का अपहरण मुंगेर प्रमंडल के जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र में बुधवार 20 नवंबर को मसौढ़ी चौक से अपहरण कर लिया गया है इसी बीच उसके बहनोई ने जब सौरभ की खोजबीन की तो तारीबिल मोड के समीप यात्री सेड में उसकी बाइक खड़ी मिली बाद में पिता मोहन सिंह ने खैरा थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई है वहीं उन्होंने बताया है कि सौरभ की शादी 26 नवंबर को गिद्धौर थाना अंतर्गत पहाड़पुर गांव में होनी थी शादी को लेकर वह खरीदारी करने जमुई गया था और बहनोई से मिलने तरीदाबिलमोड जा रहा था तरीदाबिल मोड़ से अपहरण किया गया है क्योंकि बाइक नंबर बीआर 46 जे 9743 उस मोड पर लगा हुआ मिला था इससे प्रतीत होता है की घटना स्थल तरीदाबिल मोड़ ही है। मोहन सिंह ने आगे बताया कि मेरे मोबाइल नंबर 9110023462 पर फोन आया था फोन करने वाले ने कहा था कि सौरभ की शादी वहां नहीं कीजिए परिवार ठीक नहीं है धमकी में यह भी कहा था अगर शादी करोगे तो आपके पुत्र को उठा लेंगे और जान से मार देंगे सौरभ के मोबाइल पर भी धमकी भरा फोन आया था कहा गया था की शादी करोगे तो अंजाम बुरा होगा पहाड़पुर के ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि लड़की का

# भाषा के बारे में सजग होना आज की जरूरत : निदेशक

## हिंदी कार्यशाला का किया गया आयोजन

भाषा सिर्फ अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है अपितु किसी समाज और देश की सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान है: डॉ. बरुण कुमार




प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर । हिंदी प्रदेश में हिंदी के बारे में कुछ कहना कठिन है क्योंकि यहां अधिकांश लोग हिंदी के बारे में पर्याप्त ज्ञान रखते हैं परंतु आज जिस ढंग से देश-दुनिया की कई भाषाएं लुप्त हो रही हैं, उनका अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है उसे देखते हुए भाषा के बारे में सजग होना जरूरी है. भाषा सिर्फ अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है अपितु किसी समाज और देश की सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान है. ये बातें राजभाषा विभाग, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर द्वारा आयोजित हिंदी कार्यशाला में निदेशक/राजभाषा, रेलवे बोर्ड डॉ. बरुण कुमार ने कही. अपने संबोधन में डॉ. कुमार ने कहा कि भाषा की व्यापकता आपको चमत्कृत कर सकती है. आज राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं उसे और तेज करने की जरूरत है. भारत सरकार की राजभाषा नीति और उसके क्रियान्वायन पर उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय रेल में राजभाषा का प्रचार-प्रसार संतोषप्रद है. तमाम प्रतिकूलताओं एवं चुनौतियों के बावजूद एक भाषा के रूप में हिंदी विस्तारित होती जा रही है वहीं उसमें गुणवत्तापूर्ण शोधकार्य एवं तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है.

इस अवसर पर अपने संबोधन में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/योजना श्री मनीष कुमार ने कहा कि उन्होंने हाल में ही राजभाषा विभाग के अंतर्गत उप मुख्य राजभाषा अधिकारी का पदभार संभाला है और उनकी कोशिश है कि राजभाषा के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल एक नये अध्याय की रचना करे.

उल्लेखनीय है कि राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बल देने के लिए मुख्यालय, हाजीपुर के राजभाषा विभाग द्वारा निरंतर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. इस अवसर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व खेत मजदूर संगठनों का संयुक्त आह्वान पर 26 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होग धरना-प्रदर्शन

जमुई वाम (लेफ्ट)पार्टी की एक बैठक शुक्रवार 22 नवम्बर को सी पी आई कार्यालय जमुई में सम्पन्न हुई। बैठक में सी पी आई नेता गजाधर रजक भाकपा माले के जिला सचिव शंभूशरण सिंह ऐक्टू के जिला प्रभारी व खेत मजदूर के जिला सचिव बासुदेव राय जी, मोहम्मद हैदर, सी पी एम के जिला सचिव नागेश्वर प्रसाद, ने अगामी 26 नवंबर 2024 को देश के सभी जिला मुख्यालय पर चेतावनी रैली आयोजित करने का आह्वान किया है।बैठक में भाकपा माले जमुई जिला सचिव शंभूशरण सिंह ने कहा की यह रैली 2020 में किसानों के ऐतिहासिक संसद मार्च और मजदूरों की चौथी वर्षगाँठ के अवसर पर आयोजित की जा रही है। हम सभी जानते है किसानों का ऐतिहासिक आन्दोलन 384 दिनों तक जारी रहा और इसने एन डी ए-2 सरकार को संसद में कुख्यात तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए मजबूर किया था। रैली देश भर के लगभग 500 जिलों में आयोजित की जायेगी इस रैली के जरिये किसानों, मजदूरों, तथा तमाम मेहनतकश वर्गो की न्यायपूर्ण मांगो को उठाया जायेगा।

# 74 भूमिहीनों के बीच डीएम ने बांटा गृहस्थल पर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर) गुरुवार को अनुमंडल स्तर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर भवन संग्रामपुर में अभियान बसेरा -2 के अंतर्गत 74 भूमिहीन परिवारों को गृहस्थल पर्चा का वितरण कार्यक्रम का मुख्य अतिथि मुंगेर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता मनोज कुमार,एवं तारापुर विधायक राजीव कुमार सिंह, गरिमामई उपस्थिति अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता दिलीप कुमार द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत बुके देकर सम्मानित किया गया।इसके बाद जिलाधिकारी श्री सिंह ने अनुमंडल स्तर के कुल 74 लाभार्थियों को अभियान बसेरा -2 के अंतर्गत भूमिहीन परिवारों को गृहस्थल पर्चा का वितरण किया।डीएम श्री सिंह ने कहा की राजस्व व भूमि सुधार विभाग द्वारा पर्चा वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी पर्चा धारियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आप लोगों को घर बनाने के लिए जमीन दिया गया है,इसमें खरीद बिक्री का आदेश नही है आप लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना का भी लाभ जल्द ही मिलेगा।उन्होने कहा कि जिस गरीब के पास अपना जमीन नही है उसे खरीदने के लिए सरकार एक लाख(100000) रुपये तक राशि मुहैया करायेगी।डीएम ने शिविर में उपस्थित तीनों प्रखंड के अंचलाधिकारी को निदेश देते हुए कहा कि सभी पर्चा धारियों को एक सप्ताह के अन्दर दखल कब्जा कराकर उन लोगों से दाखिल खारिज आवेदन कराकर दाखिल खारिज कर देने को कहा गया।उन्होने तारापुर डीसीएलआर दिलीप कुमार और संग्रामपुर सीओ नीशीथ नंदन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुरे राज्य में डीसीएलआर अपने कार्य क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है।जबकि संग्रामपुर सीओ 7 वें स्थान पर इससे मुझे भी खुशी होती है।मैं चाहता हूं हर पदाधिकारी अच्छा काम करें।वही तारापुर विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा की बिहार में हर भूमिहीनों गरीबों को जमीन व अपना हर होगा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच है कि कोई भी गरीब बगैर घर के ना रहे आज बिहार काफी तेजी गति से विकास कर रहा है।सरकार भूमिहीन परिवार को 3 से 5 डिसमिल जमीन मुहैया कर रही है।उनाहने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना अभियान बसेरा -2 के तहत अनुमंडल स्तर पर 74 भूमिहीन परिवारों को पर्चा का वितरण किया जिसमें संग्रामपुर के 51 तारापुर से 10 असरगंज से 13 लाभार्थी शामिल थे।इस मौके पर असरगंज सीओ उमेश शर्मा,तारापुर सीओ संतोष कुमार,संग्रामपुर सीओ नीशीथ नंदन,बीपीआरओ अमरजीत कुमार सावरी,सीडीपीओ गुंजन मौली,प्रखंड जदयू अध्यक्ष कमलनयन सिंह,अभिराम चौधरी,रामखेलावन शर्मा,संजय शर्मा

# मां का दूध अमृत समान जन्म के बाद बच्चे को कराए स्तनपान

सदर मुंगेर। गुरुवार को जमालपुर प्रखंड के बांक पंचायत में आईटीसी मिशन सुनहरा कल निर्देश संस्था द्वारा शिशु सप्ताह कार्यक्रम आयोजित की गई। आयोजित कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि शिशु के जन्म के तुरंत बाद मां का गाढ़ा पीला दूध बच्चों को अवश्य पिलाएं वह दूध अमृत के समान होता है शिशु के लिए। संस्था के नौशाद अली द्वारा बताया गया कि 15 नवंबर से 21 नवंबर तक शिशु सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें विभिन्न पंचायत में जाकर हमारे टीम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। बताया जा रहा है कि बच्चों को जन्म के 6 महीने तक मां का दूध अवश्य वह दूध अमृत के समान होता है। तथा बच्चे कुपोषण का भी शिकार नहीं होते हैं।

# ग्रामीणों की शिकायत पर डीईओ ने दिया जांच का आदेश



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/लक्ष्मीपुर जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खीरभोजना पिछले महीने से सूर्खियों पर है। मामला प्रधानाध्यापक को लेकर है । पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शैलेन्द्र यादव एवं अन्य ग्रामीणों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय खीरभोजना में पिछले कई महीनों से प्रधानाध्यापक को लेकर मारामारी मची हुई है। अब तक पूर्व प्रधानाध्यापक कालेश्वर साह के रिटायर्ड होने के बाद विद्यालय का प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार सिंह को बनाया गया और उसके कार्यकाल में हुए घोटालों को ग्रामीण ने उजागर किया। वहां के ग्रामीण उनके क्रियाकलाप से बहुत नाराज हुए और वह विद्यालय राजनीतिक का अखाड़ा बन गया। विद्यालय प्रबंधन को सूचारू रूप से क्रियान्वित करने को लेकर बीईओ तारकेश्वर मिश्र ने वरीय शिक्षक ओमप्रकाश चौधरी को अगस्त में प्रभारी बनाए। लेकिन ईश्वर को मंजूर नहीं था और वो 10 सितम्बर को भगवान के प्यारे हो गए। उनके निधन के बाद कुछ दिनों तक सहायक शिक्षक नूनेश्वर तांती विद्यालय का सफल प्रबंधन किये। तत्पश्चात मुकेश कुमार सिंह विद्यालय का प्रभार लेने के लिए बीईओ तारकेश्वर मिश्र के यहां गुहार लगाई। लेकिन ग्रामीणों के लिखित आवेदन पत्र के आलोक में विद्यालय का सफल संचालन हेतु उत्क्रमित मध्य विद्यालय योगिया के सहायक शिक्षिका चन्दा कुमारी को वहां का प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया गया और वहीं के सहायक शिक्षक ओमप्रकाश ठाकुर को भी खीरभोजना विद्यालय में प्रतिनियुक्ति की गई। फिर कुछ इश्यू को लेकर बीईओ तारकेश्वर मिश्र ने दोनों शिक्षक को अपने मूल विद्यालय में वापस भेज दिया। चूंकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय खीरभोजना में दो ही शिक्षक बचे और दोनों 1-5 क्लास के शिक्षक थे। इसलिए बीईओ तारकेश्वर मिश्र ने उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय गौरा के 6-8 के सहायक शिक्षक दिवाकर कुमार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय खीरभोजना का प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रतिनियुक्त किये।तब से मुकेश कुमार सिंह विद्यालय का प्रभार लेने के लिए सभी जगहों पर लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने मुकेश कुमार सिंह को उत्क्रमित मध्य विद्यालय खीरभोजना का प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्ति का आदेश जारी किया गया। जिससे ग्रामीण लोग आक्रोश में आकर दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार को सौंपा गया। अंततः जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने ग्रामीणों के लिखित आवेदन पत्र के आलोक में डीपीओ अमृतेष आर्यन को उत्क्रमित मध्य विद्यालय खीरभोजना में हुई विसंगतियों का जांच का आदेश जारी किया गया। जांच के दौरान विभिन्न विसंगति पाई गई। डीपीओ अमृतेष आर्यन ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जो हमें जिम्मेवारी सौंपी है। हरेक बिन्दुओं पर मैं ने ग्रामीणों का और विद्यालय में पदस्थापित शिक्षकों का मंतव्य लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को समर्पित कर देंगे और जो उनका निर्णय होगा वो सर्वमान्य होगा।

एक नज़र..





पार्वती देवी पति श्री महेंद्र मंडल के सौजन्य से अमर शहीद रामफल मंडल के प्रतिमा अनावरण दिवस के अवसर पर आप सादर आमंत्रित है

निवेदक
इंजीनियर अविनाश कुमार आयोजक

## आधुनिक डिजिटल युग में दवा के साइड इफेक्ट

आज के आधुनिक डिजिटल युग में अधिकांश काम कंप्यूटर और मोबाइल फोन के जरिए एक जगह बैठकर हो रहे हैं, ऐसे में परिवार को स्वस्थ रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। अधिकांश घरों में किसी न किसी रूप में दवाइयां नियमित रूप से ली जाती हैं। हर दिन नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं, जो देश-विदेश के डॉक्टरों को चुनौती दे रही हैं। हर दिन नई-नई दवाइयां खोजी जा रही हैं, फिर भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जरा सा भी बीमार पड़ते ही हम डॉक्टर के पास यह सोचकर जाते हैं कि गोली, इंजेक्शन आदि से हम स्वस्थ हो जाएंगे। लेकिन एक बीमारी में आराम मिलता है तो दूसरी बीमारी लग जाती है। अगर कोलेस्ट्रॉल में आराम मिलता है तो कोलेस्ट्रॉल की दवा के साइड इफेक्ट से बीपी या डायबिटीज होने का खतरा रहता है। आज हर आधुनिक दवा के साइड इफेक्ट देखने को मिल रहे हैं। हम इसी भ्रम में फंसकर अपना समय गोलियों और इंजेक्शन में ही गुजारते रहते हैं। स्वस्थ मरीजों को हम भूल गए हैं। एक और बात यह भी गौर करने लायक है कि आजकल ज्यादातर लोग आईसीयू में ही मरते हैं। अस्पताल में डॉक्टर आखिरी समय तक इंजेक्शन और दवाइयों की खुराक देते रहते हैं, चाहे शरीर मर रहा हो या नहीं। आखिर में बात यहां तक पहुंच जाती है कि घरवाले कहने लगते हैं, हे भगवान, अब इसे ले जाओ, हम इसका दर्द नहीं देख सकते। शायद कोई भगवान हो जिसे असली जीवन मिल जाए। क्या हमने कभी सोचा है कि जानवर भी बीमार पड़ते हैं, अगर होते भी हैं, तो वह कैसे ठीक होते हैं? हां, पालतू जानवर अपवाद हैं क्योंकि वे अपना स्वाभाविक प्राकृतिक जीवन नहीं जी पाते। फिर भी हमने देखा है कि जब जंगली जानवर या पालतू जानवर बीमार पड़ते हैं, तो वे या तो खाना खाना बंद कर देते हैं या फिर पालतू जानवर भी घास खाने लगते हैं। हम उपवास करके या अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर खुद को स्वस्थ रखते हैं। हम जिज्ञासावश अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम अनुभवी बने रहना चाहते हैं या शरीर विज्ञान में हमारी रुचि नहीं है। वास्तविक जीवनशैली जो भी है, हमने उसे हल्के में ले लिया है। आखिर हम कितने डरे हुए हो गए हैं? क्या इससे बीमारी आती है? क्या दवा से बीमारी ठीक हो सकती है? हां, कुछ समय के लिए बीमारी के लक्षण दवा के असर से दब जाते हैं और गायब हो जाते हैं। लेकिन बीमारी दूर नहीं होती। हम इंसान खुद को बहुत बुद्धिमान समझते हैं लेकिन बीमारी के निदान के मामले में हम जानवरों से भी पीछे हैं। साइड इफेक्ट, जिन्हें प्रतिकूल प्रतिक्रिया के रूप में भी जाना जाता है, अवांछित अवांछनीय प्रभाव हैं जो संभवतः किसी दवा से संबंधित होते हैं। साइड इफेक्ट नाक बहने जैसी छोटी समस्याओं से लेकर दिल का दौरा पड़ने या लीवर को नुकसान जैसी जानलेवा घटनाओं तक हो सकते हैं। कई चीजें इस बात को प्रभावित कर सकती हैं कि दवा लेने पर किस पर साइड इफेक्ट होता है अन्य दवाओं, विटामिन या आहार पूरक का उपयोग या अन्य अंतर्निहित बीमारियाँ या स्थितियाँ उदाहरण के लिए, ऐसी बीमारियाँ जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती हैं या गुर्दे या लीवर के कार्य को प्रभावित करती हैं। आम साइड इफेक्ट में पेट खराब होना, मुँह सूखना और उनींदापन शामिल हैं। साइड इफेक्ट को गंभीर माना जाता है अगर इसका परिणाम, मृत्यु, जीवन के लिए खतरा, अस्पताल में भर्ती होना, विकलांगता या स्थायी क्षति, या गर्भधारण से पहले या गर्भावस्था के दौरान एक्सपोजर के कारण जन्म दोष, ये हो सकते हैं। कोई नई दवा या आहार पूरक उदाहरण के लिए, विटामिन लेना शुरू करते हैं कोई ऐसी दवा लेना बंद कर देते हैं जो आप कुछ समय से ले रहे हैं, या आप जो दवा ले रहे हैं उसकी खुराक (मात्रा) बढ़ा या घटा देते हैं। आपके प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के साइड इफेक्ट के बारे में जानने और साइड इफेक्ट का अनुभव करने के अपने जोखिम को कम करने के कई तरीके हैं।

## लाड़ली बहना योजना: महिला सषक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम

प्रखर चिंतक स्वामी विवेकानंद कहते थे कि जहाँ बेटियों की शिक्षा पूरी होती है, वहाँ का समाज विकसित होता है। जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है, वहाँ देवता वास करते हैं। विवेकानंद जी हमेशा ही नारी को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की पहल करते और कहते थे कि महिला को सामाजिक और आर्थिक रूप से इतना सहारा दिया जाये जिससे वह स्वयं के जीवन का निर्माण कर सके। विवेकानंद का यह प्रयास आगे चलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। विशेषतः मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर चिंतन मनन किया गया। अब मध्यप्रदेश अनुमानतः देश का पहला ऐसा राज्य बन चुका है जहाँ बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा जा रहा है। प्रसंगवश बता दें कि लाड़ली बहना योजना की सफलता इस बात से प्रमाणित होती है कि उसका अनुसरण दूसरे राज्य भी कर रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इसे प्रमुखता से अपनाया है। कुछ अन्य राज्य भी इस योजना को अपनाने पर गहन विचार कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में पहले इस योजना को बतौर प्रयोग के रुप में लागू किया गया था लेकिन महज डेढ़ साल से भी कम समय में इसे मिली अपार लोकप्रियता, सराहना तथा विश्वास ने चमत्कार सा कर दिखाया और उन लोगों को सीधा जवाब मिल गया जो इसके लागू होने के आरम्भ में कुशंका पैदा कर रहे थे। योजना के अंतर्गत वितरित की जा रही राशि समय पर जरुरतमंद महिलाओं के खातों में पहुँचती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं इसके क्रियान्वयन पर निगरानी रखकर मानिटरिंग करते हैं। यही वजह है कि लाड़ली बहना योजना सफलता अर्जित कर प्रदेश के लोगों का विश्वास जीत चुकी है। मुख्यमंत्री इस योजना की सफलता और परिणाम को लेकर चिंतित रहते हैं। उनकी चिंता उनके वक्तव्यों में स्पष्ट रूप से झलकती भी है। कह सकतें हैं कि इस योजना ने प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आशा और विश्वास के प्रकाश की किरणें बिखेरी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के षब्दों में ह्यह्यलाड़ली बहना योजना हमारे सनातन धर्म की उस भावना की प्रतीक है, जिसमें हम मातृ षक्ति को सम्मान देते हैं। माता बहनों को दिया गया पैसा कभी व्यर्थ नहीं जाता। यह मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि सरकार महिला सशक्तिकरण, बालिका प्रोत्साहन तथा सुरक्षा पर अन्य राज्यों के मुकाबले अधिक व्यय कर रही है। प्रदेश की महिलाओं की समृद्धि, उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोड़ने के लिये सारे जतन किये जा रहे हैं। प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव स्वयं इस दिशा में प्रयासरत रहते हैं। वे समय-समय पर काम की समीक्षा कर आवश्यक धन राशि जुटाने के लिये प्रयत्नशील रहते हैं। बेटियों के स्वावलम्बन में वे कोई कमी नहीं आने देना चाहतें। सभी जानते हैं कि विगत 9 नवंबर को मध्यप्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1573 करोड़ रूपयों की राशि का अंतरण किया गया। यह सिलसिला पिछले लगभग डेढ़ साल से निरंतर चल रहा है। लाड़ली बहना योजना से पूर्व लाड़ली लक्ष्मी, कन्यादान तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनायें महिला सशक्तिकरण की दिशा में कारगर साबित हुयीं हैं। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से सुखद परिणाम निकले और महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक स्थिति में तेजी से बदलाव देखे गये। सामाजिक विषयों पर पैनी नजर रखने वालों का स्पष्ट मानना है कि मध्यप्रदेश में पिछले कुछ वर्षों को देखा जाये तो महिलाओं के जीवन में व्यापक स्तर पर बदलाव आये हैं, जागरुकता भी बढ़ी है। यहाँ बता दें कि किसी भी प्रदेश का विकास महिलाओं की समृद्धि के बिना अधूरा है। महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से ही प्रदेश की तरक्की सुनिश्चित मानी जाती है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धर्म, आध्यात्म में गहन आस्था रखने के साथ-साथ अपने प्रदेश के लोगों से बेहद लगाव रखते हैं। उनके अल्प समय के कार्यकाल में प्रदेश में अनेक दुर्लभ और असम्भव काम हुए हैं। उनके ही प्रयासों का सुफल परिणाम है कि मध्यप्रदेश में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना निर्धारित किया गया है। पूर्व में आरक्षण 33 प्रतिशत था।

# कातिल सड़कों पर तबाह होता जीवन एक गंभीर चुनौती

**निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है। परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे।**





**ललित गर्ग**
**लेखक**

अलीगढ़ में सड़क हादसा, यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़ी, 5 की मौत, 15 से अधिक घायल। राजस्थान में पाली-जोधपुर हाइवे पर मरीज को एक एम्बुलेंस से दूसरे में शिफ्ट करते समय डम्पर ने मारी टक्कत, चार की मौत। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के दो मेडिकल छात्रों की मौत। लखनऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत। उत्तराखंड के देहरादून में 12 नवंबर को हुए सड़क हादसे में 6 छात्रों की मौत। ऐसे अनेक सड़क हादसे पिछले दो-तीन दिन में हुए है। वाकई भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है। परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य ह्यदुर्घटना से देर भलीह्ण पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका ह्यद लांसेटह्ण में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खुनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं। ७भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती है, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन बड़ा प्रश्न है कि दुर्घटनाएं रोकने के गंभीर एवं प्रभावी उपाय अब तक क्यों नहीं किए जा सके हैं? जो भी हो, सवाल यह भी है कि इस तरह की तेज रफ्तार सड़कों पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सचाई यह भी है कि पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग शुमार है। भारत में साल 2022 में सड़क हादसों में 1, 68, 491 लोगों की मौत हुई थी. वहीं, साल 2023 में सड़क हादसों में करीब 1, 73, 000 लोगों की मौत हुई. यानी, साल 2023 में हर दिन औसतन 474 लोगों की मौत हुई। परिवहन मंत्रालय की ऐसी जानकारी चौंकाती भी है एवं शर्मसार भी करती है। इन त्रासद आंकड़ों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया कि आधुनिक और बेहतरीन सुविधा की सड़के केवल रफ्तार एवं सुविधा के लिहाज से जरूरी हैं या फिर उन पर सफर का सुरक्षित होना पहले सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वर्ष 2012 में करीब 16 करोड़ गाड़ियां रजिस्टर्ड थी जो पिछले एक दशक में दुगुनी हो गई हैं। लेकिन उस अनुपात में सड़कें नहीं बढ़ीं। जहां वर्ष 2012 में देश में भारतीय सड़कों की लंबाई 48.6 लाख किलोमीटर थी, तो वर्ष 2019 में यह 63.3 लाख किलोमीटर तक जा पहुंची थी। खूनी सड़कों में सबसे शीर्ष पर है यमुना एक्सप्रेस-वे। इस पर होने वाले जानलेवा सड़क हादसे कब थमेंगे? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस पर होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यही नहीं, देश की अन्य सड़के इसी तरह इंसानों को निगल रही है, मौत का ग्रास बना रही है। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत यही बताती है कि अपने देश की सड़कें कितनी अधिक जोखिम भरी हो गई हैं। बड़ा प्रश्न है कि फिर मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब मार्ग दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। कुशल ड्राइवरों की कमी को देखते हुए ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल खोलने की तैयारी सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ करना होगा। हमारी ट्रेफिक पुलिस एवं उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी एक बड़ी विडम्बना है कि कोई भी ट्रेफिक पुलिस अधिकारी चालान काटने का काम तो बड़ा लगन एवं तन्मयता से करता है, उससे भी अधिक रिश्वत लेने का काम पूरी जिम्मेदारी से करता है, प्रधानमंत्रीजी के तमाम भ्रष्टाचार एवं रिश्वत विरोधी बयानों एवं संकल्पों के यह विभाग धडल्ले से रिश्वत वसूली करता है, लेकिन किसी

# इक धुंद से आना है, इक धुंद में जाना है

**विपक्ष और कुछ कर भी तो नहीं सकता। जो करना होता है सरकार और अडानी-अम्बानी साहब को करना होता है। लोकसभा अध्यक्ष तो इन दोनों का नाम तक सदन में नहीं लेने देते। बहरहाल इन दिनों गौतम अडानी साहब के नाम का डंका जोर-जोर से पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत के नाम का इतना तेज डंका तो माननीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी पिछले 10 साल में नहीं बजा पाए थे। डंका वादन की इस महान उपलब्धि के लिए इस बार गणतंत्र दिवस पर माननीय गौतम अडानी के नाम एक पदम पुरस्कार तो बनता ही है।**





**राकेश अचल**
**लेखक**

महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे देश को अचानक गौतम अडानी की गिरफ्तारी वारंट की खबर से रूबरू होना पड़ा। गौतम अडानी यानि देश की अर्थव्यवस्था का एक ध्रुव। उनके ऊपर संकट आया तो देश पर संकट आ गया। एक झटके में साढ़े पांच लाख करोड़ रुपए शेयर बाजार में डूब गए। अब कल्पना कीजिये कि यदि अमेरिका की पुलिस सचमुच गौतम भाई साहब को गिरफ्तार कर ले जाये तो भारत के शेयर बाजार का क्या हाल होगा? गौतम भाई पर अमेरिका में एक सौदा हासिल करने के लिए संबंधित पक्ष के अधिकारियों को भारी-भरकम रिश्वत देने की पेशकश करने का आरोप है। भारत के मौजूदा दशक की सियासत पर अडानी ने एक धुंद की चादर दाल दी है, वैसे ये धुंद तो आती जाती रहती है। कभी ऐ-१ तो कभी ऐ-२ बनकर ये धुंद आती है और चली भी जाती है। अपने जमाने के मशहूर शायर साहिर लुधियानवी की याद मुझे अक्सर आती है। वे धुंद को बाखूबी पहचानते थे। एक जमाने में उन्होंने धुंद नाम से बनी एक फिल्म के लिए एक गजल लिखी, जो आज की देशी -विदेशी राजनीति पर सौ फीसदी फिट बैठती है। साहिर साहब ने लिखा - संसार की हर शय का इतना ही फसाना है इक धुँद से आना है इक धुँद में जाना है। भारत की राजनीति में सरकार के पीछे खड़े होकर देश चलने वाले माननीय गौतम अडानी साहब के हाथ ही लम्बे नहीं हैं बल्कि जिगरा भी शेर का है अन्यथा और कोई है जो अमेरिका में जाकर किसी सौदे केलिए रिश्वत देने की पेशकश कर सके। रिश्वत के अनेक नाम है। कोई इसे घूस कहता है तो कोई शुकराना, कोई इसे नजराना मानता है। भारत में रिश्वत बिन पद चलहि, सुने बिन काना जैसी है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने ये चौपाई हलांक ब्रम्ह को लेकर लिखी थी, लेकिन ये लागू हो रही है आज के अडानी और अम्बानी पर। ये दोनों महापुरुष आज के ब्रमंह हैं। ये बिना पैरों के चलते हैं, बिना कानों के सुनते हैं। बिना हाथ के नाना प्रकार के काम करता है, बिना मुँह (जिह्वा) के ही सारे (छहों) रसों का आनंद लेता है और बिना वाणी के बहुत योग्य वक्ता है। गौतम भाई साहब के गिरफ्तारी वारंट से जितने खुद अडानी साहब व्यथित नहीं हैं उससे ज्यादा व्यथित हमारे देश की सत्तारूढ़ पार्टी है। सत्तारूढ़ दल के हर नेता का पेट पानी हो रहा है। सबके सब अडानी साहब के बचाव में अपनी तमाम योग्यता के साथ उपस्थित हैं, क्योंकि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने माननीय गौतम अडानी साहब की गिरफ्तारी की मांग की है। विपक्ष के नेता का काम ही मांग करना है। विपक्ष और कुछ कर भी तो नहीं सकता। जो करना होता है सरकार और अडानी-अम्बानी साहब को करना होता है। लोकसभा अध्यक्ष तो इन दोनों का नाम तक सदन में नहीं लेने देते। बहरहाल इन दिनों गौतम अडानी साहब के नाम का डंका जोर-जोर से पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत के नाम का इतना तेज डंका तो माननीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी पिछले 10 साल में नहीं बजा पाए थे। डंका वादन की इस महान उपलब्धि के लिए इस बार गणतंत्र दिवस पर माननीय गौतम अडानी के नाम एक पदम्‌ पुरस्कार तो बनता ही है। उन्होंने भारत में रिश्वत प्रथा को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान जो दिलाया है। माननीय गौतम अडानी साहब अभी केवल आरोपी हैं, इसलिए मै उन्हें अपराधी नहीं मानता। मेरे मानने या न मानने से क्या होता है? हमारे देश की सरकार उन्हें गुनहगार नहीं मानती। यदि अमेरिका की अदालत में वे दोषी साबित किये जाते हैं तब की तब देखी जाएगी। अडानी साहब के हमजोली प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति के मीटर हैं, कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेंगे। साहिर लुधियानवी साहब लिखते हैं कि- ये राह कहाँ से है ये राह कहाँ तक है ये राज कोई राही, समझा है न जाना है इस मामले में कमोवेश मै राहुल गाँधी के बजाय साहिर साहब से इत्तफाक रखता हूँ। अडानी भाई साहब के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट क्या जारी हुआ केन्या ने अडानी साहब कि साथ किया गया 700 मिलियन डालर का करार ही रद्द कर दिया। लगता है कि केन्या वाले इस बात से खफा हैं कि अडानी साहब ने जो पेशकश अमेरिका में अनुबंध हासिल करने के लिए की, उससे केन्या वालों को वंचित रखा। लेकिन मुझे इस आशंका पर बिलकुल यकीन नहीं है। मुझेलगता है कि उन्होंने अमेरिका में तो केवल पेशकश की है लेकिन केन्या वालों को तो रिश्वत दी ही होगी, क्योंकि वे जानते हैं की केन्या एक गरीब देश है। वहां की सरकार गरीब है, इसलिए उसकी मदद तो की ही जाना चाहिए। वैसे भी अडानी साहब किसी का हक मारते नहीं है। उन्होंने तो इलेक्टोरल बांड में भी खूब दान दिया था। रिश्वत का ये खेल दुनिया में सब दूर खेला जाता है, अमेरिका ने खामखां इसे एक जघन्य अपराध बना लिया है जबकि अमेरिका में इसे बख्शीस के रूप में सहर्ष स्वीकार किया जाता है। इस खेल के बारे में साहिर साहब लिखते हैं कि - इक पल की पलक पर है ठहरी हुई ये दुनिया इक पल के झपकने तक हर खेल सुहाना है आज अडानी के साथ जो हुआ, कल वो किसी के साथ हो सकता है। किसी को आने वाले कल का पता नहीं होत। अब कल तो (23 नवमबर को) महाराष्ट और झारखण्ड विधानसभाओं के चुनावों के नतीजे भी आना है। कोई दावे के साथ नहीं कह सकता कि इस बार कौन जीतेगा? कौन मुख्यमंत्री बनेगा? कम से कम मै तो नहीं कह सकता, क्योंकि मै मशीनरी और मशीनों की क्षमताओं से वाकिफ हूँ।

## आधुनिक डिजिटल युग में दवा के साइड

सीताराम गुर्जर

आज के आधुनिक डिजिटल युग में अधिकांश काम कंप्यूटर और मोबाइल फोन के जरिए एक जगह बैठकर हो रहे हैं, ऐसे में परिवार को स्वस्थ रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। अधिकांश घरों में किसी न किसी रूप में दवाइयां नियमित रूप से ली जाती हैं। हर दिन नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं, जो देश-विदेश के डॉक्टरों को चुनौती दे रही हैं। हर दिन नई-नई दवाइयां खोजी जा रही हैं, फिर भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जरा सा भी बीमार पड़ते ही हम डॉक्टर के पास यह सोचकर जाते हैं कि गोली, इंजेक्शन आदि से हम स्वस्थ हो जाएंगे। लेकिन एक बीमारी में आराम मिलता है तो दूसरी बीमारी लग जाती है। अगर कोलेस्ट्रॉल में आराम मिलता है तो कोलेस्ट्रॉल की दवा के साइड इफेक्ट से बीपी या डायबिटीज होने का खतरा रहता है। आज हर आधुनिक दवा के साइड इफेक्ट देखने को मिल रहे हैं। हम इसी भ्रम में फंसकर अपना समय गोलियों और इंजेक्शन में ही गुजारते रहते हैं। स्वस्थ मरीजों को हम भूल गए हैं। एक और बात यह भी गौर करने लायक है कि आजकल ज्यादातर लोग आईसीयू में ही मरते हैं। अस्पताल में डॉक्टर आखिरी समय तक इंजेक्शन और दवाइयों की खुराक देते रहते हैं, चाहे शरीर मर रहा हो या नहीं। आखिर में बात यहां तक पहुंच जाती है कि घरवाले कहने लगते हैं, हे भगवान, अब इसे ले जाओ, हम इसका दर्द नहीं देख सकते। शायद कोई भगवान हो जिसे असली जीवन मिल जाए। क्या हमने कभी सोचा है कि जानवर भी बीमार पड़ते हैं, अगर होते भी हैं, तो वह कैसे ठीक होते हैं? हां, पालतू जानवर अपवाद हैं क्योंकि वे अपना स्वाभाविक प्राकृतिक जीवन नहीं जी पाते। फिर भी हमने देखा है कि जब जंगली जानवर या पालतू जानवर बीमार पड़ते हैं, तो वे या तो खाना खाना बंद कर देते हैं या फिर पालतू जानवर भी घास खाने लगते हैं। हम उपवास करके या अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर खुद को स्वस्थ रखते हैं। हम जिज्ञासावश अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम अनुभवी बने रहना चाहते हैं या शरीर विज्ञान में हमारी रुचि नहीं है। वास्तविक जीवनशैली जो भी है, हमने उसे हल्के में ले लिया है। आखिर हम कितने डरे हुए हो गए हैं? क्या इससे बीमारी आती है? क्या दवा से बीमारी ठीक हो सकती है? हां, कुछ समय के लिए बीमारी के लक्षण दवा के असर से दब जाते हैं और गायब हो जाते हैं। लेकिन बीमारी दूर नहीं होती। हम इंसान खुद को बहुत बुद्धिमान समझते हैं लेकिन बीमारी के निदान के मामले में हम जानवरों से भी पीछे हैं। साइड इफेक्ट, जिन्हें प्रतिकूल प्रतिक्रिया के रूप में भी जाना जाता है, अवांछित अवांछनीय प्रभाव हैं जो संभवतः किसी दवा से संबंधित होते हैं। साइड इफेक्ट नाक बहने जैसी छोटी समस्याओं से लेकर दिल का दौरा पड़ने या लीवर को नुकसान जैसी जानलेवा घटनाओं तक हो सकते हैं। कई चीजें इस बात को प्रभावित कर सकती हैं कि दवा लेने पर किस पर साइड इफेक्ट होता है अन्य दवाओं, विटामिन या आहार पूरक का उपयोग या अन्य अंतर्निहित बीमारियाँ या स्थितियाँ उदाहरण के लिए, ऐसी बीमारियाँ जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती हैं या गुर्दे या लीवर के कार्य को प्रभावित करती हैं। आम साइड इफेक्ट में पेट खराब होना, मुँह सूखना और उनींदापन शामिल हैं। साइड इफेक्ट को गंभीर माना जाता है अगर इसका परिणाम, मृत्यु, जीवन के लिए खतरा, अस्पताल में भर्ती होना, विकलांगता या स्थायी क्षति, या गर्भधारण से पहले या गर्भावस्था के दौरान एक्सपोजर के कारण जन्म दोष, ये हो सकते हैं। कोई नई दवा या आहार पूरक उदाहरण के लिए, विटामिन लेना शुरू करते हैं कोई ऐसी दवा लेना बंद कर देते हैं जो आप कुछ समय से ले रहे हैं, या आप जो दवा ले रहे हैं उसकी खुराक (मात्रा) बढ़ा या घटा देते हैं। आपके प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के साइड इफेक्ट के बारे में जानने और साइड इफेक्ट का अनुभव करने के अपने जोखिम को कम करने के कई तरीके हैं। किसी भी संभावित साइड इफेक्ट के बारे में अपने स्वास्थ्य सेवा पेशेवर से पूछें और जब आपको कोई दवा दी जाती है तो जोखिम को कम करने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए, आपका स्वास्थ्य सेवा पेशेवर मतली की संभावना को कम करने के लिए दवा को भोजन के साथ लेने या अन्य दवाओं के साथ दवा न लेने की सलाह दे सकता है।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म का गठन

## मुखिया सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों की भूमिका होगी अहम

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। अब फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिले में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म का गठन किया जा रहा है। रिविलगंज प्रखंड के इनई स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर फाइलेरिया के मरीजों के अधिकारों के प्रति तथा बीमारी के इलाज के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म बनाया गया है। इसका उद्देश्य फाइलेरिया के मरीजों के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना और बीमारी के इलाज के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करना है। इस पहल में सीफार संस्था द्वारा टेक्निकल सपोर्ट दिया जा रहा है। फाइलेरिया उन्मूलन के इस अभियान में मुखिया, सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम होगी। वे स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाने में मदद करेंगे और मरीजों के अधिकारों तथा बचाव के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। इस पहल के माध्यम से, फाइलेरिया के मरीजों को उपचार, सही जानकारी और सहायता मिल सकेगी, जिससे बीमारी के प्रसार को रोका जा सके और स्वास्थ्य सुरक्षा में सुधार हो सके। वहीं इस दौरान 12 फाइलेरिया के मरीजों के बीच एमएमडीपी कीट का वितरण किया गया।

इनई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ दीपक जाट और वीबीडीएस घनश्याम यादव की अध्यक्षता में पीएसपी का गठन किया गया है। इस पहल में हितधारकों के रूप में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जैसे कि मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, जीविका कार्यकर्ता, किसान सलाहकार, ग्रामीण चिकित्सक, फाइलेरिया मरीजों की भूमिका अहम होगी। पीएसपी में स्थानीय सरपंच चन्द किशोर सिंह, जीविका के पिंटू कुमार, विकास मित्र प्रभावती देवी, ग्रामीण चिकित्सक ध्रुवशर्मा, स्थानीय आंगनवाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता और एएनएम को शामिल किया गया है। सभी ने इस पहल के महत्व को समझा और नाइट ब्लड सर्वे एवं आईडीए राउंड में सहयोग देने का संकल्प लिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में शामिल हो सकें और दवाओं का सेवन कर सकें। फाइलेरिया रोगी खुद पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म के रूप में एक समूह बनाकर गांव- गांव जाकर आम लोगों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में अपने अनुभवों के आधार पर जागरूक करेंगे।सीएचओ दीपक जाट ने कहा कि पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म का उद्देश्य फाइलेरिया के रोगियों के साथ स्वास्थ्यकर्मियों और जन-समुदाय को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। पीएसपी के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार करने तथा लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। प्रत्येक माह पीएसपी का बैठक किया जायेगा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर फाइलेरिया मरीज, आशा, एएनएम, जीविका समूह के सदस्य, वार्ड, विकास मित्र, सरपंच और ग्रामीण चिकित्सक के सहयोग से पीएसपी बनाया गया है। इस मौके पर सीएचओ दीपक जाट, वीबीडीएस घनश्याम चादव, सीफार के प्रोग्राम एसोसिएट कृष्णा सिंह, स्थानीय सरपंच चन्द किशोर आदि थे।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 40 मामलों की हुई सुनवाई

■ कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी सुमित कुमार ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 40 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें झुनझुन महतो, भुखल दास, प्रमिला देवी, शम्भु हजरा, मनोज कुमार पांडेय, नीलम देवी, समीर पूर्ति, संगीता देवी, हरिशंकर शर्मा, नवीन कुमार, राधाकृष्ण साह आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, श्री अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, श्री रामानुज प्रसाद सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, श्री अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्रीमती रोचना माद्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कुल 481 कांडों में 599 अभियुक्तों को सुनाई गई सजा

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। ।ारण जिलान्तर्गत अपराध के मुख्य शीर्ष के अभियुक्तों सहित मद्यनिषेध एवं अन्य कांडों के अभियुक्तों के विरूद्ध सारण पुलिस के सहयोग से माननीय न्यायालय द्वारा समुचित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में माह अक्टूबर में कुल 481 कांडों में 599 दोषसिद्ध अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है। जिसमें कुल 02 अभियुक्तों के विरूद्ध आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। ये 02 अभियुक्त हत्या एवं बलात्कार जैसे गंभीर शीर्ष के अभियुक्त है। जे०जे०वी, सारण कुल 40 कांडों में 45 दोषसिद्ध अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है। विशेष उत्पाद न्यायालय से 439 मामलों में 552 अभियुक्तों को अर्थदंड एवं अन्य सजा सुनाई गई है।गंभीर कांडो के मामलों में सारण पुलिस आगे भी लक्ष्य निर्धारित कर माननीय न्यायालय में त्वरित विचारण कराते हुए अभियुक्तो को सजा दिलाने हेतु प्रयासरत है।

### मद्यनिषेध विभाग विशेष अभियान चलाकर 365 लीटर शराब के साथ 19 को किया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय।पुलिस अधीक्षक, के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब / मादक पदार्थ का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाकर 198 जगहों पर छापामारी की गई। जिसमें 09 कांड एवं 10 सनहा दर्ज कर कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, तथा 365 लीटर देशी शराब, 03 मोटरसाईकिल, 01 कार, 01 मोबाइल, 01 चुल्हा, 01 सिलेंडर एवं 04 तसला जप्त किया गया। इस अभियान में 03 शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर लगभग 2715 लीटर अर्धनिर्मित शराब विनष्ट किया गया।

विगत 37 दिनों में सारण पुलिस द्वारा 8080 स्थानों पर छापामारी कर 366 कांड एवं 349 सनहा दर्ज कर कुल 891 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 13167.55 लीटर देशी शराब, 6184.715 लीटर विदेशी शराब, 261.75 लीटर स्प्रीट, 26 गैस सिलेन्डर, 21 तसला, 16 गैस चुल्हा, 06 शराब बनाने वाला बर्तन, 01 मोटर, 02 ट्रक, 12 चार पहिया वाहन, 01 ई-रिक्शा, 04 टेम्पु, 05 स्कूटी, 61 मोटरसाईकिल, 01 साईकिल 08 ड्रम, 21 मोबाइल, 01 जी०पी०एस०, 01 फास्ट टैग, 01 पीकअप, 01 आधार कार्ड एवं नगद राशि-34038 रू0 जप्त किया गया। इस अभियान में कुल 346 शराब की भठिठयों को ध्वस्त कर लगभग 225420 लीटर अर्धनिर्मित शराब विनष्ट किया गया।

### पुलिस ने विशेष अभियान में 26 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय।पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक- 21.11.2024 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-26 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-07, शराब सेवन-12, वारंट में-02, चोरी में-02, हत्या में-01, एससी/एसटी एक्ट में-01 एवं अन्य में-01 अभियुक्त शामिल हैं। जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल- 76 वाहनों से 1,39,500 रू0 जुमार्ना वसूला है

# कथा वाचन की हुई शुरूआत , एक रेल की तरह है जीवन:महाराज जी

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की शुरूआत कथा वाचक 1008 महामंडलेश्वर स्वामी डॉ इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज जी के द्वारा ईश्वर वंदना के साथ कथा वाचन की शुरूआत की गई, कथा वाचन में उन्होंने सबसे पहले बताया कि जीवन एक रेल की तरह है और संसार एक स्टेशन इस स्टेशन रुपी संसार में गाड़ी ज्यादा देर तक नहीं रुकती , इसलिए आदमी इस दुनिया में जब तक मोह करता है ,जब तक उसका स्वार्थ है और ऐसे में उसका कल्याण नहीं है। आदमी के जीवन में ऐसा काम करना चाहिए जिससे दूसरों का जीवन आनंदित हो। दूसरों के जीवन में उसके द्वारा आनंद होता रहे तो उसका जीवन आनंदित हो जाएगा। इस क्रम में महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के गीता के महत्व पर प्रकाश डाला ।उन्होंने कई भगवान का उदाहरण भी दिया, जो आदमी के लिए भगवान ने बनाया नहीं है उसको आदमी भोग रहा है ।उन्होंने कबीर जी का उदाहरण देकर कि बुरा जो देखन मैं चला बुरा ना देखिए कोई जब खुद को देखा तो मुझसे बुरा ना कोई। बुरी संगत से बचना चाहिए बुरी आदतों से बचना चाहिए औलाद को अगर वास्तविक चाहते हैं तो पहले अपने को वास्तविक होना होगा। उन्होंने एक भजन गाकर लोगों का मार्गदर्शन किया ।खिलौना समझकर तो भाई से ना खेल चली जा रही जीवन की रेल इस तरह के भजन गाकर के लोगों का मार्गदर्शन किया । खिलौना समझ कर तू न खेल पड़ता है इसमें कर्मों का तेल खिलौना समझकर तो जीवन से ना खेल, भगवान के भक्ति में दिन होने का उन्होंने उपाय सुझाया। सुखदेव जी ने राजा परीक्षित भगवान में लीन होने के लिए भगवान में समर्पित होने का उपाय- ध्यान न्यास - त्याग । इस तरह से भगवान में लीन हो जाना चाहिए, राजा परीक्षित को भगवान सुखदेव ने सुझाया तुम नियम पूर्वक भगवान का भजन सुमिरन करो। राजा परीक्षित ने जब भगवान सुखदेव से प्रश्न किया कि जिसकी मृत्यु सामने हो वह जानता हो कि उसकी मृत्यु कब होना है कि उसका उद्धार कैसे हो। भगवान सुखदेव जी ने उनको बताया भगवान का ध्यान भजन करने से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है, और मैं एक उदाहरण दिया धन खर्च करोगे तो अगले जन्म में धन मिलेगा धन जोर-जोर कर रखोग।

# अपने वादे को बखूबी निर्वहन कर रहे है डॉ अनिल, ऑक्सीजन मैन का किया इलाज

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। शहर के श्यामचक स्थित संजीवनी नर्सिंग होम एवं मेटरनिटी सेंटर के संस्थापक व लायंस क्लब छपरा सारण के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने कुछ दिन पहले ही सारण के ऑक्सीजन मैन के नाम से मशहूर दशरथ राय के मदद के करने पहुंचे थे और इलाज के साथ आर्थिक मदद के साथ उन्होंने एक वादा भी किया था कि जब तक ये जिंदा रहेंगे इनका अपने संस्थान संजीवनी नर्सिंग में में मुफ्त इलाज करेंगे। जिसका वो बखूबी अपने किये हुए वादा का निर्वहन कर रहे है। दशरथ राय का गुरुवार का तबियत ज्यादा खराब होने पर उनके परिजनों द्वारा संजीवनी नर्सिंग होम में लाया गया। जिसके बाद डॉ अनिल कुमार ने भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

**पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे दशरथ राय:**

पिछले आठ नौ माह से दसरथ राय बीमार थे। परिजन अपने यथा शक्ति से हर संभव इलाज करा रहे थे,जिसके बाद भी उनकी स्थिति सुधार नहीं हो रही थी और परिजन की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण समाज से मदद के आस की उम्मीद कर रहे थे तभी अखबार में न्यूज छपी थी की अक्सीजन मैन दशरथ राय को मदद की दरकार है। जिसके बाद सबसे पहले डॉ अनिल कुमार ने पहुंच कर मदद के साथ वादा किया की इनका आजीवन अपने संस्थान में ईलाज करेंगे।

डॉ अनिल कुमार ने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की जरूरत है जो समाज के लिए समर्पित रहते है और समाज में अपने कार्य से एक आयाम लिखते है। आज के इस दौड़ में अपने लिए तो सभी जी रहे है लेकिन दशरथ राय जैसे व्यक्ति पर्यावरण को न सिर्फ बचा रहे बल्कि प्रदूषण को भी कम कर लोगों के लिए जीना आसान कर रहे है। उन्होंने बताया कि अब तक 35 हजार से अधिक पेड़ लगा चुके है।

## भाजपा नेता ने किया पंचायत बूथ समिति का गठन



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा विधानसभा में भाजपा जिला महामंत्री व संगठन पर्व मंडल सहयोगी धर्मेन्द्र कुमार साह ने अपने प्रभार में मिले रिविलगंज सदर मंडल के खैरवार पंचायत में बूथ समिति का गठन किया गया।बूथ संख्या 2 पर सर्वसम्मति से अजय कुमार साह वार्ड सदस्य को अध्यक्ष बनाया गया। उसके बाद बूथ मंत्री, लाभार्थी प्रमुख मन की बात प्रमुख वॉट्सएप ग्रुप प्रमुख वी एल ए 2 बनाए गए।महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह ने बूथ समिति के सभी पद धारकों को उनके दायित्व का बोध कराया।साथ ही चयनित बूथ अध्यक्ष अजय कुमार साह को अंगवस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह ने कहा भाजपा में बूथ अध्यक्ष पार्टी का नीव होता है पार्टी में जो लगन से कार्य करते उसे पार्टी सम्मान देती है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्र के बारे में सोचती है। पार्टी के लिये राष्ट्र सर्वोपरी होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के मुख्यवक्ता धर्मेन्द्र सिंह चौहान मण्डल महामंत्री राकेश सिंह ,रिविलगंज नगर महामंत्री सुधीर सिंह , वरिष्ठ कार्यकर्ता बच्चा सिंह, आई टी सेल के संयोजक सौरभ कुमार सिंह, बिनोद कुमार,विमलेश कुमार,गौरव कुमार अरुण कुमार ,मनोज कुमार,योगेंद्र सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

# जिलाधिकारी ने की नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

## नामित पदाधिकारी अपने सेक्टर अंतर्गत सभी चीजों को व्यवस्थित तरीके से करायेंगे सम्पन्न

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने गुरुवार संध्या में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा शहर को बेहतर बनाने हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया। इस बैठक में महापौर, नगर आयुक्त, कंसलटेंट एजेंसी के प्रतिनिधि, बुडको के अभियंता सहित नगर निगम के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी में संपूर्ण नगर क्षेत्र को अलग-अलग सेक्टर में बांटने को कहा। प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेवारी किसी पदाधिकारी को देने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक सेक्टर में एक अभियंता भी टैग रहेंगे। नगर निगम क्षेत्र में पर्याप्त साफ-सफाई, फुटपाथ को व्यवस्थित करने, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा के संस्थापन आदि को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। प्रत्येक सेक्टर के चार्ज वाले पदाधिकारी अपने सेक्टर में इन सब चीजों के क्रियान्वयन की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करेंगे तथा आवश्यकता अनुसार व्यवस्था में सुधार हेतु पहल करेंगे।

बैठक के समय एयर क्वालिटी इंडेक्स 189 पाया गया, जिसे 100 के नीचे लाने हेतु पानी का छिड़काव सहित अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

सभी महत्वपूर्ण मार्गों एवं स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु पहल करने को कहा गया इसमें स्थानीय व्यवसायियों से भी आवश्यक सहयोग लेने को कहा गया। व्यवसायी अगर अपने प्रतिष्ठान के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाएंगे तो विधि व्यवस्था में सहयोग मिलेगा। अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर नगर निगम के माध्यम से सीसीटीवी लगाया जा सकता है।

शहरी क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नालों पर से अतिक्रमण हटाने हेतु एक महीने का विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

चौक चौराहों पर एवं मुख्य सड़कों पर गंदगी फैलाने, सरकारी संपत्तियों पर पोस्टर/बैनर लगाने वालों के विरुद्ध लगातर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। फुटपाथ को व्यवस्थित कर एक प्रकार की दुकानों के लिये एक जगह निर्धारित करने हेतु पहल करने को कहा गया।

## डीएम ने पुल निर्माण को लेकर किया स्थल का निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा शुक्रवार को भारतमाला परियोजना तथा जे पी सेतु के समानांतर पुल निर्माण योजना में चल रहे कार्यों की प्रगति हेतु सोनपुर अनुमंडल अंतर्गत दरियापुर एवं सोनपुर अंचल का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के क्रम में संबंधित रैयतों से वार्ता कर संबंधित पदाधिकारियों को सोनपुर एवं दरियापुर में कैंप आयोजित कर अभियान के तहत एक सप्ताह के अंदर भू अर्जन से संबंधित सभी लंबित मामलों को निष्पादित करने का निदेश दिया गया। रैयतों का लंबित मुआवजा भुगतान कराते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया।

# सारण पुलिस एवं एसटीएफ टीम के संयुक्त अभियान में कुख्यात वांछित नक्सली अशोक सहनी को किया गया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय ।सारण जिलान्तर्गत अपराध के मुख्य शीर्ष में वांछित / कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु लागातार अभियान चलाया जा रहा है ।इसी क्रम में पानापुर थाना पुलिस टीम, जिला आसूचना इकाई, सारण एवं एस०टी०एफ० टीम के संयुक्त कार्रवाई द्वारा पानापुर थाना कांड संख्या-06/14 दिनांक 02.02.14 धारा 147/148/149/201/302 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट तथा 17 सी०एल०ए० एक्ट के अभियुक्त अशोक सहनी उर्फ अशोक जी उर्फ अशोक राउत उर्फ केवट अशोक भाई, पिता-विदेशी राउत, सा०-वृत भगवानपुर, थाना-पानापुर, जिला-सारण को गिरफ्तार किया गया। अशोक सहनी उर्फ अशोक जी उर्फ अशोक राउत उर्फ केवट अशोक भाई, पिता-विदेशी राउत, सा०-वृत भगवानपुर, थाना-पानापुर, जिला-सारण ।टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी में . पु०अ०नि० विश्वमोहन राम थानाध्यक्ष पानापुर थाना एवं पानापुर थाना के अन्य कर्मी , . पु०अ०नि० सुजीत कुमार-2 एवं पु०अ०नि० साकेत बिहारी जिला आसूचना इकाई, सारण एवं एस०टी०एफ० टीम शामिल थी।

# डीआरएम ने किया निरीक्षण ,दिए आवश्यक निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को वाराणसी सिटी झ छपरा रेलखण्ड पर दोहरीकरण कार्यो की प्रगति,कोहरे के मौसम में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण किया। साथ ही कोहरे के मौसम में इस सेक्शन के सिगनलों की दृश्यता को दुरूस्त बनाये रखने का भी निर्देश दिया। विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने इस खण्ड पर संरक्षा के साथ-साथ इस खण्ड पर चल रहे विकास कार्यो से संबंधित दोहरीकरण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की ।

अपने निरीक्षण के क्रम में श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने अपने निरीक्षण यान से विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए छपरा स्टेशन पहुँचे । मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने छपरा रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यो का गहन निरीक्षण किया। उन्होनें छपरा स्टेशन के विस्तार के साथ सेकण्ड्री नवीनीकृत प्रवेश द्वार, सकुर्लेटिंग एरिया का विस्तार, प्लेटफार्मो के शेड, पे एण्ड यूज प्रसाधन तथा यात्रियों की सुविधा हेतु प्रतीक्षालय में बैठने की व्यवस्था, ग्लोशाइन स्टेशन नाम बोर्ड, साइनेजेज, वाटर ड्रेनेज, आरक्षित/अनारक्षित टिकट काउंटर भवन,रनिंग रुम, क्रू लॉबी,आर.पी.एफ पोस्ट, ए टी वी एम,क्यू आर स्कैनर का यात्री सुधार समेत यात्री सुख-सुविधाओं के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया तथा छपरा स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो की गति बढ़ाने और सभी कार्य तय समय सीमा में सम्पन्न करने हेतु संबंधित को दिशा निर्देश दिया । इस अवसर पर एक औपचारिक वार्ता में मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया की छपरा रेलवे स्टेशन एन.एस 03 श्रेणी का रेलवे स्टेशन है यहाँ पर और अधिक से अधिक साफ झ सफाई की जरुरत है और उन्होंने कहा कि प्लेटफार्म संख्या 01 पर और बेंचे लगाने की व्यवस्था की जाये जिससे यात्री को ट्रेन को इंतजार में खड़ा नहीं रहना पड़े। निरीक्षण के अवसर पर सहायक मंडल इंजीनियर छपरा श्री अरविन्द कुमार राय ,सहायक सुरक्षा आयुक्त श्री मुकेश पवार,जनसम्पर्क अधिकारी श्री अशोक कुमार, स्टेशन डायरेक्टर श्री राजेश प्रसाद सहित मंडल तथा स्टेशन के वरिष्ठ पर्वेक्षक उपस्थित थे।

# पैक्स चुनाव: मतदान कर्मियों का दूसरा प्रशिक्षण चार केंद्रों पर शुरू

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा. मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण शुक्रवार को शहर के चार केन्द्रों पर प्रारम्भ हुआ. सभी कर्मियों ने पैक्स चुनाव से जुड़े अपने दायित्वों को समझा और चुनाव संबंधी जानकारियां हासिल की. मास्टर ट्रेनर्स ने भी प्रभावी ढंग से उनका ज्ञानवर्धन किया और चुनाव को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में उनकी महती भूमिका समझाई. विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों के उपयोग व उनके संधारण के बारे में बताया. मतपेटी खोलने व बंद करने की हैंड्सऑन ट्रेनिंग भी दी. मास्टर प्रशिक्षकों ने बताया कि किसी भी चुनाव में कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है. चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित करने के लिए संबंधित कर्मियों को उचित प्रशिक्षण प्रदान करना आवश्यक है. प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया की जानकारी, पैक्स चुनाव के उद्देश्य, निर्वाचन प्राधिकार के दिशा-निर्देश की जानकारी, कर्मियों की भूमिका और जिम्मेदारियों आदि के बारे में बताया गया.

ज्ञात हो कि शहर के चार विद्यालयों बी सेमिनरी, राजपूत स्कूल, ब्राह्मण स्कूल, सारण एकेडमी स्कूल में प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं. प्रशिक्षण देने वालों में मणिकांत तिवारी, डॉ विनय प्रताप, विनय कुमार तिवारी, अनिल कुमार शर्मा, मंटू कुमार, बलराम साह, गुडिया कुमारी, वंदना गुप्ता, चांदनी किरण, सोनम कुमारी, संगीता कुमारी, निक्की कुमारी, रमेश चंद्र, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, मनोज कुमार द्विवेदी, नंद किशोर मिश्रा, शशि शेखर, पवन कुमार पांडेय आदि शामिल थे.

# जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट,सात पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए हैं ।घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया ।गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया ।इस संबंध में अरविंद कुमार सिंह ने सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें पृथ्वी नाथ सिंह,शैलेश सिंह,मंजेश कुमार उर्फ मुन्ना सिंह,ओम बाबू,आदर्श कुमार, हरि सिंह व रमेश सिंह को आरोपित किया है ।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरे घर के पीछे 14 कट्ठा जमीन है ।जिसे मेरे पट्टीदार पृथ्वी नाथ सिंह हमेशा कब्जा करने के नियत से मेरे साथ व मेरे लड़कों के साथ विवाद व मारपीट करते रहते है ।21 नवंबर को उक्त लोग मेरे जमीन को जोत रहे थे। मना करने पर उक्त लोग मुझे व मेरे लड़कों को मारपीट कर घायल कर दिए ।घायल अवस्था में हमलोगों को ग्रामीणों ने रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया ।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# पीएम कुसुम योजना घटक ए पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया

## उद्घाटन मुख्य प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह,वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी एवं मधुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया

प्रातः किरण संवाददाता




बिक्रमगंज(रोहतास) : शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज रोहतास के परिसर में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी की अध्यक्षता में पीएम कुसुम योजना घटक ए पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन एग्रीकल्चर स्किल कौंसिल ऑफ इंडिया से आए मुख्य प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह,वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया । उक्त दौरान संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीएम कुसुम योजना घटक ए के तहत किसान अपने खेतों में सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन कर उसे ऊर्जा वितरण कंपनी को बेच सकते हैं । इस तरह से उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होगी । उन्होंने बताया कि पीएम कुसुम घटक ए के तहत बंजर, परती या कृषि भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की योजना है । जिनकी क्षमता 500 किलोवाट से लेकर 2 मेगावाट तक हो सकती है । केंद्र प्रधान द्वारा बताया गया कि योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को अतिरिक्त आय अर्जन होने के साथ- साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देना है । इसके साथ ही उन्होंने सौर उर्जा से प्राप्त बिजली और उसका कृषि में उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की । इस अवसर पर रोहतास जिले के विभिन्न प्रखंडों से प्रगतिशील किसान, कृषक उत्पादक संघ के सदस्य, स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य एवं बिक्रमगंज बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर सहित 45 लोगों ने भाग लिया ।

कार्यक्रम में परिचर्चा के उपरांत किसानों को पीएम कुसुम योजना के प्रति फीडबैक भी लिया गया । जिसमें कई किसानों द्वारा यह प्रतिक्रिया व्यक्त की गई कि सोलर पैनल को लगाने के लिए प्रारंभिक लागत मूल्य बहुत अधिक है । जो किसानों की क्षमता से काफी अधिक है । अतः योजना के प्रारूप में थोड़े परिवर्तन करने की नितांत आवश्यकता है ताकि इस योजना को धरातल पर उतारा जा सके । साथ ही संबंधित विभाग जिनके समन्वय से सोलर पैनल की स्थापना होगी उन्हें भी इस दिशा में क्रियाशील बनाने की जरूरत है । इस कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार,डॉ रामाकांत सिंह, डॉ आर के जलज एवं संजू कुमारी ने भी भाग लिया । इस कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार ने किया ।

# जिलाधिकारी ने की मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने शुक्रवार को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। पुनरीक्षण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। गौरतलब हो कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी योग्य लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 29 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन इस अपेक्षा के साथ किया गया है कि ऐसे व्यक्ति जिनकी उम्र 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष को पूर्ण हो चुकी है तथा उनका नाम अभी तक निर्वाचक सूची में दर्ज नहीं हुआ है वो शङ्कश१ ल्टी'स्त्र छल्ली अस्त्रस्त्र से या निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, मतदान केन्द्रस्तरीय पदाधिकारी को लं१ उिङ्गस्त्र८ जमा करके अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते है। इसी प्रकार प्रपत्र 8 के माध्यम से नाम संशोधन करवा सकते है। निर्वाचक सूची को शुद्ध एवं अपडेट करने के लिए चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में 28 नवम्बर तक आवेदन किए जा सकते है। अभी तक जिला की 07 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मात्र 10000 आवेदन प्राप्त हुए है। उक्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी द्वारा की गई तथा अब तक हुए कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित विधान सभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को प्रगति लाने का निर्देश दिया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के मात्र 07 दिन शेष है परंतु 209-करगहर एवं 210-दिनारा विधान सभा जिनका निर्वाचक जनसंख्या अनुपात जिले में सबसे कम है। वहाँ फार्म सबसे कम संख्या में प्राप्त हुए है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेश पर नवंबर 23 24 नवम्बर 2024 को विशेष अभियान दिवस संचालित किया जा रहा है. जिसमें सभी मतदान केन्द्रस्तरीय पदाधिकारी अपने बुथ पर उपस्थित रह कर परिवर्द्धन, संशोधन एवं विलोपन का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम अंतर्गत यह अन्तिम विशेष अभियान दिवस होगा। जिसका लाभ लेकर वोटर लिस्ट में नाम परिवद्धित कराया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उक्त विशेष अभियान दिवस पर सभी मतदान केन्द्रस्तरीय पदाधिकारी की मतदान केन्द्र पर उपस्थित सुनिश्चित करने का निर्देश निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को देते हुए, सभी योग्य व्यक्तियों विशेषतः महिलाओ, युवा, कमजोर वर्ग के लोगों का नाम जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। केन्द्रस्तरीय पदाधिकारी की अनुपस्थिति की सूचना पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# कथक की प्रस्तुति के लिए ग्रीस जायेंगे गुरु विकास

प्रातः किरण संवाददाता



आरा के चर्चित कथक गुरु बक्शी विकास के कथक का प्रदर्शन ग्रीस में होगा । गुरु विकास की प्रस्तुति थर्ड वर्ल्ड फेस्टिवल ऑफ इंडियन डांस में पहली बार होगी । इसके पूर्व इन्होंने कनाडा एवं बंगलादेश के अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कथक प्रस्तुत किया है । कथक के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति रखने वाले विकास के नाम चार भाषाओं में 500 महिलाओ की गंगा आरती वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हैं । इन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे अब्दुल कलाम व राष्ट्रपति डॉ. प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के समक्ष कथक प्रदर्शन भी किया है । स्वर्ण पदक, कथक चक्र चूड़ामणि, नृत्य विभूषण, कला रत्न, नृत्यमणि जैसे सम्मान से अलंकृत विकास नृत्य सम्राट पद्माविभूषण पंडित बिरजू महाराज व विदुषी साश्वती सेन के शिष्य हैं। ग्रीस में विकास पारंपरिक कथक के साथ भीखारी ठाकुर की विदेशिया का शास्त्रीय रूपांतरण प्रस्तुत करेंगे । कथक नृत्य के क्षेत्र में इनके कई शिष्य बीपीएससी अध्यापक हैं । कथक में सैकड़ो बंदिशों की रचना, अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन का आयोजन एवं संचालन, देश के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में सागीतिक आलेख का लेखन, दूरदर्शन के नृत्य नाटिकाओं का संगीत एवं नृत्य निर्देशन, गरीब छात्र-छात्राओं को संगीत नृत्य का रोजगारपरक मुफ्त प्रशिक्षण इनके महत्वपूर्ण कार्यों में शुमार है।

# जिला प्रशासन के सहयोग से आरा छपरा एवं आरा पटना रोड से यात्रियों को मिला जाम से निजात

■ अगर कोई वाहन ओभर टेक किया तो यातायात नियम के तहत होगी कार्रवाई

प्रातः किरण संवाददाता



आरा पटना एवं आरा छपरा रोड में आए दिन जाम से लोगों को होती थी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिसको लेकर भोजपुर पुलिस अधीक्षक एवं भोजपुर जिला पदाधिकारी के द्वारा आरा पटना रोड आरा छपरा रोड को जाम से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है और और वहां पर पुलिस बल को ज्यादा से ज्यादा नियुक्ति किया गया है वहीं पर कोईलवर एसडीपीओ 2 रंजीत कुमार सिंह एवं एवं खनन पदाधिकारी के साथ निरीक्षण किया कोई भी वाहन ओभर टेक करती है तो उसे पर यातायात नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी कोईलवर एसडीपीओ 2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी भोजपुर के साथ मनभावन मोड़, सकडी मोड़, बबुरा के पास निरीक्षण किया गया तो कोईलवर पटना एवं कोईलवर बबुरा रोड में दोनों तरफ की गाड़ियों का परिचालन बिल्कुल सामान्य पाया गया।

किसी तरह की कोई जाम की समस्या नहीं है। वहीं यात्रियों ने आने जाने वाले लोगों ने जिला प्रशासन को दिया इसके लिए बधाई आने जाने पर यात्रियों को देखी गए चेहरे पर खुशी।

# रेलवे में यूनियन की मान्यता के लिए चुनाव 04,05 और 06 दिसंबर को होंगे



आरा । रेलवे मे मान्यता के लिए 11 वर्ष बाद होनेवाला चुनाव 04,05,06 दिसंबर को होंगे! पिछला चुनाव 2013 मे हुआ था! जिसमे एक मात्र ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) को मान्यता मिली थी !इसबार ( 07) यूनियन चुनाव लड़ रही है ! लेकिन विगत दो चुनाव 2007 और 2013 मे दोनों चुनाव मे सिर्फ ईसीआरकेयू को ही मान्यता मिली है ! आज आरा स्टेशन मे ईसीआरकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया की इस बार का पुनः तीसरी बार ईसीआरकेयू तीसरी बार सिंगल यूनियन के रूप मे जीत आयेगी! उन्होंने बताया की रेलकर्मी साथियों के स्नेह, साथ और आशीर्वाद के साथ अपने किये हुए कार्यो और अपने कुशल नेतृत्व के बल पर निश्चित हमारी जीत होगी ! शेष पार्टियों के संबंध मे उन्होंने कहा की वो सिर्फ चुनाव मे नजर आते है और चुनाव खत्म होते ही लुप्त हो जाते है !

## सोबेयां गांव के ग्यारह लोगों पर बिजली चोरी मामले में जुमार्ना, प्राथमिकी दर्ज

काराकाट (रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र में बिजली की चोरी के मामले में बिजली विभाग ने औचक छापेमारी कर टोका फंसाकर बिजली चोरी करने के मामले में ग्यारह लोगों पर बिजली चोरी की एफआईआर के साथ जुमार्ना लगाया गया । विद्युत कनीय अभियंता आशीष कुमार ने बताया की अवैध रूप से बिजली खपत करने की लगातार सूचना मिल रही थी । बिजली कर्मियों व मानव बल के सहयोग से क्षेत्र के सोबेयां गांव में छापेमारी किया गया । जहा से ग्यारह लोग टोका फंसाकर अवैध बिजली खपत करते पकड़े गये । कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि सोबेयां गांव निवासी स्व. किसुन साह के पुत्र फेकन साह पर 50, 600 रु, परमेश्वर मिश्रा के पुत्र रामनेह मिश्रा पर 57,097 रु, स्व.रंगनाथ चौबे के पुत्र रवींद्र चौबे पर 64, 962 रु, स्व. रामवृक्ष पांडेय के पुत्र दशरथ पांडेय पर 71,076 रु. स्व. सरयू पांडेय पुत्र कामेश्वर पांडेय पर 1, 26,040 रु. स्व. श्रीनाथ राय के पुत्र मोतीलाल राय पर 1, 23 209 रु., राजमुनी पांडेय के पुत्र प्रभुनाथ पांडेय पर 83,378 रु., गोवर्धन पांडेय के पुत्र बबन पांडेय पर 15, 974 रु., महंगू राम के पुत्र कृष्णा राम पर 19,080 रु., महंगू राम के पुत्र रामजी राम पर 17,967 रु. महंगू राम के पुत्र संतोष राम पर 19,080 रु की जुमार्ना के साथ काराकाट थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया हैं।

# नुक्कड़ नाटक से प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए किया गया जागरूक



प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के कई सरकारी विद्यालयों में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित की गई। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को इस बात के लिए जागरूक किया गया कि प्राकृतिक आपदा आने के समय किस तरह से बचाव किया जाए। इसमें तीन टीम कमल संगीतालय पटना, अशिकला केंद्र पटना व दीपशिखा सेवा संस्थान पटना द्वारा प्रखंड के कुल नौ सरकारी विद्यालयों में नुक्कड़ नाटक की मध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। बयाता की मध्य विद्यालय अमौरा, बरमाडीह,मोथा, जयश्री, रघुनाथपुर, अमरथा, घोपतपुर, करूप, मझरिया विद्यायल में प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक कर छात्राओं को जागरूक किया गया। बताया गया की सूखा, बाढ़, तूफान,भूकंप, वनों में लगने वाली आग, ओलावृष्टि, और ज्वालामुखी फटने जैसी विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं का पूवार्नुमान नहीं लगाया जा सकता है। न ही इन्हें रोका जा सकता है लेकिन इनके प्रभावों को एक सीमा तक कम जरूर किया जा सकता है जिससे जान-माल का कम से कम नुकसान हो। यह कार्य तभी किया जा सकता है जब सक्षम रूप से आपदा प्रबंधन की जागरूकता फैलाई जाए। छात्राओं को भविष्य में इन आपदाओं से बचने और अपने आसपास को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से उनमें जागरूकता उत्पन्न करने को ह्यआपदाएं और उनका शमनह्ण विषय पर अंतर-सदन नुक्कड़ नाटक कर बचाव के लिए जागरूक किया गाय। मौके पर नुक्कड़ नाटक टीम से मदन पाल, राजीव कुमार, अनुपम कुमार, हीरालाल, अयोध्या प्रसाद, विद्यासागर, मंटू पासवान, सुदर्शन राम, रिंकी कुमारी, मीरा कुमारी, रेखा कुमारी सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व छात्र, छात्राएं उपस्थित थे ।

# पांच बिहार बटालियन के दस एनसीसी कैडेट्स ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। आज 5 बिहार एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एनसीसी के कैडेट्सों ने रक्तदान कर समाज सेवा के रूप में महती योगदान किया। लगभग 20 की संख्या में कैडेट्स टेक्निकल टर्म के कारण रक्तदान नहीं कर पाए।

### कार्यक्रम का शुभारंभ, पांच बिहार बटालियन के पदाधिकारी हुए शामिल

सर्वश्री मनजीत सिंह,नीरज कुमार एवं विमला कुमारी, पूर्व कुलसचिव पूर्व ब्रजेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डा बी पी सिंह,सरफराज अहमद खान, डा जितेंद्र शुक्ला,श्री अवधेश पांडे सहित ब्लड डोनेशन समिति के चेयरमैन डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिंहा द्वारा किया गया ।तत्पश्चात रक्तदान का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सूबेदार मनजीत सिंह, एवं नीरज कुमार के स्वैच्छिक रक्तदान से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कुल 10 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान करने वालों में नीरज कुमार, सूबेदार मनजीत सिंह,ऋषिका आनंद, भोला जी, जयचंद कुमार, अर्चना कुमारी, लवली कुमारी, उदय कुमार, दिव्या कुमारी, चंदा कुमारी आदि रहे।

5 बटालियन बिहार की ओर से नीरज कुमार ने सभी कैडेट्स का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से रक्तदान का आयोजन अच्छे ढंग से हो रहा है, मैं रेड क्रॉस में दूसरी बार रक्तदान कर रहा, मेरा रक्त किसी जरूरतमंद का जान बचाएगा यह गौरव और आत्मिक संतुष्टि की बात है, एनसीसी के सभी युवा राष्ट्र सहित और सामाजिक सेवा में अपना रक्तदान कर रहे हैं। वही विमला कुमारी ने महिला कैडेट्स को रक्तदान करने पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि अब छात्राएं किसी से काम नहीं है बल्कि यह सभी बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा ले रही है। यह सब हम सबों के लिए हर्ष की बात है। रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से हम सबों को काफी प्रेरणा मिली, सबने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सहयोगी के रूप में खड़े रहे। हम सभी दिनेश सर के आभारी हैं।

रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से उपस्थित प्रमुख सदस्यों में प्रो ब्रजेश कुमार, सरफराज अहमद खान ,डॉक्टर बीपी सिंह, डॉक्टर जितेंद्र शुक्ला ,अवधेश पांडे राजेश्वर पासवान मुखिया जी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन,सभी अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा ने किया।

## एससी व एसटी एक्ट के मामले का एक अभियुक्त गिरफ्तार

दिनारा(रोहतास) : पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलासपुर निवासी जितेंद्र कुमार सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज था ।

## पूर्व शराब कांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

दिनारा(रोहतास) : पुलिस ने पूर्व शराब कांड के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत किसमीपुर निवासी संतोष मुसहर को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था ।

## इंडिगो कार से 301 लीटर अंग्रेजी शराब की खेप बरामद,धंधेबाज चकमा देकर फरार

दिनारा(रोहतास) : दिनारा पुलिस ने इंडिगो कार से 301 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इंडिगो कार से शराब की बड़ी खेप नेशनल हाईवे 319 मुख्य पथ की ओर आ रही है । मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए दिनारा थाना की पुलिस ने यादव मोड़ के समीप नाकेबंदी के लिए पहुंच गई । तत्पश्चात पुलिस को देख शराब धंधेबाज इंडिगो कार में भरे अंग्रेजी शराब को छोड़कर भाग निकले । उन्होंने कहा कि पुलिस ने इंडिगो कार के साथ करीब 301 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद कर लिया । साथ ही साथ मामले में कारित इंडिगो कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है । श्री कुमार ने कहा कि जब्त कार का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 ए एन 3460 बताया जाता है । बताया कि जब्त अंग्रेजी शराब में एट पीएम कंपनी का 29 पेटी एवं आरएस कंपनी का पांच पेटी यानी कुल मिलाकर करीब 301 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया । उन्होंने कहा कि मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है ।

## पीएसआई शालू कुमारी के नेतृत्व में चला वाहन जांच,काटा ऑनलाइन चालान

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास) : वरीय अधिकारी के निर्देशन में कछवां थाना की पीएसआई शालू कुमारी के नेतृत्व में वाहन जांच चलाया गया । वाहन जांच के दौरान चालकों में हड़कंप मच गया । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना की पीएसआई शालू कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों द्वारा वाहन जांच किया गया । जिस क्रम में वाहन चालकों का हेलमेट , जूता,ऑनर बुक ,ड्राइविंग लाइसेंस,प्रदूषण जांच सहित अन्य बिंदुओं पर बारिकी से जांच किया गया । उन्होंने कहा कि वाहन जांच के क्रम में सभी वाहनों का डिक्की भी खोलकर जांच की गई । श्री कुमार ने बताया कि जांच के दौरान कुछ खामियां पाए जाने वाले वाहन चालकों से कुल 10 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया । उन्होंने कहा कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा । मौके पर पीएसआई शालू कुमारी,पुलिस अधिकारी व वाहन चालक लोग मौजूद थे ।

# संयुक्त किसान मोर्चा 26 नवंबर को करेंगे बक्सर कूच

## जिला मुख्यालयों पर किसान मोर्चा करेगा चेतावनी रैली का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



बक्सर। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देशव्यापी किसानों का जिला मुख्यालय पर 26 नवम्बर को चेतावनी रैली केंद्र सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ 3 महीने की अल्टीमेटम के साथ 26 नवंबर को किसान करेंगे बक्सर कूच

20 मार्च को बनारपुर,कोचाढी और मोहनपुरवा में हुए पुलिसिया तांडव के गुनहगारों पर हो अविलंब कार्रवाई हो। किसानों के सभी लंबित मांगों की पूर्ति के लिए बक्सर जिलाधिकारी के समक्ष 26 नवंबर को चेतावनी रैली। खाद सब्सिडी में सरकार द्वारा भारी कटौती से पूरे बिहार में डीएपी के लिए हाहाकार।

हर साल जमीन के दाम में 10% वृद्धि मानकर किसानों को मुआवजे का भुगतान करो! संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार ने इसे किसान आंदोलन की बड़ी जीत कहा! चौसा के बनारपुर पंचायत भवन पर आज आयोजित किसान पंचायत को संबोधित करते हुए किसान नेता साथी दिनेश कुमार ने कहा की सरकार द्वारा सर्किल रेट में हर साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा किसान आंदोलन की बड़ी जीत है।

सरकार उन इलाकों में जहानगट 15 वर्षों में सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया उसे जोड़कर एक मुफ्त भुगतान करें चौसा कांड के दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज हो साथी अशोक तिवारी हत्याकांड के साजिश कर्ता को गिरफ्तार करो। किसान नेता साथी अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार लगातार किसानों के साथ धोखा दिया है।

किसान पंचायत को सम्बोधित करते हुए किसान नेता रामप्रवेश सिंह, नंद कुमार राम ,शिवजी तिवारी, शिवाजी सिंह नंदलाल सिंह, शैलेश राय, नरेंद्र तिवारी, जय मंगल पांडे, विजय नारायण राय, जितेंद्र राम, गुड्डू यादव, छेदी राय, सियाराम यादव,मुन्ना तिवारी,लाल साहब उपाध्याय,राजीव यादव आदि ने 26 नवंबर को बड़े पैमाने पर किसानों,मजदूरों को संगठित कर बक्सर चलने का आह्वान किया। किसानों का संगठित,अनवरत और जुझारू आंदोलन ही सरकार को आखिर में झुकने के लिए मजबूर करेगा।

बगैर किसानों की सहमति के भूमि अधिग्रहण नहीं हो सकेगा। किसान अपना जान दे देंगे, पर अपना जमीन नहीं देंगे। किसानों की जमीन छीन कर कॉर्पोरेट को सस्ते दामों पर देने हेतु औने- पौने भाव में किसानों से जमीन खरीदने की सरकार की गंदी साजिश को किसान भली-भांति समझ रहे थे। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार ने सरकार से मांग की है कि सरकार अविलंब चौसा,कैमूर,बिहटा सहित सभी इलाकों में नए सिरे से जमीन का कीमत निर्धारित कर बाजार दर से चार गुणा मुआवजे की भुगतान करे। इसके लिए 26 नवंबर को सभी जिला मुख्यलियों पर किसान अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाएंगे। किसान पंचायत की अध्यक्षता साथी शैलेश राय ने की, जबकि मंच संचालन डॉक्टर विजय नारायण राय ने की

# शहर के अंजबित सिंह कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




बिक्रमगंज(रोहतास) : ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और स्वरोजगार सृजन हेतु छात्र व छात्राओं को हुनर सिखाना समय की मांग है । उपरोक्त बातें अंजबित सिंह कॉलेज बिक्रमगंज में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष सह कार्यशाला आयोजक सचिव डॉ कन्हैया सिंह ने कहीं । उक्त कॉलेज द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र रोहतास सह आयोजक की भूमिका निभाई । इस राष्ट्रीय कार्यशाला में तीन साधन सेवियों ने छात्रों को मशरूम उत्पादन और जैविक खाद बनाने की विधि बताई। एन कॉलेज दुमका झारखंड के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड के सदस्य डॉ अमरनाथ सिंह ने जैविक खाद तैयार करने के बारे में विस्तृत तरीके से प्रकाश डाला एवं बच्चों को करके दिखाया भी । उन्होंने बताया कि जैविक खाद से जैविक कृषि को बढ़ावा मिलेगा । डॉ विनय भूषण विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग टी पी एस कॉलेज पटना ने विभिन्न प्रकार के मशरूम उत्पादन के बारे छात्रों को जानकारी दी और प्रदर्शन करके भी दिखाया । साथ ही कहा कि कम जगह और कम लगत में भी इसका उत्पादन कर सकते है । कार्यक्रम को कृषि विज्ञान केंद रोहतास के वरीय वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी ने मशरूम उत्पादन एवं जैविक खाद पर छात्र व छात्राओं को कौशल विकास से संबंधित बाते बताई और उसके लाभ व हानि के बारे में बताया । डॉ अशोक कुमार बोकारो झारखंड ने भी मशरूम उत्पादन के गुण बच्चों को सिखाया एवं इस कार्य के लिए प्रेरित किया । इस सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में बिहार और झारखंड से कुल 48 लोगों ने पंजीयन कराया और उत्साहित होकर इस कार्यशाला में मशरूम उत्पादन के गुण सिख रहे है । कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके किया गया । इसके बाद सभी अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया । इको क्लब के सक्रिय सदस्यों ने पौधा सरंक्षण के प्रतीक इको क्लब का टोपी सभी अतिथियों को पहनाया और पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया । कार्यशाला में मंच का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शशि भूषण आकर्षक एवं प्रभावी तरीके से किया । धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग के फजल अहमद ने किया । कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ सरोज राम, डॉ परवेज अहमद, डॉ कमल किशोर, अरुण कुमार सिंह, मदन वैश्य, डॉ कुमारी प्रिया उपस्थित थी ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, शनिवार ,23 नवंबर, 2024



# मतगणना की सभी तैयारियां पूरी

## मतगणना अधिकारियों को दिए गए जरूरी निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एव वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती द्वारा आज संयुक्त रूप से गया कॉलेज गया पहुच कर, विधानसभा उप चुनाव बेलागंज एव इमामगंज के अवसर पर गया कॉलेज को बनाये जाने वाले मतगणना सेंटर का निरीक्षण किया एवं संबंधित वरीय पदाधिकारियों के साथ स्पॉट पर ब्रीफिंग करते हुए कल सुबह से प्रारंभ होने वाले मतगणना कार्य की तैयारी का भी जायजा लिया है। गया कॉलेज के गेट पर ही पर्याप्त साइनेज की व्यवस्था करवाए ताकि एंट्री के दौरान ही मतगणना में आने वाले विभिन्न पदाधिकारी,कर्मियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को किस जगह पर क्या-क्या सुविधा है, दोनों विधानसभा का कहां पर मतगणना कार्य हो रहा है इत्यादि की पूरी जानकारी मिल सके ।कल मतगणना के दौरान मतगणना परिसर में पानी टैंकर की व्यवस्था करवाने का निर्देश दिया है।इसके अलावा पीएचडी के अभियंता को निर्देश दिया कि पानी टैंकर एवं पर्याप्त अस्थाई टॉयलेट की व्यवस्था हर हाल में रखी जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया है कि गया कॉलेज में बनने वाले कंट्रोल रूम को पूरी तरह एक्टिव रखना होगा साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम को दुरुस्त रखना होगा जिससे समेकित रूप से लोगों को राउंड वार मतगणना की जानकारी मिल सके। मतगणना कार्य में लगने वाले जो भी लॉजिस्टिक हैं उसकी पूरी तरह क्रॉस जांच कर ले, कोई सामान की कमी नही रहे हैं।आईटी मैनेजर एवं एन आइसी के पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि मतगणना हॉल में इंटरनेट की व्यवस्था एवं विभिन्न प्लग की व्यवस्था आकलन कर उसे अपने देखरेख में लगवाना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि आज पुनः मॉक रिहल्सल कर ले कि इटीबीपीएस स्कानिंग प्रोसेस संबंधित। इभीएम काउंटिंग एवं इभीएम सीलिंग के दौरान विभिन्न संख्या में लगने वाले मजदूर का आकलन कर उसकी पूरी व्यवस्था सुनिश्चित रखें। सभी पदाधिकारी को बताया कि मतगणना केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।इसके लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था चिन्हित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी सदर को दिया गया है। सभी चुनाव में लगने वाले कर्मी एवं पदाधिकारी निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही अपने वाहनों को पड़ाव करें। डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि ट्रैफिक प्लान तैयार करते हुए उसे जारी करवाये।मतगणना के लिये 28 टेबल लगाए जाएंगे एव 11 राउंड होगा।

टेबल वार मजदूर की प्रतिनियुक्ति रखे, मजदुर की संख्या में कोई कमी नही रखे।पेड बेसिस पर भी खाना एव चाय आदि की व्यवस्था मतगणना केंद्र पर रखे।सभी 28 टेबल लगाने की पूरी तैयारी हो चुकी है।कल सुबह 07 बजे से मतगणना कार्य प्रारंभ हो जाएगा। मतगणना कर्मियों को कल सुबह 6 बजे तक हर हाल में उपस्थित होने की बात कही गयी है।

# नवादा विधि कॉलेज के प्राचार्य ने अपने विचार राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यक्त किए: डॉ डीएन मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में आयोजित 22वें राष्ट्रीय सम्मेलन ह्नआत्मनिर्भर भारत के दिशा में आर्थिक शक्ति करणह्न पर विचार रखतेहुए नवादा विधि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीएन मिश्रा ने सम्मेलन में अपने विचार प्रस्तुत किए हैं।सम्मेलन का उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक शक्ति-करण की दिशा में आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श करना था।इस अवसर पर भारत सरकार के लोकप्रिय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी , बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा , सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सहित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहे हैं।डॉ. डीएन मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना केवल एक राजनीतिक वादे का नाम नहीं है। बल्कि यह एक व्यावहारिक दृष्टिकोण है, जिसके लिए हमें अपने संसाधनों का सही उपयोग करना है। उन्होंने भारत के विशाल संसाधन और जनसंख्या का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हम सही दिशा में कार्य करें तो हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक मजबूत स्थान बना सकते हैं।

उन्होंने विशेष रूप से कृषि, उद्योग और सहकारिता के क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया है। डॉ. मिश्रा ने यह भी सुझाव दिया कि शिक्षा, कौशल विकास, और डिजिटल भारत के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने मैं सहयोग करना चाहिए।इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में विकास की गति को तेज करने के लिए राज्य सरकार को राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की आवश्यकता जताई ताकि बिहार भी आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना में अपनी भूमिका निभा सके ।इस सम्मेलन ने बिहार और देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और इसे प्रभावी बनाने के उपायों पर जोर दिया है।

# चुनाव जीतने के लिए बूथ जीतना होगा:धर्मेन्द्र तिवारी




प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था,अरवल। भारतीय जनता पार्टी के कुर्था विधानसभा के महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के अध्यक्षता में डाक बंगला परिसर कुर्था में किया गया। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने किया। बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गायन के साथ किया गया ।उसके बाद प्रदेश से आए अतिथियों का कार्यकताओं के द्वारा अंग वस्त्र से स्वागत किया गया।इस बैठक में महत्वपूर्ण रूप से भाजपा के प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा एवं प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक मनोज शर्मा रहे। अपने संबोधन में प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा ने कहा कि अरवल जिला संगठन युवाओं की टीम है और युवा ही देश की शक्ति होते हैं सारे कर्मठ कार्यकर्ता पदाधिकारी संगठन पर्व चल रहे है आप सभी देव दुर्लभ कार्यकताओं से मेरा आग्रह है कि गांव गांव जाकर बुथ कमिटी का गठन कार्य को पूर्ण कर संगठन को मजबूत करे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कहा कि विगत अगले वर्ष 2025 में बिहार विधानसभा के चुनाव संपन्न होना है, किसी भी स्थिति में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बिहार में बनानी होगी। चुनाव जीतने के लिए हमे बूथ जितना होगा इसलिए कुर्था विधानसभा के सभी बूथों को सशक्त एवम् मजबूत करे। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी को जो दायित्व मिला है उसे ससमय पूर्ण करे 25 नवंबर को सक्रिय सदस्यता का सत्यापन किया जाएगा सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि 25 तारीख के पहले तक सक्रिय सदस्यता का जो भी कार्य अधूरा है उसको पूर्ण करने का कार्य करें साथ ही उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक सभी शक्ति केदो में बूथ कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। इस अवसर पर बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, अजय पासवान, कुर्था विधानसभा के संयोजक जिला उपाध्यक्ष सविता शर्मा जिला उपाध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी जिला महामंत्री रामाशीष दास, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झारखंड एवं महाराष्ट्र चुनाव को ले केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा: हमेशा एक्जिट पोल सच नही होता है

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी नतीजों से पहले केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बड़ी भविष्यवाणी कर दी है ।शुक्रवार को जीतन राम मांझी बोधगया में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एग्जिट पोल हमेशा सच नहीं होता है। कभी-कभी गलत भी होता है, लेकिन झारखंड में एनडीए के लोग ही वहां सरकार बनाएंगे। एक से दो सीट कम भी आई तो निर्दलीय को मिलाकर सरकार बन जाएगी क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी से सभी लोग प्रभावित हैं। महाराष्ट्र चुनाव को क्लियर बताया है। आगे कहा कि वहां भी एनडीए की सरकार बन रही है। दोनो राज्य में एनडीए की सरकार बन रही है। शनिवार को बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव का नतीजा आ जाएगा इसपर केन्द्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि चारों सीट एनडीए के पक्ष में जा रहा है। तरारी में एनडीए क्लियर है,रामगढ़ में त्रिकोणीय चुनाव होने के कारण कुछ पेंच फंसता नजर आ रहा है, फिर भी जीतेंगे। वही दूसरी ओर हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पदयात्रा पर मांझी ने कहा, ह्नभारत का संविधान हिंदू राष्ट्र बनाने की अनुमति नहीं देता है।

किसी भी धर्म पर सभी को बोलने का अधिकार है ।लेकिन जो हमारा संविधान बना जिसे हम लोगों ने स्वीकार किया है ।तो संविधान में ऐसा कोई शब्द नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करारा जवाब दे रहे हैं कि हम संविधान के प्रति कायल हैं ।संविधान के प्रति सब लोग जवाबदेह है ।जो संविधान में बात होगी उसी से देश चल रहा है और देश चलेगा। इस मौके पर हम के जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता ई नंदलाल मांझी, सांसद प्रतिनिधि रोमीत कुमार उपस्थित थे

# मतगणना के कारण ट्रेफिक प्लान में किया गया बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता

गया। बिहार विधान सभा उप चुनाव -2024 के मतगणना की तिथि दिनांक-23.11.2024 को निर्धारित है। मतगणना कार्यक्रम गया कॉलेज गया में किया जाना है। इस अवसर पर उम्मीदवार के साथ-साथ काफी संख्या में उनके समर्थकों वाहनों ,पैदल मार्गों से गया कॉलेज, गया आने एवं काफी भीड़ होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए यातायात नियंत्रण हेतु मतगणना कार्य अवधि में ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल ,मार्ग से संबंधित ट्रैफिक प्लान तैयार की गई है, जो निम्न प्रकार है:-वाहनों के लिए नो इण्ट्री प्रवेश वर्जित गया शहरः- गया कॉलेज मोड़ से गेवाल बिगहा के तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को छोड़कर। जिला पदाधिकारी आवास मोड़ सुधा डेयरी के पास मोड़ एवं पुलिस लाईन मोड़ से गया कॉलज की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को छोड़कर।

आशा सिन्हा मोड़ से करीब 200 मी0 पूरब, फर्स्ट कराई मोड़ से गया कॉलेज गेट ,पेट्रोल पम्प के तरफ जाने वाली मार्ग में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।

वाहनों का वैकल्पिक मार्गः- जिला पदाधिकारी आवास मोड़ -अतिथि गृह -आशा सिंह मोड़ मिर्जा गालिब होते हुए जायेंगे। सिकड़िया मोड़ के तरफ जाने वाले वाहनों- पुलिस लाईन मोड़ पुलिस लाईन के पीछे से केन्द्रीय कारा का गेट सिकड़िया मोड़ एवं अपने गणतव्य को जाएंगे। सिकड़िया मोड़ के तरफ से गया शहर में आने वाले वाहनों- गया कॉलेज मोड़ से बाएँ मुड़कर आशा सिंह मोड़ अतिथि गृह मिर्जा गालिब कॉलेज जे०पी० झरणा एवं गेवाल बिगहा होते हुए अपने गनतव्य को जाएंगे।

### पार्किंग व्यवस्था

उम्मीदवार एवं उनके समर्थकों का वाहनों की पार्किंग- खेल परिषर गया,गाँधी मैदान एवं

पुराना संवाद सदन गेवाल बिगहा में की जाएगी। खेल परिसर में वाहन पर्किंग करने के लिए सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पुलिस लाईन के पीछे जेल रोड वाले,खेल परिसर के पीछे वाले गेट से प्रवेश कर पार्किंग की जाएगी। खेल परिसर के मेन गेट से होकर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।

### बैरिकेटिंग

गया कॉलेज मोड़, साइबर थाना, गेवाल बिगहा के तरफ आने वाली मार्ग में ।जिला पदाधिकारी आवास सुधा डेयरी बुथ, पुलिस लाईन मोड़, गया कॉलेज की ओर जाने वाली मार्ग में।

फर्स्ट कराई मोड़, जजेज कॉलनी पथ में दोनों तरफ ।खेल परिसर मेन गेट,गया कॉलेज मेन गेट दोनों तरफ। गया कॉलेज मोड़ से पुलिस लाईन मोड़ तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा ।इस ट्रैफिक प्लान बिहार विधान सभा उप चुनाव 2024 के मतगणना कार्य के अवसर पर दिनांक-23.11.2024 को सुबह 05:00 बजे से मतगणना कार्य अवधि तक प्रभावी रहेगा।

# मगध विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में मांझी का नहीं हुआ अनादर: अशोक चौधरी

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।मगध विश्वविद्यालय के कुलपति एसपी साही को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सफल कार्यक्रम मगध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें मेरा लीला मण्डल कॉलेज का प्रमुख भूमिका हुआ, इसके लिए कुलपति को लीला मण्डल कॉलेज के चेयरमैन राहुल रंजन द्वारा एवं पुरे कॉलेज परिवार की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया है ।कुलपति शाही जी द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम से समस्त मगध की जनता एवं बिहार की जनता जनार्धन को विशेष लाभ पहुंचा इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार मोदी सरकार द्वारा नितिन गडकरी ने पुरे बिहार को अमरीका जैसा बनाने का बादा किया एवं मगध को हजारों करोड़ रुपया सड़क निर्माण हेतु दिया गया इस यशस्वी कार्य के लिए नितिन गडकरी एवं मगध विश्वविद्यालय के कुलपती को राहुल रंजन ने दिया है।

जहाँ तक मंच पर सांसद और मंत्री जितन राम मांझी का अभेलना का सवाल है तो ऐसा हो ही नहीं सकता की पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान मे केंद्रीय मंत्री का कोई अवहेलना कर सकता है और वो भी किसी दलित को क्युकी अगर दलित का जहाँ तक बात है तो मंच पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी महादलित बैठे थे पुरे सम्मान के साथ और जितन राम मांझी का कुर्सी पुरे समय खाली रहा मंच पर वो आए ही नहीं कार्यक्रम मे मांझी सम्मान से आमंत्रित थे कार्यक्रम मे। जितन राम मांझी विश्वविद्यालय के सामने दो मुहान पर राजनितिक कार्यक्रम का पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्यक्रम सांसद होने के नाते संभाल रहे थे और गडकरी के साथ कार्यक्रम मे शामिल हुए इसमें किसी का अभेलना का विषय ही नहीं है।

# बांग्लादेश के हिन्दुओं जैसा स्थिति में रह रहे है भोजपुर के रानीसागर में लोग: भाजपा जिलाअध्यक्ष



प्रातः किरण संवाददाता

आरा :बीजेपी के जिला अध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में रानीसागर के प्रताड़ित तथाकथित दलित हिन्दू समाज से बीजेपी का प्रतिनिधि मंडल मिला ।उनके साथ भोजपुर जिला प्रभारी संजय कुशवाह, पूर्व विधायिका शाहपुर मुन्नी देवी जी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुक्तेश्वर ओझा, प्रदेश व्यवसाय प्रकोष्ठ सहसंयोजकआलोक अंजन,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन,ने कहा कि विगत कई दिनों से जिहादियों के आतंक से परेशान है यहाँ का हिन्दू समाज आय दिन बेटी बहन को रहना मुश्किल हो गया है ! यहाँ का जिहादी मानसिकता का मुखिया मोहम्मद यूनुस उर्फ.काफूर और बहुसंख्यक जिहादियों द्वारा आय दिन अल्पसंख्यक हो चुका हिंदू समाज के लोग को मारा पीटा और धमकाया जाता है और बेटियों को घर से बाहर निकलने नहीं दिया जाता है !

कहा है शासन व्यवस्था ये भारत ही है या पाकिस्तान या बांग्लादेश ? कहा है दलित के नाम पर राजनीति करने वाले वामपंथी और महागठबंधन के लोग चुप क्यों है आखिर इनका गुनाह बस यदि हिन्दू होना है तो ये कतई स्वीकार नहीं है !स्थिति ऐसी है की लोग पलायन को मजबूर है ये परिस्थिति पर सेक्युलरिज्म की बात करने वाले लोग क्यों चुप है ?

तत्काल मुक्तेश्वर ओझा जी के द्वारा जिला प्रशासन से बात किया गया और तत्काल दोषियों खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई

यदि रानीसागर के हिन्दू समाज को शासन की संरक्षण नहीं प्राप्त हुई तो पूरे जिले ने आंदोलन करेगा भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भोजपुर !

प्रतिनिधि मंडल में यूवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आदित्य सिंह आदि, जिला मंत्री अरविंद पाण्डेय जी ,जिला प्रवक्ता अंकित प्रियदर्शी जी ।

शाहपुर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता जी , पंकज तिवारी जी, अंकित पाण्डेय जी, बंटी पाण्डेय जी, विकाश रंजन जी।।। जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी।

# लायंस क्लब द्वारा गांधी मैदान टहलने आए लोगों का किया गया स्वास्थ्य जांच

गया ।लायंस क्लब गया के द्वारा गांधी मैदान,गया में अपने पूरे पारा मेडिकल टीम के साथ सुबह टहलने वाले 147 लोगों को निःशुल्क ब्लड शुगर जांच और ब्लड प्रेशर जांच किया गया है ।जिसमें कुछ लोगों को तो शुगर की जानकारी भी नहीं थी और जांच में ब्लड शुगर लेवल काफी बढ़ा हुआ पाया गया ,उन्हें हमारे लायंस डॉक्टर नंद किशोर गुप्ता,लायंस डा विजय करण एवं लायंस डा उमेश कुमार डा अभिषेक मृणाल द्वारा उचित सलाह भी दिया गया है ।इस मौके पर लायंस क्लब गया के अध्यक्ष एडवोकेट विनय वर्मा, सचिव मनोज कुमार, वरिष्ठ सदस्य डॉ विजय करण,डा नंद किशोर गुप्ता,डा उमेश कुमार, डा अभिषेक मृणाल,मो अथरुल हक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

# सहकारिता विभाग के सचिव एवं डीएम के द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिए कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




प्रातः किरण संवाददाता

अरवले सचिव सहकारिता विभाग, बिहार सरकार धर्मेन्द्र सिंह एवं जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के कर कमलो से धान अधिप्राप्ति वर्ष 2024-25 अन्तर्गत भदासी पैक्स प्रखंड अरवल में धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारम्भ किया गया। सचिव द्वारा सभी सहकारी समितियों में धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ कराने के साथ-साथ लघु एवं सीमान्त किसानों से धान खरीद करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी समितियों का केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ढउरअढ पर निबंधन कराने का भी निदेश दिया गया ।खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अन्तर्गत धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम हेतु सभी समितियों में बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है एवं समितियों द्वारा नमी मापक यंत्र, बायोमेट्रिक फिंगर स्कैनर, माप-तौल मशीन के साथ-साथ धान अधिप्राप्ति क्रय केन्द्र (गोदाम) की व्यवस्था कर ली गई है। धान अधिप्राप्ति कार्य में कृषकों की सुविधा हेतु जिलान्तर्गत समाहरणालय में सहायता केन्द्र एवं प्रत्येक प्रखंडों में सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है।

# कॉमन रिव्यू मिशन टीम ने की जिला पदाधिकारी से मुलाकात

प्रातः किरण संवाददाता



गया। तीन दिवसीय दौर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की 16वीं कॉमन रिव्यू टीम ने अपने भ्रमण के आखिरी दिन जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम से शिष्टाचार मुलाकात की है। इस दौरान टीम के लोगों ने जिला में आमजन को मुहैया करायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं पर संतुष्टि व्यक्त किया है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार डीपीएम नीलेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि जिला में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं व सेवाएं मुहैया कराने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का टीम ने भ्रमण किया गया है। टीम ने बांकेबाजार, डोभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया है। वहीं इकबाल नगर और कटारी हिल रोड शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद करायी जा रही सुविधाओं की बारीकी से जांच की गई है। आगे बताया कि टीम द्वारा जेपीएन सदर अस्पताल में दवा भंडारण की सही प्रकार से व्यवस्था करने की सलाह दी है। टीम को इस संबंध में जानकारी दी गयी कि इसके लिए भारत मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास आवेदन किया गया है। इस दिशा में स्वीकृति प्राप्त होते ही यहां पर बेहतर दवा भंडारण के लिए भवन निर्मित किया जायेगा। बताया कि टीम द्वारा सभी मुख्य बिंदूओं पर संतुष्टि जताते हुए स्वास्थ्कर्मियों का भी प्रोत्साहन किया गया है। डीपीएम नीलेश कुमार ने बताया कि टीम द्वारा जिला पदाधिकारी के श्रवण श्रुति के तहत मुक बधिर बच्चों के इलाज को लेकर किये जा रहे कार्य को सराहा गया है। इसके साथ ही आसमां एन अटैंप्ट टू सेफ मदरहुड बाई प्रिवेंटिंग एनीमिया कार्यक्रम की भी तारीफ की है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आशा के कामों को भी बारीकी से देखा और आशाओं को बढ़िया काम करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया है। जिला पदाधिकारी ने सीआरएम टीम को बताया कि अधिक से अधिक सुनने में असक्षम बच्चों को चिन्हित कर श्रवण श्रुति कार्यक्रम के तहत इलाज कराया जायेगा। आसमा कार्यक्रम के तहत मातृ एंव शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम के तहत आयरन युक्त आहार के प्रति व्यवहार परिवर्तन लाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग काम कर रहा है। एनीमिया के स्तर को काफी करना लक्ष्य रखा गया है।

# समाजसेवी शिवराम डालमिया की दसवीं पुण्यतिथि 25 को मनायी जायेगी

गया ।शहर के सुप्रसिद्ध कपड़ा व्यवसायी और समाजसेवी रहे शिवराम डालमिया की दसवीं पुण्यतिथि सोमवार को धामी टोला स्थित डालमिया सदन में मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक श्रद्धांजलि सभा एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उनकी धर्मपत्नी समाजसेविका उषा डालमिया ने बताया कि शिवराम बाबू समाज के निचले-तबके एवं सभी वर्गों के लिए कार्य किये थे। शहर के सभी लोगों से उनका मधुर संबंध था। जीवन पर्यंत निस्वार्थ पूर्वक समाज की सेवा की थी। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पुण्यतिथि समारोह में आने की अपील की है।

# केन्द्रीय मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री का पूर्व महिला जिलाध्यक्ष ने किया भव्य स्वागत

गया ।गया जी के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया एवं बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा का माला एवं पुष्प गुलदस्ता करते हुए भाजपा महिला मोर्चा पूर्व डाक्टर शालीनी शाण्डिल्य,श्रवण शाणिडल्य,तैलिक साहु महासभा के जिलाध्यक्ष संजु लाल,वार्ड पार्षद सारिका वर्मा, पूर्व सांसद हरी मांझी, अनंत धीश अमन, संतोष सिंह,अनिल स्वामी, कमलेश सिंह, अजय कुशवाहा ने स्वागत किया एवं गया जी के बारे में चर्चा की गई है।

# श्री गणपति भंडार से 15 लाख की चोरी, चोरों ने उड़ा लिए सोने-चांदी के सिक्के, सीसीटीवी का डीवीआर ले गये चोर

प्रातः किरण संवाददाता



गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी गोदाम में श्री गणपति भंडार से 15 लाख की चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। चोरों ने शुक्रवार की देर रात लगभग 2:00 बजे चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना के बाद गया के एसएसपी आशीष भारती एवं सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिए है। इसके साथ ही डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाकर जांच कराई गई है ।इस संबंध में दुकान के मालिक संजय भारद्वाज ने बताया कि रात 9 बजे दुकान बंद कर घर आये थे। सुबह जब उनका बेटा अभिषेक कुमार दुकान खोलने पहुंचा, तो देखा कि शटर डाउन था, लेकिन ताला गायब था। दुकान के अंदर पुराने लॉकर को लेजर मशीन से काटकर चोरों ने 15 लाख का नकद और सोने-चांदी के सिक्के चुरा ले गए हैं। गोदाम की गद्दी पूरी तरह से अस्त व्यस्त पड़ी थी। पूरानी गोदाम का इलाका दिन रात व्यस्त रहता है। इसके बावजूद बड़ी चोरी की घटना वह भी फ्रंट से होना, पुलिस गश्ती पर सवाल खड़े कर रहा है। इस घटना से पुरानी गोदाम में कारोबार करने वाले कारोबारी भयभीत थे। चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद सीसीटीवी कैमरे का एंगल को घुमा दिया और गोदाम का डीवीआर उखाड़ कर लेकर चला गया है। इस घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश है।

एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि चोरी की घटना मामले में जांच चल रही है। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे। डॉग स्क्वायड की टीम ने जांच पड़ताल की है। लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रही है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने चोरी की घटना पर जताई चिंता, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

गया। बिहार सरकार के सहकारिता, जलवायु, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गया के पुरानी गोदाम क्षेत्र में सेंट्रल चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष संजय भारद्वाज के प्रतिष्ठान में हुई भीषण चोरी की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है ।डॉ. प्रेम कुमार ने संजय भारद्वाज के आवास पर जाकर कर उन्हें पूरी सहायता और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही, उन्होंने गया एसएसपी से दूरभाष पर बात कर अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने और चोरी हुए सामान की बरामदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है ।डॉ. प्रेम कुमार ने एसएसपी से विगत दो वर्षों में व्यवसाय क्षेत्र में हुई चोरी और डकैती की घटनाओं पर अब तक की गई कार्रवाई और प्रगति का विस्तृत समीक्षा करने को कहा है, उन्होंने व्यवसाई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर बल दिया, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें। शिष्ट मंडल में उपस्थित जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी आदि थे।

# अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बक्सर पुलिस ने किशोर को कराया मुक्त, पांच गिरफ्तार

## किशोर को छोड़ने के एवज में छह लाख फिरौती की मांग, अंत में पच्चास हजार तक हुआ था डील

प्रातः किरण संवाददाता



बक्सर । बक्सर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर फिरौती के लिए किये गए अपहरण का पदार्फाश करते हुए अपहरणकर्ता गैंग के पांच आरोपियों को भोजपुर जिला के आरा के समीप से गिरफ्तार करते हुए अपहरण किये गए युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। वही अपराधियों को कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

घटना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एसपी शुभम आर्य ने बताया की इटाढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर गांव के शशिभूषण उपाध्याय की पत्नी पीड़िता बेबी देवी इटाढ़ी थाना को लिखित आवेदन के माध्यम से इटाढ़ी थानाध्यक्ष सूचना दी कि मेरे पूत्र शुभम कुमार उर्फ लक्की जो कि अपने घर से दवा लाने निकला था उनका अपहरण कर लिया गया है तथा अपहरणकर्ता द्वारा 6 लाख रुपए फिरौती राशि की माँग की जा रही है।

इस संबंध में इटाढ़ी थाना कांड सं0 263/24 दर्ज की गई। अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि अपहृत के मोबाईल से ही अपहरणकताओं के द्वारा फोन कर 6 लाख फिरौती राशि की मांग की गई थी।

प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एसपी द्वारा डीएसपी, सदर धीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया उक्त टीम द्वारा सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरा में लगातार छापेमारी कर अपहरण में शामिल पाँच लोगों को गिरफ्तार कर अपहरण किये गए किशोर को सकुशल बरामद किया गया।

एसपी ने बताया की किशोर का अपहरण दिलदारनगर स्टेशन से किया गया था। जिसे ट्रेन के बाथरूम में बंद कर आरा के समीप चेन पुलिंग कर उतारकर झाडी के समीप रखा गया था और शाम होते ही किसी घर में ले जाया गया था। जहां अपहरणकताओं द्वारा बार बार फोन कर फिरौती की मांग की जा रही थी जो 6 लाख से एक लाख तक पहुंच गयी थी। जब पीड़ित महिला ने कहा एक लाख भी नहीं हो रहा है तब अपराधियों ने 50 हजार का मांग किया। इस दौरान डीआईओ की टीम लोकेशन ट्रैक कर अपहरणकताओं के करीब उस घर में पहुंच गए। और भोजपुर जिला के वशिष्टपुरी गांव के रामाधार सिंह के पुत्र रमेश कुमार भाट, मुफसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीरा के रघुवर पासवान के पुत्र ऋतु पासवान एवं हरेंद्र राय के पुत्र विकास कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कहेन गांव के रुपेश सिंह के पुत्र टुनु कुमार सिंह एवं दुल्हिनगंज गांव के कमलेश राम के पुत्र अमन राज को गिरफ्तार करते हुए किशोर को सकुशल बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 5 मोबाईल भी बरामद किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान टीम का नेतृत्व डीएसपी धीरज कुमार कर रहे थे जबकि डीआईयू प्रभारी युसूफ अंसारी, इटाढ़ी थानाध्यक्ष सोनू कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# सांसद सुदामा प्रसाद ने रेलवे कम्पनियों द्वारा दिये गए महंगे उपहार को किया वापस

## कहा: यह सार्वजनिक हित से जुड़े मुद्दों पर सांसदों को चुप कराने की साजिश

प्रातः किरण संवाददाता

भाकपा-माले जिला कार्यालय श्रीटोला आरा में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि रेलवे संबंधी स्थायी समिति सदस्यों को 31 अक्टूबर से 7 नवंबर 2024 के बीच बैंगलोर,तिरुपति से हैदराबाद तक का अध्ययन यात्रा के दौरान दक्षिण पश्चिमी रेलवे के विभिन्न संगठनों द्वारा दिए गए महंगे उपहार को वापस कर दिया!

जिस उपहार में 1 ग्राम सोने का सिक्का और 100 ग्राम चांदी का ब्लॉक दिया गया था!

सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि अतिथियों को उपहार देकर स्वागत करना एक परम्परा है!जो गर्मजोशी और मेहमाननवाजी का प्रतीक है,लेकिन आमतौर पर शॉल,पेंटिंग और कुछ स्मृति चिन्ह उपहार में दिए जाते हैं!

लेकिन 1 ग्राम सोने का सिक्का और 100 ग्राम चांदी का ब्लॉक दिया जाना मुझे बहुत दुख पहुंचाया!उन्होंने भारतीय रेलवे की ओर से ऐसे उपहार देने की नैतिकता और सार्वजनिक मोरलिटी पर सवाल उठाया!

उन्होंने कहा कि जब यात्री रेलवे सुरक्षा,किराया वृद्धि, सुविधाओं की कमी और भारतीय रेलवे द्वारा अपमानजनक व्यवहार जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं,तो स्थायी समिति के सदस्यों को ऐसे उपहार देना न केवल अनैतिक है, बल्कि यह सार्वजनिक हित से जुड़े मुद्दों पर सांसदों को चुप कराने की साजिश है!

उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों में स्वच्छता , कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन नहीं मिलता,उन्हें ठेके पर काम करने के लिए मजबूर किया जाता है और ठेकेदारों के हाथों परेशान किया जाता है !इसी तरह, आम लोगों को सामान्य और स्लीपर डिब्बों में गरिमा के साथ यात्रा करने की अनुमति नहीं है !गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नए ट्रेनें शुरू नहीं की जाती हैं,बल्कि वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है!

उन्होंने कहा कि मैं संसद सदस्य के रूप में इस तरह के उपहार पर नाराजगी और दुख व्यक्त करता हूँ और इसे वापस करता हूँ!

प्रेस कांफ्रेंस में सांसद सुदामा प्रसाद के साथ भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम मौजूद थे!

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा आरा लोकसभा के अगिआँव विधानसभा में अगिआँव मण्डल का किया गया बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भारतीय जनता पार्टी द्वारा आरा लोकसभा के अगिआँव विधानसभा में अगिआँव मण्डल और नोनउर मण्डल का संगठन पर्व 2024 की संयुक्त बैठक विशुन के गोला , अगिआँव अगिआँव - गड़हनी पथ में आयोजित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता अगिआँव मण्डल अध्यक्ष - रामाकांत चंद्रवंशी , संचालन अगिआँव मण्डल महामंत्री - कुन्दन कुमार कुशवाहा और धन्यवाद ज्ञापन - नोनउर मण्डल अध्यक्ष - वीर बहादुर सिंह ने किया । बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीन दयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और राष्ट्रीय गीत - वन्दे मातरम् गाकर किया गया।

इस बैठक में मुख्य अतिथियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के संगठन निर्माण एवं संगठन को और ज्यादा मजबूत करने , प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्य बनाने , सभी शक्तिकेन्द्र सहयोगी एवं प्रभारियों द्वारा प्रत्येक बूथ पर सक्रिय बूथ अध्यक्ष और प्रत्येक बूथ पर 2 सक्रिय सदस्य बनाने को कहा गया।

केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के कार्यों को भी विस्तार पूर्वक बतलाया गया।

संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए विशेष तौर पर कहा गया। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री , अगिआँव विधानसभा पूर्व विधायक एवं सासाराम लोकसभा प्रत्याशी - शिवेश कुमार , प्रदेश संयोजक नमो एप्प - रितेश रंजन , नोनउर मण्डल प्रभारी एवं पूर्व जिला महामंत्री - सूर्यकान्त पाण्डेय , अगिआँव मण्डल प्रभारी - राकेश रंजन उर्फ पुतुल , अगिआँव मण्डल अध्यक्ष - रामाकांत चंद्रवंशी , नोनउर मण्डल अध्यक्ष - वीर बहादुर सिंह , अगि अगिआँव मण्डल पूर्व अध्यक्ष - गजेन्द्र सिंह , अगिआँव मण्डल महामंत्री - कुन्दन कुमार कुशवाहा , जय किशोर सिंह , अगि अगिआँव भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष - सचिन कुमार सिंह , भाजयुमो जिला मंत्री - ऋषि सिंह , सोनू कुशवाहा , उमेश सिंह कुशवाहा , आशुतोष वर्मा , हरि शंकर सिंह , लवकुश सिंह , मृत्युंजय राय , संजय कुमार पाण्डेय , संजय कुमार गिरी , चाँद नरेश राय ,सम्राट अलख , मनोहर कुमार , अनूप कुमार , सियाराम सिंह , महेन्द्र शर्मा , नरेन्द्र कुमार सिंह , सुबोध कुमार , दीपू राय , पप्पू सिंह , अजीत सिंह , रामचन्द्र चौधरी , योगानंद घोष और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# एनजीओ की मनमानी के कारण बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है मध्याह्न भोजन

प्रातः किरण संवाददाता




परसा । एनजीओ के मनमानी रवैए के कारण सरकार द्वारा बच्चों को दी जाने वाली मध्यान भोजन मेनू के अनुसार बच्चों तक नहीं पहुंच रही है। वहीं विद्यालय के बच्चे को स्वास्थ्य के प्रति दिनोदिन चिंता सताए जा रही है नगर पंचायत परसा व प्रखंड के विद्यालयों में एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे मध्याह्न भोजन में मेनू नहीं पालन करने से छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है । शुक्रवार को प्रत्येक विद्यालय में मध्याह्न भोजन के दौरान बच्चों को अंडे के जगह केला देने से छात्र छात्राओं के अभिभावकों की चिंता सताए जा रही है । वहीं छात्र छात्राओं का आरोप है कि प्रतिदिन मध्यान भोजन में मेनू का पालन नहीं किया जाता है। प्राथमिक विद्यालय गौरीगवां,ब्रह्मपुर, खेमडीह मारर बालक, बभनगावा, के अलावे नसूचक,महमदपुर सैदपुर,सरैया, आदि पोझी,परसा,सहित दर्जनों विद्यालय में एनजीओ द्वारा अंडे के जगह केला दिया गया । जिसे देख बच्चे सर्दी के दिनों में केला खाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक समझा और इसकी जानकारी अपने अभिभावकों को भी दी। प्रधानाध्यापक कृष्णा राम,सत्येंद्र कुमार,उपेन्द्र कुमार,विजय राय,सुरेश सिंह,विवेक कुमार,अजय कुमार,दीक्षा मिश्रा,आशा कुमारी,माया देवी,सुनीता कुमारी,पूनम कुमारी,अनिल कुमार,संजय कुमार, हरेंद्र कुमार, आदि ने बताया कि एनजीओ द्वारा मध्यान भोजन में पिछले डेढ़ माह से प्रत्येक शुक्रवार को अंडे की जगह बच्चों को केला दिया जाता है ।गर्मी के दिनों में बच्चों को कोई दिक्कत नहीं था लेकिन सर्दी के मौसम में बच्चे केला खाना नहीं चाहते है। वहीं यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी हो सकता है। विद्यालय के छात्र छात्राओं के शिकायत पर विद्यालय प्रभारी का आरोप है कि पिछले दो बार भी मध्याह्न भोजन में मेनू, व गुणवत्ता को लेकर एमडीएम प्रभारी व बीईओ से शिकायत की गई थी लेकिन इसका कोई असर नहीं दिखा ।

बताते चले कि बाल विकास सेवा संस्थान परसा (एनजीओ) द्वारा 125विद्यालयों में प्रखंड क्षेत्र के 94 व नगर पंचायत परसा के कुल 31प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में मध्यान भोजन संचालित किया जाता है । लेकिन भोजन में गुणवत्ता व मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध नहीं कराए जाने से छात्र छात्राओं के बीच कई तरह की चचाएं जारी है।

एमडीएम प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि विद्यालय के कई प्रधानाध्यापक से एनजीओ द्वारा मध्यान भोजन में सिर्फ केला देने की शिकायत मिली है जबकि अंडा और मौसमी फल देने का मेनू में है ।प्रधानाध्यापक से मिली शिकायत को लेकर जिला पदाधिकारी को सूचित किया जाएगा । वहीं बीईओ युगल किशोर ने चुनाव कार्य में व्यस्तता दिखाते हुए बताया कि मध्यान भोजन मेनू में शिकायत मिलने पर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया जाएगा।

## कथा वाचन की हुई शुरूआत

# एक रेल की तरह है जीवन:महाराज जी

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की शुरूआत कथा वाचक श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी डॉ इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज जी के द्वारा ईश्वर वंदना के साथ कथा वाचन की शुरूआत की गई, कथा वाचन में उन्होंने सबसे पहले बताया कि जीवन एक रेल की तरह है और संसार एक स्टेशन इस स्टेशन रुपी संसार में गाड़ी ज्यादा देर तक नहीं रुकती , इसलिए आदमी इस दुनिया में जब तक मोह करता

है ,जब तक उसका स्वार्थ है और ऐसे में उसका कल्याण नहीं है। आदमी के जीवन में ऐसा काम करना चाहिए जिससे दूसरों का जीवन आनंदित हो। दूसरों के जीवन में उसके द्वारा आनंद होता रहे तो उसका जीवन आनंदित हो जाएगा। इस क्रम में महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के गीता के महत्व पर प्रकाश डाला । उन्होंने कई भगवान का उदाहरण भी दिया, जो आदमी के लिए भगवान ने बनाया नहीं है उसको आदमी भोग रहा है ।

उन्होंने कबीर जी का उदाहरण देकर कि बुरा जो देखन मैं चला बुरा ना देखिए कोई जब खुद को देखा तो मुझसे बुरा ना कोई। बुरी संगत से बचना चाहिए बुरी आदतों से बचना चाहिए औलाद को अगर वास्तविक चाहते हैं तो पहले अपने को वास्तविक होना होगा। उन्होंने एक भजन गाकर लोगों का मार्गदर्शन किया ।खिलौना समझकर तो भाई से ना खेल चली जा रही जीवन की रेल इस तरह के भजन गाकर के लोगों का मार्गदर्शन किया । खिलौना समझ कर तू न खेल पड़ता है इसमें कर्मों का तेल खिलौना समझकर तो जीवन से ना खेल, भगवान के भक्ति में दिन होने का उन्होंने उपाय सुझाया। सुखदेव जी ने राजा परीक्षित भगवान में लीन होने के लिए भगवान में समर्पित होने का उपाय- ध्यान न्यास - त्याग । इस तरह से भगवान में लीन हो जाना चाहिए, राजा परीक्षित को भगवान सुखदेव ने सुझाया तुम नियम पूर्वक भगवान का भजन सुमिरन करो। राजा परीक्षित ने जब भगवान सुखदेव से प्रश्न किया कि जिसकी मृत्यु सामने हो वह जानता हो कि उसकी मृत्यु कब होना है कि उसका उद्धार कैसे हो।

भगवान सुखदेव जी ने उनको बताया भगवान का ध्यान भजन करने से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है, और मैं एक उदाहरण दिया धन खर्च करोगे तो अगले जन्म में धन मिलेगा धन जोर-जोर कर रखोगे तो अगले जन्म धन की प्राप्ति, साथ ही उन्होंने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला ।

गुरु से भगवान राम के रूप में हमें मयार्दापुरुषोत्तम मिले, साथ ही विद्यार्थी सन्यासी भगत के लक्षण के बारे में बताया, गृह त्यागी स्वान निद्रा अल्पाहारी काग चेष्टा बको ध्यानं। इसी क्रम में एक और भजन गाकर लोगों का मार्गदर्शन किया।

जब होवे सच्चा प्यार क्यों ना मिले की ना कन्हैया क्यों ना मिले सच्चा प्यार कन्हैया भजन चंचल मन को तुम समझ ले हरि चरणों में प्रीत लगा ले गाकर लोगों को झूमा दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भरत सिंह जितेंद्र सिंह, शैलेंद्र सेंगर, धर्मेन्द्र साह, सुशील सिंह, चरण दास ,विजय मिश्रा इत्यादि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सक्षमता परीक्षा उत्तीर्णता की तिथि से मिले राज्य कर्मी का दर्जा

सासाराम(रोहतास) : परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार, प्रदेश कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार से मांग की है कि राज्य के विशिष्ट शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा सक्षमता परीक्षा उत्तीर्णता की तिथि से दिया जाय। इसके अलावा राज्य कर्मी हेतु विभाग जल्द अधिसूचना जारी करे। शिक्षक नेताओं ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि राज्य के नियोजित शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा पास कर अपनी दक्षता को प्रदर्शित किया है। सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षक पिछले एक वर्ष से राज्य कर्मी होने की बाट जोह रहे हैं। पिछले एक वर्ष से राज्य कर्मी नहीं होने की वजह से उन्हें आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है। औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बावजूद अब तक सरकार के द्वारा इन्हें राज्य कर्मी बनाने हेतु अधिसूचना जारी नहीं की गई है ।प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कहा कि राज्य के नियोजित शिक्षक पूरी निष्ठा ,लगन, ईमानदारी और कर्मठता से अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में इन्हें विशेष लाभ दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने सरकार से मांग किया की सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण होने की तिथि से इन्हें राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाए और इस हेतु शीघ्र अधिसूचना जारी की जाय।

# तरैया मछली बाजार से बाइक चोरी पुलिस ने किया प्राथमिकी दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के तरैया बाजार से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर डुमरी निवासी अनुराग कुमार महतो ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है ।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मैं 22 नवंबर को 2:00 बजे दिन में तरैया बाजार पर सामान खरीदने आया था तथा अपना मोटरसाइकिल आई स्मार्ट गाड़ी नंबर बीआर 295 2337 मछली बाजार में लगाकर समाज खरीदने चला गया ।कुछ देर बाद बाजार से सामान खरीद कर वापस आया तो देखा कि मेरा मोटरसाइकिल नहीं है ।काफी खोजबीन करने के बाद भी गाड़ी नहीं मिला ।यह मोटरसाइकिल मेरे पिता अनिल महतो के नाम से है ।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सीएस ने अस्पताल में आयोजित परिवार नियोजन मेला का किया उद्घाटन

समस्तीपुर। सदर अस्पताल के ओपीडी में शुक्रवार को परिवार नियोजन मेला का सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी ने उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि 18 नवंबर से 30 नवंबर के बीच पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की आबादी काफी बढ़ गई है। आज भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। चीन, अपनी बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में सफल रहा है। हमलोगों को भी देश की बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करना है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन न सिर्फ जनसंख्या नियंत्रण का साधन है, बल्कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है। परिवार नियोजन न केवल बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि गरीबी उन्मूलन और लैंगिक समानता को बढ़ावा देकर समाज को सशक्त बनाता है। मेले में विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों ने दंपतियों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों की जानकारी दी। इस मौके पर कंडोम और गर्भनिरोधक गोलियां, कॉपर-टी और अंतरा इंजेक्शन और महिला व पुरुष नसबंदी के बारे में बताया गया। इस दौरान सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल के डीएस डॉ गिरीश को उनके अच्छे काम के लिए सम्मानित किया। सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी ने कहा कि परिवार नियोजन के माध्यम से मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। जिससे स्वस्थ और शिक्षित पीढ़ी का निर्माण होता है। सिविल सर्जन ने पुरुष नसबंदी पखवाड़े के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित और आसान प्रक्रिया है। यह केवल परिवार नियोजन का साधन नहीं, बल्कि जिम्मेदार पति और पिता होने का प्रतीक है। समाज में इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े के तहत सदर अस्पताल में 40 और पूरे जिले में 240 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य रखा गया है। जिसे पूरा करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर सदर अस्पताल के डीएस डॉ गिरीश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ विश्वजीत रामानंद व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। वहीं परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आशा कर्मियों को सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# कंसी में दुर्गा मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण का विरोध करने पर ईट से किया जान लेवा हमला

सिंहवाड़ा(दरभंगा) ।सिमरी थाना क्षेत्र के कंसी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की 4कटहा सरकारी जमीन के खाली जगह को अतिक्रमण करने के उद्देश्य से दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने हरवे हथियार से दुर्गा मंदिर के समीप पहुंचकर अवैध कब्जा का विरोध करने पर ईंट पत्थर से हमला कर मारपीट की ।स्वास्थ्य केन्द्र सिंहवाड़ा में इलाजरत जख्मी मनोज मिश्र ने घटना को लेकर दर्ज प्राथमिकी में आरोपित 13लोगों में जितेन्द्र चौधरी उर्फ सिंटू, देवेन्द्र चौधरी,सुनील चौधरी,मोहन चौधरी,रौशन चौधरी,प्रवीण चौधरी,केवल चौधरी,बालाजी चौधरी, मदन चौधरी,प्रकाश चौधरी हरेराम ,सुजीत चौधरी,गुड्डू चौधरी,सोहन चौधरी,शामिल थे ।अंकित कांड में कहा है कि उपरोक्त सभी लोग नारे बाजी कर कहा कि दुर्गा माता को नहीं मानते हैं ।इस खाली जगह को अतिक्रमण करना है ।इस बीच मनोज मिश्र बगल के पोखर में पानी पिला रहा था जब विरोध किया तो सभी लोग मिलकर लात मुक्का से मारने लगा ।प्रवीण चौधरी बोला कि देख क्या रहा है जान मारने की नियत हरे राम चौधरी ने बगल में फेंका ईंट उठा कर मेरे माथे को लहुलुहान कर दिया ।नामजद सभी दबंग प्रवति के आदमी हैं ।थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने आवेदन के आलोक में केस दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया है।

# एक समान्य सदस्य का नामांकन रद्द

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने पैक्स चुनाव को लेकर विभिन्न पंचायत से किए गए नामांकन की जांचों उपरांत शुक्रवार को बताया कि रतवारा पंचायत के सामान्य सदस्य पद के लिए किए गए नामांकन मोहम्मद अरमान का नामांकन रद्द किया गया। इसका कारण बताया गया कि वे सदस्य थे। जो नियम के विरुद्ध है। जहां-जहां पैक्स का चुनाव होना है।

# बिक्रम के दानाड़ा में भाकपा माले की दो दिवसीय बैठक शुरू, कॉमरेड अमर व विधायक संदीप सौरभ सहित अन्य हुए शामिल

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/ बिक्रम । गोपाल विद्यार्थी भाकपा माले पटना जिला कमेटी की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को विक्रम के दानाड़ा में शुरू हुई बैठक में अब तक गुजर गए पार्टी सदस्यों के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले के पोलित ब्युरोसदस्य सह जिला सचिव कामरेड अमर ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में अडानी पर मामला दर्ज करें भारत के सर्वोच्च न्यायालय को अमेरिका में अडानी रिश्वतखोरी की आरोपों का स्वतं : संज्ञान लेना चाहिए भाजपा के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ जनपहलकदमी तेज करते हुए पार्टी नवीकरण व सदस्यता भारती के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दें हक दो बादा अभियान और बदलो बिहार में न्याय यात्रा की रिपोर्ट व समीक्षा पर चर्चा शुरू पदयात्रा के दौरान उठे जन मुद्दों को लेकर जैसे नीतीश सरकार द्वारा महिला संवाद का दिखावा करके जीविका आशा आंगनबाड़ी रसोईया के मानदेय मजदूरी व उनके हक अधिकारों से लगातार भगाने का काम कर रही है और योगी के बुलडोजर राज के नक्शे कदम पर नीतीश सरकार बढ रही है चाहे पटना जिला में किसानों की जमीन का अधिग्रहण मुआवजा व खेती योग्य भूमि बनाने का सवाल पर नीतीश की नौकरशाही पूरी तरह से कंपनियों के पक्ष में खड़ी है और गरीबों के घरों पर लगातार बुलडोजर चला कर भूमि सर्वे के नाम पर उजाडने का कवायद चला रहा है वही जिले में पार्टी से सदस्यता नवीकरण और सदस्यता भर्ती के लिए सभी प्रखंड में ब्रांच सचिव और ब्रांच लीडिंग सदस्यों की जीबी बैठक के आयोजित कर पार्टी के संगठनिक ढांचे का पुनर्गठन व नवीकरण करने पार्टी पत्रिका को बड़े दायरे में ले जाने और जन संगठनों के कार्यभार अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक के साथ गरीबों और मजदूर किसानों को 200 यूनिट फ्री बिजली देने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण से आए महा गरीबों के लिए 200000 देने में बरती जा रही शिथिलता और गरीबों को वास आवास की गारंटी करने 65% आरक्षण की मुद्दों को संसद से पास करके संविधान की नवमी अनुसूची में डालने और बिहार को विशेष राज्य के दर्जा सहित बाढ सुखाड के स्थाई समस्या के समाधान किसानों को अनाज की न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने और मंडी व्यवस्था को चालू करने सहित खाद बीज की हो रही कटौती के खिलाफ आंदोलन के मुद्दे होंगे साथ ही साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी में ली जाने वाली पहल कदर्मियों पर भी विचार विमर्श किया उसके साथ ही साथ 26 नवंबर से 26 जनवरी तक संविधान और गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ बनाने के लिए संविधान अभियान चलाएंगे और उसकी प्रस्तावना के लोकप्रिय करण के रूप में संविधान की प्रस्तावना का आह्वान पत्र एक महीने के कार्यभार के तहत अभियान चलेंगे उक्त बैठक में भाकपा माले के केंद्रीय कमेटी के सदस्य पालीगंज के विधायक आदि थे

# श्रीराम और कृष्ण कथा पर आधारित रमा दास के कत्थक नृत्य से मन्त्रमुग्ध हुए दर्शक

प्रातः किरण संवाददाता



पटना । कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित ऐतिहासिक हरिहर क्षेत्र महोत्सव में लब्ध प्रतिष्ठित कत्थक नृत्यांगना डॉ रमा दास ने श्रीराम और कृष्ण कथा पर आधारित कत्थक नृत्य से दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राम और कृष्ण पर अनेक साहित्यकारों की एक से एक रचनाएँ प्रस्तुत की और उनकी छवियों को हस्तक -मुद्राओं से उकेरा।

बिहार सरकार द्वारा प्रदत्त अंबपाली पुरस्कार तथा चंडीगढ विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए लाइफटाइम अचीवमेंट एवार्ड से पुरस्कृत डॉ रमा दास बिहार की वरिष्ठ कत्थक नृत्यांगना हैं। इन्होंने 70के दशक में अपनी नृत्य यात्रा शुरू की थी और जीवन का पहला ही कार्यक्रम पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हौल मे आयोजित पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर जयंती समारोह से किया था, जिसमें इन्होंने संयुक्ता पाणिग्रही, यामिनी कृष्णमूर्ति और किशोरी अमोणकर सरीखे कलाकारों के साथ मंच साझा किया था। इन्होने बिहार के सभी प्रतिष्ठित महोत्सवों, राजगीर महोत्सव, वैशाली महोत्सव, बुद्ध महोत्सव, विश्वामित्र महोत्सव, विक्रमशिला महोत्सव तथा बिहार महोत्सव के साथ ही देश भर के सभी प्रतिष्ठित महोत्सवों में अपने शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन से बिहार के लिए प्रशंसा बटोरी है। दूरदर्शन पटना केन्द्र के शास्त्रीय नृत्य ऑडिशन बोर्ड की जूरी मेंम्बर रही हैं तथा प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद, चंडीगढ विश्वविद्यालय तथा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ की नृत्य परीक्षक भी रही हैं। दूरदर्शन के साथ ही फिल्मो से भी इनका जुडाव रहा है। बिहार सरकार द्वारा निर्मित हिन्दी फिल्म विद्यापति में इन्होंने महाराज शिवसिंह के राज दरबार की राजनर्तकी की भूमिका भी निभाई थी।

डॉ रमा दास ने अपने कार्यक्रम के आरंभ में कहा कि हरिहर क्षेत्र महोत्सव में मेरा यह पहला कार्यक्रम है। यह एक ऐतिहासिक भूमि है और इस आध्यात्मिक नगरी में आकर मुझे बहुत ही अच्छा लग रहा है। आशा है यहां मुझे सभी का स्नेह मिलेगा।

डॉ रमा दास ने कहा कि वे वर्षो से गज-ग्राह से जुड़ी कथा अपने कत्थक नृत्य के माध्यम से करती आ रही हैं। मीराबाई की रचना हरि तुम हरो जन की पीर...डूबतो गजराज राख्यो, कियो बाहर नीर उनके कत्थक प्रस्तुतिकरण का मुख्य हिस्सा रहा है और आज उसी भूमि पर कार्यक्रम करना सौभाग्य की बात है ।उन्होंने अपने नृत्य का आरंभ गणेश वंदना, हे गजवदना, वक्रतुण्ड महाकाय से किया जिसे उन्होने अपनी शिष्याओं संग प्रस्तुत किया। इसके बाद श्रीराम और कृष्ण पर आधारित रचनाएं, सखि मेरो मार्ग रोक्यो कान्हा प्रस्तुत किया। इसके बाद कत्थक का एक सुदर अंग, तराना प्रस्तुत किया और कार्यक्रम का समापन श्री राम पर आधारित एक रचना, कष्टहरण तेरी नाम राम हो कमलनयन वाले राम से की। इस रचना में सुंदर मुद्राओं और भाव भंगिमाओं के साथ साथ-साथ जो अभिनय किया उन्होंने, वह दर्शकों को भाव विभोर कर गया। श्री राम के व्यक्तित्व के अनेक पक्षों को दिखाती उनकी कई छवियां प्रस्तुत की डॉ रमा ने। हर छवि की अलग मुद्रा और अलग भाव भंगिमा थी जो दर्शको को बहुत देर तक मन्त्रमुग्ध किए रहीं ।डॉ रमा दास के साथ थी इनकी शिष्याएं, रिमझिम कुमारी, सांची सेजल, रिया और राजलक्ष्मी ।कार्यक्रम के दौरान सभागार में दर्शकों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। इस दौरान कला संस्कृति तथा युवा विभाग, पर्यटन विभाग, तथा अन्य कई विभागों के अधिकारी वहां मौजूद रहे।



# भारतीय तेज गेंदबाज चमके

## ऑस्ट्रेलिया को दिया मुंहतोड़ जवाब



67 रन के स्कोर पर झटके 7 विकेट, 83 रन की बढ़त बाकी

जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लिए

**पर्थ (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ स्टेडियम में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का पहला मैच पर्थ स्टेडियम में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 7 विकेट गंवाकर 67 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया अभी 83 रन से पीछे है। जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट अपने नाम किए जिसमें दोनों ओपनरों उस्मान ख्वाजा (8), नाथन मैकस्वीनी (10), चौथे नम्बर पर उतरे स्टीव स्मिथ (0) और पैट कमिंस (3) का का विकेट शामिल था। एक विकेट हर्षित राणा के नाम रहा जिन्होंने ट्रेविस हेड को 11 रन पर अपना शिकार बनाया। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट अपने नाम किए जिसमें मिशेल मार्श (6) और मार्नस लाबुशाने (2) शामिल थे।

इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और जोश हेजलवुड के चार विकेटों की बदौलत भारतीय टीम पहली पारी में 150 रन पर ढेर हो गई। ऋषभ पंत और नीतिश कुमार रेड्डी ने क्रमशः 37 और 41 रन की पारियां खेली जो सबसे बड़ी थी जबकि ओपनिंग पूरी तरह से विफल रहा।

**जसप्रीत बुमराह ने कमिंस सेना में मचाई खलबली -** भारतीय टीम के कप्तान जसप्रीत बमुराह ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर ला दिया है। उन्होंने 4 विकेट झटके और दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया 67 रन पर 7 विकेट गंवा चुका है। बैटिंग करने उतरी मेजबान टीम में जसप्रीत बुमराह ने अपनी कहर बरपाती गेंदों से खलबली मचा दी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 4 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट झटके, जबकि डेब्यू स्टार हर्षित राणा के खाते में एक विकेट गया।

**भारतीय बल्लेबाजों का फ्लॉप शो जारी, 150 रनों पर ढेर-** इससे पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने के बाद भारतीय बल्लेबाजों का फ्लॉप शो एक बार फिर जारी रहा और पदार्पण करने वाले नीतीश रेड्डी 41 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोरर रहे। नीतीश रेड्डी ने अपने पहले ही टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ढहती हुई भारतीय पारी को तीन अंकों तक पहुंचाने में केंद्रीय भूमिका निभाई और 59 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्का लगाते हुए 41 रन बनाए। रेड्डी नंबर 8 पर या उससे नीचे के क्रम पर खेलकर भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर करने वाले 9वें बल्लेबाज हैं। रेड्डी के अलावा ऋषभ पंत दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे जिन्होंने 78 गेंदों पर 37 रनों की पारी खेली। इसके अलावा केएल राहुल ने 26 रन बनाए। बाकी बल्लेबाजों ने कुछ खास नहीं किया और भारतीय क्रिकेट टीम 150 रनों पर ही ढेर हो गई। यह 9वीं बार है जब भारतीय टीम विदेशी धरती पर टेस्ट सीरीज के पहले दिन ऑल-आउट हुई है। हालांकि इस बार भारत ने इन 9 मौकों पर सबसे कम ओवर (49.4) खेले हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पांच टेस्ट मैचों की है। इससे पहले भारत ने पिछले दो ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर कंगारूओं को उनकी ही धरती पर 2-1 से हराने में कामयाबी हासिल की थी। हालांकि इस बार भारत अपने टॉप खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी या उनकी खराब फॉर्म से जूझ रहा है। रोहित शर्मा निजी कारणों से बाहर हैं, विराट कोहली की फॉर्म बहुत अच्छी नहीं है और मोहम्मद शमी की वापसी भी समय से नहीं हो पाई है।

# विराट कोहली ने नाम शर्मनाक रिकॉर्ड हुआ दर्ज



**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय साबित हो रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू सीरीज में फ्लॉप रहने के बाद भारत को अपने पूर्व कप्तान से काफी उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया में कोहली का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। इसी बीच पर्थ टेस्ट मैच की पहली पारी में विराट ने टीम और अपने फैंस को निराश ही किया है।

विराट कोहली ने 12 गेंदों पर 5 रनों की पारी खेली और हेजलवुड की गेंद पर उस्मान ख्वाजा की गेंद पर आउट हो गए। इस तरह उनकी खराब फॉर्म में एक और कड़ी जुड़ गई है। इसके अलावा कोहली ने भारतीय गेंदबाजी के दौरान कैच भी छोड़ दिया। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर विराट कोहली ने मार्नश लाबुशेन का आसान कैच ड्रॉप कर दिया।

इस शानदार गेंद पर मार्नस लाबुशेन के बल्ले का किनारा निकला, जिस पर कोहली ने ज्यादा मूवमेंट नहीं की और कैच पकड़ने की जल्दबाजी में गेंद को ड्रॉप कर बैठे। विराट आमतौर पर बढ़िया क्षेत्ररक्षक माने जाते हैं लेकिन साल 2011 से अब तक कम से कम 100 मौके हासिल करने वाले खिलाड़ियों में कोहली का कैच ड्रॉप करने का प्रतिशत काफी ज्यादा है। यह आंकड़ा कोहली की कैच पकड़ने की क्षमता पर सवाल भी खड़े करता है।

# केएल राहुल के विवादास्पद आउट पर बवाल

## पूर्व खिलाड़ियों ने थर्ड अंपायर पर उठाए सवाल

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को विकेट के पीछे कैच आउट दिए जाने के फैसले से विवाद खड़ा हो गया है और दोनों देशों के पूर्व क्रिकेटरों ने मैदानी अंपायर के 'नॉट आउट' के फैसले को बदलने वाले तीसरे अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए हैं। मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबरो ने राहुल के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन मेजबान टीम ने डीआरएस लिया।

तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने 'स्प्लिट स्क्रीन व्यू' देखे बिना यह फैसला बदल दिया। लंच से ठीक दस मिनट पहले यह सब हुआ और भारत ने चार विकेट 51 रन पर गंवा दिए। राहुल ने 74 गेंद में 26 रन बनाए और यह संकेत भी दिया कि गेंद के किनारे से गुजरने के समय उनका बल्ला पैड पर लगा था। राहुल हताशा में सिर हिलाते हुए मैदान से चले गए। फॉक्स क्रिकेट के लिए कमेंट्री कर रहे भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि मैदानी अंपायर का फैसला बदलने के लिए तीसरे अंपायर के पास पर्याप्त सबूत नहीं थे।

शास्त्री ने कहा, 'मेरी शुरूआती प्रतिक्रिया थी कि क्या तीसरे अंपायर के पास पर्याप्त सबूत थे जो उन्होंने मैदानी अंपायर का फैसला बदल दिया। मैदानी अंपायर ने उसे नॉट आउट दिया था। मुझे नहीं लगता कि यह फैसला बदलने के लिए पर्याप्त कारण थे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने स्वीकार किया कि तीसरे अंपायर का फैसला विवादास्पद है। उन्होंने कहा, 'यह विवादास्पद है। स्निकोमीटर पर स्पाइक था लेकिन यह नहीं पता कि वह बल्ले से गेंद टकराने का था या बल्ले से पैड टकराने का। आप देख सकते हैं कि बल्ला पैड पर लग रहा है। मेरे दिमाग में इसे लेकर संदेह है। इस फैसले को 100 फीसदी सही नहीं ठहराया जा सकता। निराशाजनक तो यह है कि तकनीक सही फैसले लेने के लिए है।




आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा, 'राहुल का पैड और बल्ला गेंद के गुजरने के समय साथ में नहीं है। गेंद के किनारे से गुजरने के बाद बल्ला पैड से टकराया है। स्निको ने शायद वही आवाज पकड़ी है। हमें लग रहा है कि स्निको ने बल्ले से गेंद के टकराने की आवाज पकड़ी है लेकिन शायद ऐसा नहीं है।

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा, 'यह काफी साहसिक फैसला है चूंकि हमने देखा है कि क्या हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि केएल राहुल को इसे स्वीकार करना होगा हालांकि वह खुश नहीं होगा।% भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने ट्वीट किया, 'थर्ड अंपायर ने एक और एंगल मांगा था जो नहीं दिया गया। अगर उन्हें यकीन नहीं था तो उन्होंने मैदानी अंपायर का फैसला क्यो बदला। तकनीक का खराब इस्तेमाल और सही प्रोटोकॉल का अनुसरण नहीं किया गया।

### केएल राहुल ने पर्थ में हासिल की बड़ी उपलब्धि, टेस्ट क्रिकेट में बनाए 3,000 रन

भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने गुरुवार को 3,000 टेस्ट रन पूरे किए। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। पहली पारी के दौरान केएल ने 74 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 26 रनों की छोटी लेकिन धैर्यपूर्ण पारी खेली। हालांकि एक विवादास्पद फैसले के कारण उनकी पारी छोटी हो गई। मिशेल स्टार्क ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट होने के बाद केएल राहुल ने विकेट गंवाया। हालांकि सवाल यह था कि स्निकोमीटर में आवाज गेंद के बल्ले से टकराने या उनके बल्ले के पैड से टकराने के कारण आई थी। तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने उन्हें आउट करार दिया, क्योंकि गेंद उनके बल्ले से लगी थी। केएल ने 54 मैचों में 92 पारियों में 8 शतक और 15 अर्द्धशतक के साथ 33.78 की औसत से 3,007 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 199 है। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में उनके बेहतरीन शतकों ने उन्हें विदेशी परिस्थितियों में एक विश्वसनीय विकल्प बना दिया है, लेकिन उनके असंगत प्रदर्शन ने अक्सर उनके खिलाफ हालात बना दिए हैं। यह साल उनके लिए टेस्ट में उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें उन्होंने छह मैचों और 9 पारियों में 32.50 की औसत से 260 रन बनाए हैं। उन्होंने दो अर्द्धशतक बनाए

आईपीएल 2025

# 14 मार्च से शुरु होगा, फाइनल 25 मई को खेला जाएगा



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरु होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल में आईपीएल के तीन सत्रों के लिए घोषित तारीखों के बारे में बताया गया है। घोषणा के अनुसार टूर्नामेंट का अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं 2026 का सत्र 15 मार्च से 31 मई तक चलेगा। जबकि 2027 का सत्र 14 मार्च से 30 मई तक होगा। घोषणा के अनुसार पिछले सत्र की तरह 2025 सत्र में 74 मैच होंगे। हालांकि यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से 10 कम है। नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज में आईपीएल ने हर सत्र में मैचों की अलग-अलग संख्या का वर्णन किया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस अनुबंध के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाने का जिक्र था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने सभी खिलाड़ियों अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों को 2025 सत्र में खेलने की मंजूरी दे दी है।
इसके अलावा अधिकतर पूर्ण सदस्य देश इंग्लैंड, श्रीलंका बंगलादेश, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के क्रिकेट बोडर ने अपने खिलाड़ियों को अगले तीन सत्र के लिए आईपीएल में खेलने की अनुमति दे दी है।

# 'उनके जैसे और प्रधानमंत्री चाहिए' : क्लाइव लॉयड

### विश्व कप विजेता कप्तान ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद जाहिर की खुशी

**जॉर्जटाउन (गुयाना) (एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर क्लाइव लॉयड नेजॉर्जटाउन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद अपनी खुशी जाहिर की। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी के प्रयासों की सराहना की और उनके जैसे और नेताओं की जरूरत पर जोर दिया।

गुयाना के प्रमुख क्रिकेटरों ने गुरुवार को पीएम मोदी से मुलाकात की और 'सुखद बातचीत' की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, क्रिकेट के जरिए जुड़ाव! गुयाना के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ सुखद बातचीत। इस खेल ने हमारे देशों को करीब लाया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को गहरा किया है।



1966-85 तक वेस्टइंडीज के लिए 110 टेस्ट खेलने वाले लॉयड ने भारत में अपने 11 खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए भारत को धन्यवाद दिया और खेल के लिए पीएम मोदी के समर्थन से प्रभावित हुए। लॉयड ने पीएम मोदी के साथ अपनी बैठक के बारे में कहा, हमारी अच्छी चर्चा हुई। मुझे लगता है कि हमारे 11 खिलाड़ी अब भारत में प्रशिक्षण लेंगे। इसलिए, यह उनका बहुत अच्छा निर्णय रहा है। हम इसके लिए उनके आभारी हैं... उन्हें क्रिकेट में रुचि है और यह बहुत अच्छी बात है। वे क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि उनके जैसे और प्रधानमंत्री हों।

बैठक में शामिल वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर एल्विन कालीचरण, पीएम मोदी के क्रिकेट के गहन ज्ञान से आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा, भारत में हर कोई क्रिकेट जानता है। लेकिन उनका ज्ञान विशेष है क्योंकि उन्हें पता है कि हम कब भारत गए थे। वे हमें हमारे नाम पहले से जानते हैं। आज प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलना जादुई है। जुड़ाव जबरदस्त है। हमारे युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने में जिस तरह की मदद प्रधानमंत्री और भारत की ओर से मिली है, वह बहुत दयालुतापूर्ण है।

पीएम मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे चरण में गुयाना पहुंचे। यह 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में कैरेबियाई साझेदार देशों के नेताओं के साथ भी शामिल हुए।

# जोफ्रा आर्चर आईपीएल मेगा ऑक्शन में शामिल होंगे, शॉर्टलिस्ट से रखा गया था बाहर



**लंदन (एजेंसी)।** जोफ्रा आर्चर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में शामिल होंगे क्योंकि शुरुआत में उन्हें शॉर्टलिस्ट से बाहर रखा गया था। रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज को लॉन्गलिस्ट में शामिल किया गया था, लेकिन फिर पिछले सप्ताह नीलामी के लिए प्रकाशित 574 नामों में उनका नाम शामिल नहीं था। यह स्पष्ट नहीं है कि आर्चर ने नाम वापस क्यों लिया, हालांकि ऐसा लगता है कि अगर वह 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब में नीलामी का हिस्सा नहीं होते तो उनके भविष्य की आईपीएल संभावनाओं को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति होती। नए नियमों के अनुसार कोई भी खिलाड़ी जो पहले आईपीएल में खेल चुका है, जैसे कि आर्चर, अगर वह नीलामी में शामिल नहीं होता तो दो साल के लिए प्रतियोगिता से बाहर हो जाता। 29 वर्षीय आर्चर ने 2020 से ही चोटों से लंबी लड़ाई लड़ी है, लेकिन पिछली गर्मियों में कोहनी की समस्या से जूझने के बाद से इंग्लैंड ने उनका सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया है। वह मई से इंग्लैंड की सफेद गेंद वाली टीम का लगातार हिस्सा रहे हैं और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की इच्छा जताई है, उन्होंने लगभग चार साल तक सबसे लंबे प्रारूप में नहीं खेला है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टर को दिखाया ही नहीं, व्हाट्सएप ग्रुप पर पूछकर कराई पत्नी की डिलीवरी

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई में एक कपल की ओर से अपने बच्चे की पैदाइश घर पर कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बात यहां तक बढ़ गई कि पुलिस को इस केस की जांच करनी पड़ी। आरोप है कि दंपति ने डॉक्टर की सलाह लिए बिना अपने शिशु की घर पर डिलीवरी कराई। इस दौरान दोनों करीब 1,000 से अधिक लोगों वाले व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े रहे। इन लोगों ने जोड़े को जैसा निर्देश दिया, वे वैसा ही करते गए। सोशल मीडिया पर इस घटना की खूब चर्चा हो रही है और दंपति के इस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय मनोहरन और उनकी 32 वर्षीय पत्नी सुकन्या होम बर्थ एक्सपीरियंस नाम के व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा हैं। यह ग्रुप ऐसे सदस्यों से भरा पड़ा है जिन्होंने घर पर बच्चे को जन्म देने संबंधी सलाह पोस्ट की है। इस कपल ने अपने तीसरे बच्चे को जन्म देने में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सहारा लिया। इनकी पहले से ही 2 बेटियां हैं, जिनकी उम्र कमशः 8 साल की और 4 साल है। सुकन्या जब तीसरे बच्चे के साथ गर्भवती हुई, तो उन्होंने मेडिकल जांच नहीं कराने का फैसला लिया। हैरान करने वाली बात है कि पूरी गर्भावस्था के दौरान कोई जांच नहीं कराई गई। 17 नवंबर को सुकन्या को प्रसव पीड़ा हुई। इस स्थिति में दंपति ने अस्पताल जाने के बजाय व्हाट्सएप ग्रुप का सहारा लिया। कहा जा रहा है कि मनोहरन ने डिलीवरी खुद ही संभाली। बच्चे का जन्म हुआ और साथ ही इंटरनेट पर इसकी खूब चर्चा भी होने लगी। इसके बाद पब्लिक हेल्थ ऑफिसर ने कुंद्राथुर पुलिस स्टेशन में दंपति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि मनोहरन ने जो किया है, उससे निर्धारित चिकित्सा सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ है। इन शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मनोहरन से पूछताछ की।

### सीएम के काफिले के सामने काले झंडे दिखाना अवैध नहीं, विरोध करने का तीराकाः हाईकोर्ट

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल की वाम सरकार को झटका देते हुए यहां उच्च न्यायालय ने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले के समक्ष काले झंडे लहराना कोई गैरकानूनी कृत्य नहीं है और यह मानहानि के समान नहीं है। न्यायमूर्ति बी कुरियन थॉमस का फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले साल राज्य सरकार के जनसंपर्क कार्यक्रम 'नव केरल सदास' के दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को काले झंडे दिखाने के लिए कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। न्यायमूर्ति थॉमस ने कहा, ''हालांकि दृष्टिगोचर होने वाले संकेत किसी व्यक्ति को बदनाम करने का एक तरीका हो सकते हैं, फिर भी किसी व्यक्ति को काला झंडा दिखाना या लहराना मानहानि नहीं हो सकता है और न ही यह एक अवैध कृत्य है।'' अदालत ने यह फैसला 2017 में यहां के पास उत्तरी परवूर से गुजर रहे विजयन के काफिले के आगे काले झंडे लहराने के लिए तीन व्यक्तियों के खिलाफ अंतिम रिपोर्ट को रद्द करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि आम तौर पर काला झंडा लहराना विरोध दर्शाने का संकेत है और जब तक इसे प्रतिबंधित करने वाला कोई कानून नहीं बनाया जाता तब तक ऐसा आचरण मानहानि के अपराध के दायरे में नहीं आता।

### झूठी शिकायतें भी दर्ज की जाती हैं, यदि वे वास्तविक पाई जाती हैं, तो कड़ी कार्रवाई करें: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की राज्य पुलिस की अपराध जांच विभाग सीआईडी में पूर्ण फेरबदल के आदेश दिए हैं। दरअसल, पुलिसकर्मियों के एक वर्ग पर भ्रष्ट आचरण और रिश्वतखोरी के आरोप लगे हैं। सीएम ममता ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार को कुछ सीआईडी ??अधिकारियों के खिलाफ प्राप्त 'शिकायतों' पर गौर करने और उनके वास्तविक पाए जाने पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में एक बैठक में कहा, ''मैं सीआईडी में पूर्ण फेरबदल की शुरुआत करूंगी। मैं आपको (कुमार) जिम्मेदारी दे रही हूं... मुझे प्रस्ताव दें और शिकायतों की जांच करें। कभी-कभी झूठी शिकायतें भी दर्ज की जाती हैं।

# हिमाचल सरकार मनाएगी दो साल का जश्न, विक्रमादित्य बोले- मुझे जानकारी नहीं दी गई



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार 11 दिसंबर को दो साल पूरे करने जा रही है। इस उपलक्ष्य में राज्य सरकार बिलासपुर में जश्न मनाएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अधिकारियों की बैठक भी ले चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समारोह की तैयारियों के निर्देश भी दे दिए हैं। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि सुक्खू सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को इस आयोजन की जानकारी तक नहीं है। उनका कहना है कि इसके बारे में उन्हें कोई भी जानकारी नहीं है और इसे लेकर उनसे अभी तक कोई भी बातचीत नहीं हुई है। केवल मीडिया से ही उन्हें अभी तक इस आयोजन की जानकारी मिली है।

विक्रमादित्य सिंह ने गुरूवार को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने का जश्न तो मनाया जाएगा और जो उनकी ओर से सहयोग होगा वह उसे पूरा करेंगे। लेकिन आधिकारिक रूप से इसमें किस तरह से कार्यक्रम होने हैं और क्या होना है, इसको लेकर उन्हें जानकारी नहीं मिल पाई है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के राज्य सरकार पर लगाए गए आरोपों पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वे तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने जो भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं वह साबित करें और प्रदेश की जनता को बताएं कि कहां पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि सूक्खू सरकार में अभी तक न तो मुख्यमंत्री और न ही किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। यदि उनके पास कोई सबूत है तो वो प्रदेश के लोगों के सामने रखें। उन्हें इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा एचपीटीडीसी के घाटे में चल रहे 18 होटलों को बंद करने के आदेश पर कहा कि इसे लेकर कानूनी राय ली जाएगी।

## मुंबई क्राइम ब्रांच का खुलासाः बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मजदूर का मोबाइल हुआ इस्तेमाल

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई क्राइम ब्रांच के द्वारा बाबा सिद्धीकी मर्डर केस में बड़ी कार्रवाई की गई है। पंजाब के फजलिका से पकड़े गए आकाशदीप गिल ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने मुख्य साजिशकर्ताओं के साथ बातचीत करने के लिए एक मजदूर के मोबाइल हॉटस्पॉट का इस्तेमाल किया था। यह तरीका पुलिस से बचने के लिए अपनाया गया था। गिल ने स्वीकार किया कि उसने बालविंदर नामक एक मजदूर के हॉटस्पॉट का इस्तेमाल किया था, जिससे वह ऑफलाइन दिखाई दे रहा था और पुलिस उसकी ट्रैकिंग नहीं कर सकी। क्राइम ब्रांच वर्तमान में गिल का मोबाइल फोन तलाश रही है। इस फोन में महत्वपूर्ण सबूत होने की संभावना है। आकाशदीप गिल को गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई द्वारा रची गई हत्या की साजिश रचने वाली टीम का हिस्सा माना जा रहा है। आपको बता दें कि इससे पहले एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर गोलीबारी के मामले में वांछित गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। वह फिलहाल आयोवा की एक जेल में बंद है।

## 76 वर्षीय महिला चलती ट्रेन से गिरने के बाद भी बची, आरपीएफ ने बेटे से मिलाया

**संबलपुर, एजेंसी।** सुबह संबलपुर के घने जंगल में सन्नाटा पसरा हुआ था, जिसे दूर से पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस की गड़गड़ाहट ने ही तोड़ा. चांद की रोशनी में 76 वर्षीय पार्वती दास ने खुद को अकेली और घायल अवस्था में पाया, वह हाथियों की आवाजाही वाले इलाके में रेलवे ट्रैक पर पड़ी थी. केंद्रपाड़ा जिले की रहने वाली पार्वती अपने बेटे प्रद्युम्न, बहू और पोती के साथ यात्रा कर रही थी. परिवार अहमदाबाद जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ. सुबह करीब 3 बजे, जब हाथी की हरकत के कारण ट्रेन हटीबारी स्टेशन के पास धीमी हुई, तो पार्वती, जो कथित तौर पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है, ट्रेन के दरवाजे पर भटक गई. जब उसका परिवार सो रहा था, तब वह कब फिसलकर पटरियों पर गिर गई, किसी को पता नहीं चला. परिवार को इस संकट के बारे में तब तक पता नहीं चला, जब तक कि बेटा जाग नहीं गया और उसने पाया कि मां गायब है. चब तक ट्रेन 70 किलोमीटर दूर बरगढ़ स्टेशन पर पहुंच चुकी थी. लोगों में दहशत फैल गई. इस बीच, जैसा कि ईश्वर ने चाहा, पार्वती को हटीबारी के पास गश्त कर रहे एक सतर्क ट्रैकमैन ने देखा. उस समय पटरियों पर अकेली खड़ी एक बुजुर्ग महिला पर संदेह होने पर, वह उसकी सहायता के लिए दौड़ा और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचित किया. रायराखोल आरपीएफ अधिकारी एएसआई मनोज कुमार सामल ने बचाव अभियान के बारे में बताया कि ट्रैकमैन ने हमें तुरंत सूचित किया. हम मौके पर पहुंचे, उसके सिर और हाथ में मामूली चोटों के लिए उसे प्राथमिक उपचार दिया. उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि उसे जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए. इस बीच, पार्वती के बेटे प्रद्युम्न ने बरगढ़ में आरपीएफ को उसके लापता होने की सूचना दी. दोनों स्टेशनों के बीच समन्वय के बाद वीडियो कॉल के जरिए बेटे पार्वती की पहचान की गई. इसके बाद उसे आगे के इलाज के लिए संबलपुर जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया. उन्होंने कहा कि जब हमें पता चला कि वह लापता है, तो हम घबरा गए, लेकिन आरपीएफ और सभी लोगों की बदौलत मेरी मां सुरक्षित है. एएसआई सामल ने बताया कि पार्वती के बेटे के अनुसार, वह छह साल से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है और दवा ले रही है.

# यूपी में अगले साल पूरा हो जाएगा निर्माणाधीन चार एक्सप्रेसवे का काम, तेज हुआ कार्य



**लखनऊ , एजेंसी।** सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क यूपी में तैयार हो रहा है। राज्य में निर्माणाधीन चार एक्सप्रेसवे का काम अगले साल पूरा हो जाएगा। इसके जरिए 958 किमी एक्सप्रेसवे नेटवर्क तैयार हो जाएगा। इस तरह एक्सप्रेसवे में यूपी की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगी। यूपी में इस वक्त चार एक्सप्रेसवे चालू हो गए हैं जबकि चार निर्माणाधीन हैं। चार अन्य एक्सप्रेसवे पर काम शुरू होने से पहले की तैयारियां चल रही हैं।

यह चार नए एक्सप्रेसवे चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे -पूर्वांचल एक्सप्रेसवे लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे व गाजीपुर से बलिया लिंक एक्सप्रेसवे हैं। निर्माणाधीन दो एक्सप्रेसवे लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे (63 किमी) व दिल्ली सहारनपुर देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण एनएएचआई करा रहा है। बाकी का निर्माण यूपीडा के जरिए हो रहा है।

औद्योगिक विकास मंत्री गोपाल नंद गोपाल नंदी ने कहा है कि नए एक्सप्रेसवे नेटवर्क के साथ प्रदेश के हर कोने तक विकास पहुंचेगा। दिल्ली-सहारनपुर देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे 210 किमी में बन रहा है। यह दिल्ली से बागपत, शामली सहारनपुर होते हुए देहरादून तक बन रहा है। 14,285 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस एक्सप्रेसवे का पहला खंड पूरा हो चुका है और बाकी हिस्सा अगले साल तीन महीने में बन जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे का का 60 प्रतिशत काम हो गया है। इसे वैसे तो कुंभ मेले तक मुख्य कैरिजवे तैयार कर देने पर काम चल रहा है। पूरा एक्सप्रेसवे अगले साल अप्रैल तक तैयार हो जाएगा। 598 किमी का यह एक्सप्रेसवे यूपी का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे है। मेरठ से प्रयागराज तक एक्सप्रेसवे बनाने के बाद इसे वाराणसी तक बनाया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ तक बनाया जा रहा है। लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे का निर्माण लखनऊ व कानपुर के बीच तेजी से चल रहा है। इसका निर्माण एनएचएआई करवा रहा है। इसे 2025 तक पूरा करने की योजना है। एक्सप्रेसवे बन जाने के बाद लखनऊ से कानपुर 45 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। छह लेन का एक्सप्रेसवे भविष्य में आठ लेन में बन सकता है।

# जम्मू-कश्मीर में हुए सभी घोटालों की जांच होगी, अडाणी रिश्वत मामले पर फारूक अब्दुल्ला का बयान



**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार केंद्र शासित प्रदेश में हुए सभी घोटालों की जांच करेगी, क्योंकि लोग सच जानना चाहते हैं. अमेरिका द्वारा उद्योगपति गौतम अडाणी पर लगाए रिश्वत घोटाले के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री फारूक ने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा, ÷बहुत सी चीजों की जांच धीरे-धीरे की जाएगी और चीजें सामने आएंगी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने जल शक्ति विभाग में 3,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है. लोग इन चीजों के बारे में जानना चाहते हैं.÷ फारूक अब्दुल्ला जल शक्ति विभाग में कथित घोटाले के बारे में टिप्पणी कर रहे थे. दरअसल, पूर्व नौकरशाह अशोक परमार ने विभाग में 3000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था और भारत सरकार और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कथित घोटाले की जांच करने का आग्रह किया था. लेकिन जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल प्रशासन ने आरोपों से इनकार किया था.

फारूक ने कहा कि भारत सरकार को आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए और इसकी जांच करनी चाहिए. उन्होंने कहा, ÷संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग की गई है. मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार इसे (आरोपों को) गंभीरता से लेगी और इसकी जांच करेगी; यह कैसे हुआ और इसके क्या कारण हैं. पहले भी आरोप लगे हैं.÷ उन्होंने कहा कि आरोप बहुत गंभीर हैं.

अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने अरबपति गौतम अडाणी पर सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,100 करोड़ रुपये) से अधिक की रिश्वत देने की योजना का कथित रूप से हिस्सा होने का आरोप लगाया है. हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को निराधार बताया है और कहा है कि सभी संभव कानूनी उपाय किए जाएंगे.

## नेपाल ने भारत के आर्मी चीफ को जनरल की उपाधि से नवाजा, राष्ट्रपति भवन में हुआ भव्य सम्मान



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने 1950 से जारी दशकों पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए यहां राष्ट्रपति भवन (शीतल भवन) में बृहस्पतिवार को आयोजित विशेष समारोह में भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाल सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया। पांच-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जनरल द्विवेदी अपने नेपाली समकक्ष जनरल अशोक सिगडेल के आमंत्रण पर पांच-दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए बुधवार को यहां पहुंचे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने जनरल द्विवेदी को एक तलवार, प्रतीक चिह्न और सम्मान आदेश का प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति विशेष समारोह में उपस्थित थे। नेपाल सेना के सूत्रों ने बताया कि 1950 से भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच जारी संबंधों के तहत एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को जनरल की मानद उपाधि देने की परंपरा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में जनरल द्विवेदी ने यहां नेपाली सेना के मुख्यालय में जनरल सिगडेल से मुलाकात की और दोनों सेनाओं के बीच सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा की। भारतीय दूतावास के सूत्रों ने कहा कि दोनों ने नेपाल और भारत के बीच सैन्य द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय दूतावास ने कहा कि दोनों सेनाओं के बीच चिरस्थायी मित्रता का संकेत देते हुए जनरल द्विवेदी ने काठमांडू में नेपाल सेना मुख्यालय के परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया। इससे पहले सुबह जनरल द्विवेदी ने काठमांडू के टुंडीखेल में सेना मंडप में बीर स्मारक (शहीद स्मारक) पर पुष्पचक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। सेना मुख्यालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। अपनी यात्रा के दौरान द्विवेदी काठमांडू के बाहरी इलाके शिवपुरी में आर्मी स्टाफ कॉलेज का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि उनकी योजना विमान के जरिये पर्वतीय क्षेत्र का भ्रमण करने की भी है।

## आरोप लगने के बाद गेट्स ने वापस लिया अपना नाम, ट्रंप ने पैम बॉन्डी को सौंपी जिम्मेदारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को अमेरिका का नया अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया है. बॉन्डी को मैट गेट्स की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. पेड सेक्स और यौन उत्पीड़न को लेकर चर्चा में आए मैट गेट्स ने अपना नाम वापस ले लिया था. ट्रंप ने एक बयान में कहा कि मुझे फ्लोरिडा राज्य की पूर्व अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को संयुक्त राज्य अमेरिका की अगली अटॉर्नी जनरल के रूप में नियुक्त करने पर गर्व है. उन्होंने बताया कि बॉन्डी ने करीब 20 साल तक अभियोजक के तौर पर काम किया, जिसके दौरान वह हिंसक अपराधियों के खिलाफ़ बहुत सख्त रहीं और फ्लोरिडा के परिवारों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया. उन्होंने कहा कि फिर, फ्लोरिडा की पहली महिला अटॉर्नी जनरल के तौर पर, उन्होंने घातक दवाओं की तस्करी को रोकने और फेंटेनाइल ओवरडोज से होने वाली मौतों की त्रासदी को कम करने के लिए काम किया, जिसने हमारे देश भर में कई परिवारों को तबाह कर दिया है. ट्रंप ने अविश्वसनीय काम करने के लिए बॉन्डी की प्रशंसा की. उन्होंने आरोप लगाया कि न्याय विभाग को उनके और अन्य रिपब्लिकन के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. ट्रंप ने आगे कहा कि पाम डीओजे को अपराध से लड़ने और अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने के अपने इच्छित उद्देश्य पर फिर से केंद्रित करेंगी. मैं पैम को कई सालों से जानता हूं, वह स्मार्ट और सख्त है और एक अमेरिका फर्स्ट फाइटर है, जो अटॉर्नी जनरल के रूप में शानदार काम करेगी. इससे पहले गैट्ज ने विपक्ष और अपने रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटरों दोनों की आलोचना के बाद खुद को नामांकन से वापस ले लिया था. बता दें, कैपिटल हिल में सीनेटरों से मुलाकात के एक दिन बाद उन्होंने यह आश्चर्यजनक घोषणा की. गेट्ज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि वाशिंगटन में अनावश्यक रूप से लंबे समय तक चलने वाले झगड़े पर समय बर्बाद करने का कोई मतलब नहीं है।

### लाइन में खड़े होना जाएं भूल, अब व्हाट्सऐप पर मिलेगा ग्रेटर नोएडा मेट्रो टिकट

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** एक्वा लाइन पर नोएडा-ग्रेनो के बीच चलने वाली मेट्रो में आने वाले दिनों में व्हाट्सऐप से भी टिकट ले सकेंगे। उम्मीद है कि जनवरी तक यह सुविधा लोगों को मिलनी शुरू हो जाएगी। इसको लेकर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने तैयारी शुरू कर दी है। एनएमआरसी सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक मेट्रो का संचालन कर रही है। इस लाइन पर लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसी महीने इस लाइन के सभी 21 स्टेशन पर टोकन वेंडिंग मशीन (टीवीएम) लगा दी गई है। सेक्टर-51 पर 15 मशीनें लगाई गई हैं। पहले एक मशीन लगी थी। इससे काउंटरों पर लगने वाली लंबी लाइन में कमी आ रही है। अधिकारियों का कहना है कि करीब 40 प्रतिशत लोग टिकट लेने के लिए वेंडिंग मशीन की तरफ शिफ्ट हो गए हैं। इस मशीन से सिर्फ ऑनलाइन भुगतान करने की ही सुविधा है।

# भारतीय परिवार की बर्फ में जमने से मौत के मामले में गवाह ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका-कनाडा सीमा पार करते समय बर्फबारी में जमकर मारे गए एक भारतीय परिवार की घटना ने मानव तस्करी के भयावह नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस मामले में भारतीय नागरिक हर्षकुमार रमनलाल पटेल (29) और फ्लोरिडा निवासी स्टीव शैंड (50) के खिलाफ सुनवाई चल रही है। बर्फीले तूफान के बीच अमेरिका-कनाडा सीमा पार करने वाले भारतीय नागरिक ने बताया है कि एक परिवार के चार लोगों की बर्फ में जमने से मौत होने के कुछ ही देर के अंदर वह उनसे अलग हो गया था। भारतीय नागरिक हर्षकुमार रमनलाल पटेल (29) और फ्लोरिडा के निवासी स्टीव शैंड (50) के खिलाफ जारी मुकदमे की सुनवाई के तीसरे दिन बुधवार को यश पटेल (23) नामक व्यक्ति ने यह गवाही दी। अभियोजकों का कहना है कि आरोपियों ने दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 के बीच पांच सप्ताह के दौरान मिनेसोटा में भारतीय प्रवासियों को तस्करी के जरिए सीमा पार कराने के प्रयास के दौरान मानव जीवन के बजाय वित्तीय लाभ को तरजीह दी। अभियोजकों के अनुसार रमनलाल पटेल तस्करी योजना का हिस्सा था और उसने शैंड से वाहन चालक के तौर पर काम लिया था। दोनों व्यक्तियों ने मानव तस्करी से संबंधित चार मामलों में अपना अपराध स्वीकार नहीं किया है। संघीय अभियोजकों का कहना है कि जगदीश पटेल (39) उनकी पत्नी वैशालीबेन (लगभग 30 वर्ष), बेटी विहांगी (11) और बेटे धार्मिक (3) की 19 जनवरी, 2022 को ठंड के कारण मौत हो गई। 'द कैनेडियन प्रेस की खबर के अनुसार यश पटेल (23) ने एक दुभाषिये के माध्यम से गवाही दी कि वह पटेल परिवार से अलग हो गया था। पांच या छह घंटे तक अकेले चलता रहा, जिसके बाद उसे एक वैन मिली, जिसमें उसकी प्रतीक्षा की जा रही थी। अभियोजकों का कहना है कि वह वैन स्टीव शैंड चला रहा था।

## सऊदी अरब ने पाकिस्तानी भिखारियों पर कसा शिकंजा

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के शहरों में पाकिस्तानी भिखारी इतने ज्यादा हो गए कि सरकार के एक्शन लेना पड़ा। बीते दिनों बड़ी संख्या में पाकिस्तानी भिखारियों को देश से निकाल दिया गया। इसके बाद पाकिस्तानी सरकार भी गंभीर हुई है। अब पाकिस्तान की सरकार ने नए नियम लागू करते हुए कहा है कि सऊदी अरब जाने वाले लोगों को लिखकर देना होगा कि वे वहां भीख नहीं मांगेंगे। सऊदी के पवित्र शहरों में उमराह की यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पाकिस्तानी भीख मांगते पाए गए थे। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को सख्त लहजे में कहा था कि उमराह और हज के वीजा पर बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सऊदी अरब जाते हैं और वहां भीख मांगते हैं। ऐसे में इन लोगों पर शिकंजा कसा जाए नहीं तो सऊदी अरब प्रशसन को कड़ा रुख अपनाना पड़ेगा। सऊदी अरब ने इस्लामाबाद के धार्मिक मामलों के मंत्रालय को जानकारी दी थी कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले लोगों पर खास नजर रखी जाए।

सऊदी अरब ने जानकारी दी थी कि कम से कम 4300 भिखारियों की लिस्ट तैयार की गई है जिन्हें भगाने की तैयारी की जा रही है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक अब शहबाज शरीफ की सरकार ने यात्रियों के लिए कई नए नियम लागू किए हैं। एक नियम यह है कि सऊदी अरब की यात्रा से पहले लोगों को एक हलफनामा देना होगा। इसमें शपथ दिलाई जाएगी कि वे वहां भीख नहीं मांगेंगे। इसके अलावा यात्रियों को समूह में यात्रा करनी होगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129